kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-161 ❒ शनिवार, 11 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



जो भी संगठन व पार्टियां अपने संकीर्ण राजनैतिक स्वार्थ के लिए इन वर्गों के दु:खी व पीड़ित लोगों को भड़का कर उन्हें सड़कों पर उतारती हैं, हंगामा व सड़क जाम जैसा बवाल आदि कराती हैं ।

मायावती

बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने बदला उम्मीदवार 11

न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई, दो वारंटी गिरफ्तार, एक की संपत्ति कुर्क 12

### बस्ती को मुख्यमंत्री ने 504.34 करोड़ रुपये की दी सौगात

# रामभक्तों पर गोली चलाने के लिए समाजवादी पार्टी माफी मांगे : योगी

## 77 विकास परियोजनाओं से बदलेगी जिले की सूरत

एजेंसी

बस्ती । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बस्ती के हरैया और कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्रों में 504.34 करोड़ रुपये की 77 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस को सनातन विरोधी करार देते हुए कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने के लिए समाजवादी पार्टी माफी मांगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या के बाद हरैया पहुंचे। यहां विकास की कुल 504.34 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें हरैया विधानसभा में 85.54 करोड़ रुपये की 22 नई परियोजनाओं का शिलान्यास और 275.76 करोड़ रुपये की 30 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जबकि कप्तानगंज विधानसभा में 62.08 करोड़ रुपये की 8 परियोजनाओं का शिलान्यास और 80.96 करोड़ रुपये की पूर्ण हो चुकी 17 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। विकास कार्यों की सौगात देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन विकास कार्यों से हरैया और कप्तानगंज के विकास की गति तेज होगी, क्योंकि वर्ष 2017 से पहले इन दोनों क्षेत्रों को विकास से उपेक्षित रखा गया और किसी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं किया गया लेकिन अब डबल इंजन की सरकार में मूलभूत



❒ हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप करने वाले क्या जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा करा पाएंगे : मुख्यमंत्री योगी

❒ मुख्यमंत्री ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में 432 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

❒ सीएम की बड़ी घोषणा-भरतपुर भरतकुंड नगर पंचायत के नाम से जाना जाएगा भदरसा नगर पंचायत, मां ज्वाला के नाम पर होगी खिरौनी-सुचित्तागंज नगर पंचायत

सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने अपनी सरकार की हर क्षेत्र की उपलब्धियां गिनायीं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को विकास विरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये दोनों राम विरोधी और संविधान विरोधी हैं। इन दलों की जब सरकारें थीं तो गरीबों को लूटा जाता था और विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे। उन्होंने कहा कि ये आज राम मंदिर की बात कर रहे हैं, ये दोनों पार्टियों ने हमेशा राम मंदिर और सनातन धर्म के विरोध में काम किया है। रामभक्तों पर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी को अब माफी मांगनी चाहिए। सपा को कांवड़ यात्रा और पंचकोशी परिक्रमा रोकने के लिए माफी मांगनी चाहिए,लेकिन अब राम राज्य में न तो कांवड़ यात्रा रुकती है और न ही मंदिर का पैसा कब्रिस्तान के निर्माण पर खर्च हो रहा है। उन्होंने कहा कि हरैया और कप्तानगंज में विकास कार्यों के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी भारी धनराशि स्वीकृति की है और सरकार सनातन ● शेष पेज 11 पर

### यूपी में भारी बारिश, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौके पर जाने को दिए निर्देश

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अति वर्षा व आकाशीय बिजली से हुई जनहानि, पशुहानि व आर्थिक हानि का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में जनहानि, पशु हानि व अन्य नुकसान के समाचार आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अति वर्षा, आकाशीय बिजली से हुई जन हानि, पशु हानि व आर्थिक हानि का आंकलन कर 24 घंटे में मुआवजा देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को ● शेष पेज 11 पर

## वंदे मातरम ने देशभक्ति को राष्ट्रीय कर्तव्य बनाया, सरदार पटेल ने राष्ट्र की एकता की नींव रखी : उपराष्ट्रपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि वंदे मातरम् ने मातृभूमि के प्रति प्रेम को पवित्र राष्ट्रीय कर्तव्य में बदल दिया और इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान असंख्य सेनानियों को साहस, त्याग और आशा से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने केवल रियासतों का ही नहीं, बल्कि देशवासियों के दिलों का भी एकीकरण किया और एक राष्ट्र, एक संविधान तथा साझा राष्ट्रीय भविष्य की मजबूत नींव रखी।

उपराष्ट्रपति शुक्रवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी (आईआईएएस), शिमला द्वारा आयोजित



'वंदे मातरम् की यात्रा' पर स्थायी प्रदर्शनी के उद्घाटन तथा 'सरदार पटेल का विजन : एकीकरण, एकजुटता और संघवाद' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को आभासी माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र चेतना का प्रतीक है। इसने देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया और स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज भी यह गीत राष्ट्र के प्रति समर्पण, आत्मगौरव और राष्ट्रीय एकता का प्रेरक स्रोत बना हुआ है। सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने देशी रियासतों का सफलतापूर्वक विलय कर आधुनिक भारत के राजनीतिक और प्रशासनिक एकीकरण को साकार किया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को एक मजबूत और संगठित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सच्ची देशभक्ति केवल शब्दों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि ● शेष पेज 11 पर

## ईडी ने पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

एजेंसी

गुरुग्राम । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ कथित फर्जी मोबाइल निर्यात और धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में गुरुग्राम की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने चार्जशीट में अरोड़ा को कथित फर्जी निर्यात नेटवर्क का मास्टरमाइंड बताते हुए उन पर लगभग 103 करोड़ रुपये के फर्जी आईफोन निर्यात के जरिए सरकारी लाभ और रिफंड हासिल करने का आरोप लगाया है।

ईडी की जांच के मुताबिक, संजीव अरोड़ा ने एक भी आईफोन दुबई नहीं भेजा। करीब 44 हजार मोबाइल फोन का



❒ फर्जी आईफोन निर्यात का मास्टरमाइंड बताया

निर्यात सिर्फ कागजों पर दिखाया गया। इसके लिए फर्जी खरीद बिल, फर्जी निर्यात दस्तावेज और शेल कंपनियों का इस्तेमाल किया ● शेष पेज 11 पर

### भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा को लेकर बड़ा समझौता

नई दिल्ली । भारत और ऑस्ट्रेलिया ने भारत के पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) को लेकर महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता गुरुवार को मेलबर्न में आयोजित तीसरे भारतऽऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ की उपस्थिति में हुआ। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने शुक्रवार को जानकारी दी कि ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए इस समझौते के बाद अब 18 देशों के पेटेंट कार्यालयों को टीकेडीएल तक पहुंच मिल चुकी है। टीकेडीएल की मदद से अबतक दुनिया भर में 375 से अधिक ऐसे पेटेंट आवेदनों को रद्द, अस्वीकार, संशोधित या वापस ● शेष पेज 11 पर

### संक्षेप

#### रेलवे जल्द ही आईआरसीटीसी वेबसाइट का बीटा संस्करण लॉन्च करेगा, टिकट बुकिंग होगी अधिक आसान और तेज

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे जल्द ही भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की नई बीटा वेबसाइट लॉन्च करने जा रहा है। नई वेबसाइट में टिकट बुकिंग प्रक्रिया को पहले की तुलना में अधिक सरल, तेज और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया गया है। इसके साथ ही पैसेंजर रिजर्वेशन इंजन का भी व्यापक आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिसके पूरा होने के बाद नया आईआरसीटीसी पोर्टल अगले कुछ महीनों में पूरी तरह कार्यशील हो जाएगा। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि आईआरसीटीसी और रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) के अधिकारियों ने जयपुर स्थित मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के विद्यार्थियों के साथ नई बीटा वेबसाइट का परीक्षण किया और इसके संबंध में सुझाव प्राप्त किए। कुछ सप्ताह पहले इन्हीं विद्यार्थियों ने आईआरसीटीसी वेबसाइट की कमियों की ओर ध्यान आकर्षित किया था, जिसके बाद वेबसाइट को नए स्वरूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। रेलवे के अनुसार, नई बीटा वेबसाइट में चार प्रमुख सुधार किए गए हैं। इसमें अनावश्यक कैप्चा, पॉप-अप और ध्यान भटकाने वाले ग्राफिक्स हटाए गए हैं। सभी श्रेणियों में सीट उपलब्धता एक साथ दिखाई देगी।

#### हरित क्रांति की ओर कदम: प्रधानमंत्री 17 जुलाई को करेंगे जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

जींद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन तथा जींद और नरवाना के नवनिर्मित अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर के साथ भारत हाइड्रोजन ट्रेन संचालित करने वाला दुनिया का पांचवां देश बन जाएगा। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित यह ट्रेन पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन में 8 कोच होंगे। इसे चेन्नई की 'इंटीग्रल कोच फैक्टरी' में तैयार किया गया है, जो हाईड्रोजन से चलती है।

## उप्र में 20 आईएएस अफसरों का तबादला

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार देर रात को 20 आईएएस अफसरों के स्थानांतरण किया है। इनमें सचिव और विशेष सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा बलिया, आजमगढ़, और इटावा जिले मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शामिल है।

तबादले के क्रम में सुधा वर्मा को सचिव राजस्व से श्रमायुक्त बनाया गया है। डा. सारिका मोहन को महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा से महानिरीक्षक निबंधन, नेहा शर्मा महानिरीक्षक निबंधन से महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा, अरुण कुमार अपर महानिदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म से मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन बनाए गया हैं।

वहीं, जे रीभा को विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म के वर्तमान पद के साथ अपर निदेशक का प्रभार सौंपा गया है। दीपा रंजन




को मिशन निदेशक राज्य आजीविका मिशन से विशेष सचिव संस्कृति विभाग, संजय कुमार प्रथम को विशेष सचिव संस्कृति एवं निदेशक धर्मार्थ कार्य को विशेष सचिव संस्कृति के प्रभार से कार्यमुक्त उन्हें निदेशक संस्कृति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विशाल सिंह को विशेष सचिव सस्कृति, निदेशक सूचना एवं निदेशक संस्कृति विभाग से विशेष सचिव संस्कृति तथा निदेशक संस्कृति के प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है। इसी तरह संदीप भागिया अपर आयुक्त राज्य कर गौतमबुद्धनगर तथा अपर आयुक्त राज्य कर गाजियाबाद ● शेष पेज 11 पर

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर कांग्रेस के आरोपों पर शांता कुमार का पलटवार, बोले- भाजपा को बदनाम करने की कोशिश

शिमला । राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार द्वारा यह कहना कि राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी भाजपा की सोची-समझी साजिश है, पूरी तरह निराधार और राजनीतिक आरोप है। शांता कुमार ने शुक्रवार को एक जारी बयान में कहा कि कांग्रेस ने 14 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में राम मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन कर इस कथित घोटाले के विरोध का ऐलान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव सहित विपक्ष के कई नेता भी इस मामले में भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में कुछ लोगों की संलिप्तता सामने आई है, आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और उच्च स्तर पर निष्पक्ष जांच जारी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

## सेनाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जनरल धीरज सेठ ने उत्तरी सीमा पर देखी ऑपरेशनल तैयारी

नई दिल्ली । सेनाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जनरल धीरज सेठ ने 07 से 09 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार नॉर्दर्न कमांड का दौरा किया। तीन दिन के दौरे के दौरान उन्होंने मौजूदा सुरक्षा स्थिति, ऑपरेशनल तैयारी और लाइन ऑफ कंट्रोल और अंदरूनी इलाकों में तैनात जवानों से मिलकर लड़ाई की तैयारियों को देखा। उन्होंने चिनार कॉर्प्स हेडक्वार्टर, कश्मीर घाटी में फॉर्मेशन, व्हाइट नाइट कॉर्प्स हेडक्वार्टर और जम्मू क्षेत्र के फॉरवर्ड इलाकों का दौरा किया।

श्रीनगर में जनरल धीरज सेठ को नॉर्दर्न कमांड के ऑपरेशनल नजरिए और चिनार कॉर्प्स की ऑपरेशनल तैयारी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर और मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग स्टेक होल्डर्स से बातचीत की और केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा, स्थिरता और तालमेल से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। चिनार कॉर्प्स हेडक्वार्टर में उन्होंने ऑपरेशनल



❒ एलओसी पर तैनात जवानों से मुलाकात में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी ली

तैनाती, आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन, अंतर-एजेंसी तालमेल, बदलते सुरक्षा गतिशीलता और चल रही अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने ऑपरेशन्स के पूरे परिदृश्य में प्रौद्योगिकी अवशोषण, क्षमता वृद्धि और एकीकृत युद्ध तैयारी की पहलों का भी रिव्यू किया।

जनरल धीरज सेठ ने कुपवाड़ा, उरी और मानसबल में फॉर्मेशन्स का भी दौरा किया, जहां उन्हें सुरक्षा स्थिति, आतंकवाद विरोधी ग्रिड, निगरानी संरचना, क्षेत्र में नवाचार और परिचालन तैयारी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और मुश्किल हालात में शांति और स्थिरता बनाए रखने में उनके प्रोफ़ेशनलिज्म, डेडिकेशन और पक्के कमिटमेंट की तारीफ की। इस दौरान जनरल धीरज सेठ ने स्वदेशी टेक्नोलॉजी दिखाने वाला एक इनोवेशन डिस्प्ले भी देखा। उन्होंने प्रौद्योगिकी अवशोषण, नवाचार और क्षमता वृद्धि पर फोकस की तारीफ की। उन्होंने ऑपरेशनल इफ़ेक्टिवनेस बढ़ाने के लिए नई टेक्नोलॉजी को अपनाने की जरूरत पर ज़ोर दिया। इसके बाद सेना प्रमुख ने हेडक्वार्टर व्हाइट नाइट कॉर्प्स और पुंछ, राजौरी और सुंदरबनी में लाइन ऑफ कंट्रोल के साथ फॉरवर्ड एरिया का दौरा किया। उन्होंने लाइन ऑफ कंट्रोल के साथ मौजूदा सिक्योरिटी डायनामिक्स, काउंटर-टेररिस्ट ग्रिड, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इस इलाके में फॉर्मेशन्स की इंटीग्रेटेड कॉम्बैट रेडीनेस का रिव्यू किया। उन्होंने भारत के पहले गांवों में लोगों पर केंद्रित पहल के जरिए समुदायों ● शेष पेज 11 पर

# मोदी और अल्बनीज़ ने भारत-ऑस्ट्रेलिया खेल सहयोग रोडमैप जारी किया

एजेंसी

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड का दौरा किया और दोनों देशों के बीच खेल में सहयोग बढ़ाने के लिए खेल सहयोग रोड मैप जारी किया।

इस अवसर पर विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिंटा एलन भी मौजूद थी। तीनों नेताओं ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत.ऑस्ट्रेलिया खेल संबंधों के उत्सव के अवसर पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में स्टीव वॉ तथा लीसा स्थालेकर सहित ऑस्ट्रेलिया के अनेक प्रसिद्ध खेल दिग्गज उपस्थित थे। इस यात्रा ने भारत.ऑस्ट्रेलिया व्यापक सामरिक साझेदारी के प्रमुख आधारों के रूप में खेलए सांस्कृतिक आदान.प्रदान और लोगों के बीच परस्पर संबंधों के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से भारत.ऑस्ट्रेलिया खेल सहयोग रोडमैप



जारी कियाए जो खेल प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माणए खेल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा खेल उद्योग एवं निवेश के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देगा।। इसका उद्देश्य भारत.ऑस्ट्रेलिया युवा खेल महोत्सव का आयोजन करना भी है। दोनों नेताओं ने खेल के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते सहयोग का स्वागत किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने लोगों को एकजुट करने में खेलों की विशिष्ट भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि यह रोडमैप दोनों देशों को अपनी खेल साझेदारी में विविधता लाने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया को बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया अंतरराष्ट्रीय खेलों के एक महत्वपूर्ण दशक में साथ.साथ प्रवेश कर रहे हैंए जिसमें भारत 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और ऑस्ट्रेलिया 2032 में ब्रिस्बेन ओलंपिक की मेजबानी करेगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ये घटनाक्रम खेल तथा उससे संबंधित उद्योगों में दोनों देशों के बीच अधिक घनिष्ठ द्विपक्षीय सहयोग के स्वाभाविक अवसर प्रदान करते हैं। यात्रा के दौरान नेताओं ने कबड्डीए ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल और क्रिकेट के प्रदर्शनी मुकाबलों में भाग ले रहे युवा खिलाड़ियों के साथ संवाद किया।

इस यात्रा ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जीवंत खेल संबंधों तथा जन.से.जन संपर्कों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया।

## हमलों से दहला दक्षिणी ईरान, बुशहर परमाणु ऊर्ज़ा संयंत्र के पास शक्तिशाली विस्फोट

एजेंसी

तेहरान/वाशिंगटन । होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ी वर्चस्व की लड़ाई से खाड़ी देशों तक बारूदी सुरंग फैल चुकी है। भीषण संग्राम के बीच ईरान का बुशहर परमाणु ऊर्ज़ा संयंत्र धमाकों से दहल उठा है। अमेरिका ने दक्षिणी ईरान पर हुए ताजा हमलों में हाथ होने से इनकार किया है। इससे पहले 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल की एकीकृत सैन्य कार्रवाई के ठीक एक माह बाद 28 मार्च को ईरान के इस संयंत्र को निशाना बनाया जा चुका है।

ईरान का यह एकमात्र और पहला चालू परमाणु ऊर्ज़ा संयंत्र है। यह फारस की खाड़ी के तट पर दक्षिणी ईरान के बुशहर शहर के पास स्थित है। हालिया संघर्ष के दौरान इसके आसपास के क्षेत्रों में मिसाइलें और प्रोजेक्टाइल गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। इसे 1970 के दशक में जर्मन कंपनियों ने बनाना शुरू किया था। बाद में इसे रूस के सहयोग से पूरा किया गया। यहां का पहला रिएक्टर (यूनिट-1) लगभग 1000 मेगावॉट बिजली राष्ट्रीय ग्रिड को



प्रदान करता है। ताजा विस्फोट से व्यापक रेडियोधर्मी रिसाव का खतरा बढ़ गया है।

अल जजीरा और एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी ईरान के रणनीतिक इलाकों में एक के बाद एक कई जोरदार धमाकों ने पूरी दुनिया की सांसें अटका दी हैं। स्थानीय मीडिया और ईरानी अधिकारियों का दावा है कि बुशहर संयंत्र के बेहद नजदीकी सुरक्षा घेरे के साथ चोगादक सैन्य अड्डे और तटीय इलाकों को निशाना बनाया गया है। अब तक किसी ने भी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। ना ही ईरान ने किसी पर आरोप मढ़ा है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन हर हाल में ईरान के साथ बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है। तेहरान के साथ तकनीकी बातचीत ● शेष पेज 11 पर

# पंचायती राज विभाग प्रारम्भ करेगा ''मेरी पंचायत : हरित पंचायत'' अभियान

❒ अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को केवल वृक्षारोपण तक सीमित न रखते हुए पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, स्वच्छता तथा सतत विकास का सशक्त केंद्र बनाना है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। प्रदेश में 12 जुलाई, 2026 से वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026 का शुभारम्भ किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत प्रदेश की 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में 1.42 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पंचायती राज विभाग द्वारा 12 जुलाई से प्रदेशव्यापी ''मेरी पंचायत : हरित पंचायत'' अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को केवल वृक्षारोपण तक सीमित न रखते हुए पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, स्वच्छता तथा सतत विकास का सशक्त केंद्र बनाना है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को ग्राम पंचायतों के विकास एजेंडा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा। ग्राम सभाओं में स्थानीय स्तर पर चारागाहों, तालाबों, अमृत सरोवरों, वेटलैंड क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का चिन्हांकन करते हुए व्यापक वृक्षारोपण की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना में हरित विकास से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। अभियान के तहत पंचायत भवनों, विद्यालयों, सामुदायिक परिसरों, सड़क किनारों, तालाबों, अमृत सरोवरों, चारागाहों तथा अन्य उपलब्ध सार्वजनिक भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, सहजन एवं विभिन्न फलदार प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नर्सरियों का चिन्हांकन किया जाएगा तथा रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड, नियमित सिंचाई एवं उनकी जीवित रहने की स्थिति का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत ''एक पेड़ माँ के नाम'' जैसे जनभागीदारी आधारित अभियानों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, महिला समूहों, युवाओं, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता से वृक्षारोपण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया जाएगा। साथ ही रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण को सामुदायिक उत्तरदायित्व के रूप में विकसित किया जाएगा। ''मेरी पंचायत : हरित पंचायत'' अभियान केवल वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्राम पंचायतों में हरित एवं सतत विकास की व्यापक अवधारणा पर आधारित अभियान है।

# एआरटीओ की कार्रवाई से कोरांव में हड़कंप, दो स्कूल पिकअप का 35 हजार का चालान

❒ 15 जुलाई तक चलेगा अभियान, विवादों से भी रहा है नाता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव, प्रयागराज। परिवहन विभाग की कार्रवाई से कोरांव क्षेत्र में हड़कंप मचा है। एआरटीओ प्रशासन विवेक शुक्ला लगातार वाहनों का निरीक्षण कर कार्रवाई कर रहे हैं। शुक्रवार को भी उन्होंने 2 पिकअप वाहनों को पकड़ा जिनमें स्कूली बच्चे बैठे थे। दोनों वाहनों को थाना कोरांव लाया गया।

एक वाहन का 14 हजार और दूसरे का 21 हजार का चालान किया गया। वहीं एक वाहन को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया गया। दो वाहनों का चालान जमा होने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

एआरटीओ ने बताया कि अभी तक कुल 12 चालान किए जा चुके हैं। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा।

### विवादों से जुड़ा है नाम

एआरटीओ विवेक शुक्ला पहले भी विवादों में रहे हैं। वर्ष 2024 में चित्रकूट के राजापुर क्षेत्र में लोगों ने इनके साथ मारपीट की थी। आरोप था कि अवैध वसूली की जा रही थी। 2022 में मिर्जापुर में ट्रक मालिकों की शिकायत पर इन्हें निलंबित किया गया था। इट्टा का आरोप था कि बिना जांच के कार्रवाई हुई। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली और कोर्ट के आदेश पर बहाल हुए। क्षेत्र में कार्रवाई को लेकर आक्रोश है। कुछ वाहन स्वामियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि सिर्फ खानापूर्ति के लिए चालान किए जा रहे हैं। साथ ही प्राइवेट लोगों से अवैध वसूली कराई जा रही है। स्कूल प्रबंधकों का कहना है कि लगातार कार्रवाई से बच्चे समय से स्कूल नहीं पहुंच पा रहे। कुछ प्रबंधक विधायक से शिकायत की तैयारी में हैं। इस संबंध में इट्टा विवेक शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोई प्राइवेट कर्मचारी साथ नहीं चलता। केवल अनुबंधित कर्मचारी ही साथ हैं। नेम प्लेट न लगाने वाले कर्मियों पर बात की जाएगी।

## रज्जू भय्या विश्वविद्यालय में मनाया गया वनोत्सव, कुलपति ने किया पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा स्वच्छ वातावरण के उद्देश्य से प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय में शुक्रवार को वनोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर *माननीय कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह* एवं कार्य परिषद् के सम्मानित सदस्यगणों ने परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण, शिक्षकगण, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उद्यान प्रभारी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। विश्वविद्यालय भी हरित परिसर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव पर शनिवार को कोरांव में होंगे धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम

**कोराव प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता** । पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को कोरांव क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की जानकारी *माननीय मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' जी के प्रतिनिधि अनिल कुमार केसरवानी ''झल्लर'' एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा पंकज केशरी ने संयुक्त रूप से दी। कार्यक्रम के तहत प्रातः 7:00 बजे - महुली सुरेंद्र कुमार केशरी एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्रा के संयोजन में सुंदरकांड पाठ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम के मनोनीत पार्षद दिलीप कुमार केसरवानी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पंकज केशरी उपस्थित रहेगें। प्रातः 8:00 बजे - संस्कृत पाठशाला, कोरांव निवर्तमान चेयरमैन नरसिंह केशरी ''गोपाल जी'' के नेतृत्व में नर्वदेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन। **कोरांव चौराहा - ओंकारनाथ सर्राफ के आवास**-अजय कुमार केशरी ''सर्राफ''* के संयोजन में साड़ी वितरण एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कोरांव राजमणि कोल और विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार केसरवानी ''झल्लर'' रहेगे। इसी तरह बड़ोखर सत्यम केशरी ''प्रधान प्रत्याशी'' के आयोजन में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल कुमार केसरवानी ''झल्लर'' विशिष्ट अतिथिः* नरसिंह केशरी ''गोपाल जी'', पंकज केशरी, दोपहर 2:00 बजे - कोहड़ार संजय कुमार केसरवानी ''पप्पू केशरी''* के संयोजन में कार्यक्रम। मुख्य अतिथिः* राजू द्विवेदी ''मण्डल अध्यक्ष''विशिष्ट अतिथिः पंकज केशरी रहेगें। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## थावर गांव में सांसद आर.के. चौधरी के साथ पदयात्रा



**काकोरी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के काकोरी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा थावर में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पदयात्रा एवं जनसंपर्क अभियान में सांसद आर.के. चौधरी के साथ वरिष्ठ समाजवादी नेता रोमेश कुमार गौतम ने सहभागिता की। इस दौरान क्षेत्र के लोगों से घर-घर संपर्क कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदयात्रा में श्री दशरथ यादव, श्री रामनारायण रावत, श्री सौरभ सोनवानी, ग्राम प्रधान श्री राम सिंह यादव, बीडीसी श्री राजेश कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर सांसद आर.के. चौधरी एवं रोमेश कुमार गौतम ने समाजवादी पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों तथा पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की सामाजिक भागीदारी एवं मजबूती पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग की आवाज़ बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। नेताओं ने क्षेत्र की जनता से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने तथा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश की जनता विकास, सामाजिक न्याय और जनहित की राजनीति के पक्ष में अपना समर्थन देकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करेगी। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर मिलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया।

## खाद्य विभाग की टीम ने की छापेमारी

**हमीरपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मिलावटी खाद्य तेल बिक्री किए जाने की शिकायत पर एसडीएम सदर ने खाद्य विभाग की टीम के साथ नदेहरा में छापा मारकर एक चक्की से तेल के नमूने लेकर जांच के लिए भेजें है। नदेहरा गांव निवासी वारिश खान गांव में ही चक्की स्पेशलर लगाकर आटा एवं खाद्य तेल का कारोबार करता है। शुक्रवार को दोपहर बाद एसडीएम सदर ने खाद्य विभाग की टीम के साथ छापा मारकर तेल के नमूने लेकर जांच के लिए भेजें है। एसडीएम सदर अभिषेक कुमार ने बताया कि नदेहरा गांव निवासी वारिस खान घर पर ही आटा चक्की संचालित करके आटा एवं खाद्य तेल की बिक्री करता है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद वह खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम के साथ गांव पहुंचे और चक्की में छापा मारकर पाम आयल एवं सरसों तेल के नमूने को लेकर जांच के लिए भेजे हैं। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ.गौरी शंकर ने बताया कि मिलावट की आशंका पर नमूने जांच के लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय अंडर-18 वॉलीबॉल टीम में चयनित हुए कुशल सिंह 'तरंग', चीन में लहराएंगे अयोध्या का परचम

**अयोध्या,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । अयोध्या जिले के लिए गर्व की बात है कि हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम मलेथू खुर्द निवासी कुशल सिंह उर्फ 'तरंग', पुत्र शंभूनाथ सिंह, का भारतीय अंडर-18 राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम में चयन हुआ है। वह चीन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता (असम कप/यू-18 प्रतियोगिता) में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चीन रवाना हो गए हैं। कुशल सिंह का राष्ट्रीय टीम में चयन उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिणाम है। हाल ही में राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें भारतीय टीम में स्थान मिला है, जिसके बाद क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। भारतीय अंडर-18 टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची में भी उनका नाम शामिल है। कुशल की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे मलेथू खुर्द, हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर तथा जनपद अयोध्या का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। उनके चीन रवाना होने की खबर मिलते ही क्षेत्रवासियों, खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# नगर अध्यक्ष ने किया कोरांव के वार्डों का निरीक्षण, विकास कार्यों का लिया जायजा

❒ शास्त्री नगर की कच्ची सड़क को लेकर लोगों ने जताई नाराजगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोराव, प्रयागराज। नगर पंचायत कोरांव के नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने शुक्रवार को विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर जनसुविधाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे सड़क, नाली और पेयजल पाइपलाइन निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया।

नगर अध्यक्ष ने आगामी विकास योजनाओं के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों की रूपरेखा देखी और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास और हर नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना ही हमारा मुख्य संकल्प है।

### कच्ची सड़क से परेशान लोग

शास्त्री नगर मोहल्ला के स्थानीय लोगों की नगर अध्यक्ष से मांग है कि मुर्तुजा हुसैन के घर से केशव कुशवाहा के घर तक लगभग 350 मीटर कच्चा रास्ता है। बरसात में यहां कीचड़ और गंदगी के कारण आवागमन दूभर हो जाता है। पिछले साल बारिश में एक महिला ने अपने निजी खर्च से कुछ दूरी तक गिट्टी-मिट्टी डलवाई थी। लोगों का कहना है कि इस संबंध में जनसुनवाई, पीजी पोर्टल और एडीएम वित्त एवं राजस्व को भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक सड़क का कायाकल्प नहीं हुआ। नगर अध्यक्ष ने समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रस्ताव बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# रहीमाबाद में 4 साल की मासूम बच्ची को अगवा कर तालाब किनारे दरिंदगी, हैवान गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रहीमाबाद, लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली एक खौफनाक वारदात सामने आई है, जहां एक दरिंदे ने महज 4 साल की मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बना डाला। रात के अंधेरे में घर के बाहर से बहला-फुसलाकर अगवा की गई मासूम के साथ गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर एक सुनसान तालाब के किनारे हैवानियत की गई। हालांकि, ग्रामीणों और पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए महज 6 घंटे के भीतर न सिर्फ मासूम को सकुशल बरामद किया, बल्कि आरोपी को भी दबोच लिया। बीती रात पीड़िता की मां ने रहीमाबाद थाने में रोते-बिलखते हुए तहरीर दी कि रात करीब 10 बजे वह किसी काम से घर के बाहर गई थी। जब वह वापस लौटी उनकी 4 साल की मासूम बेटी घर से गायब थी। यह देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई, आनन फानन में तलाश शुरू हुई तो पता चला कि पड़ोस के गांव का रहने वाला शातिर अपराधी अमित उर्फ रजनीश उर्फ कृष्णा बच्ची को अपने साथ ले गया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तुरंत भारी पुलिस बल और टीमों का गठन कर मासूम की तलाश शुरू की गई। महज़ चंद घंटों के भीतर ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से बच्ची को उमरावल गांव के पास एक सुनसान तालाब किनारे से हैवान युवक को नग्न अवस्था मे हिरासत में लेकर मासूम बच्ची सकुशल बरामद कर लिया। जिस तरह से हैवान नें मासूम को इतनी दूर तालाब के किनारे ले जाकर घटना को अंजाम दिया है उससे यह आशंका जताई जा रही है कि घटना के बाद वह मासूम की हत्या कर सकता था। क्योंकि आरोपी अमित उर्फ रजनीश कोई आम अपराधी नहीं है उसपर चोरी, मारपीट, महिलाओं से छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट और गुंडा एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने पीड़ित बच्ची को तुरंत मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## मवेशी चराने गई बालिका की गड्ढे में डूबने मौत

बांदा । उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में मवेशी चराने गई बालिका पैर फिसल जाने से गढ्डे में गिर गई, जिससे उसकी डूब कर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के बिसंडी गांव निवासी मनोज वर्मा ने बताया कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री प्रिया शुक्रवार दोपहर अपनी नानी कमला देवी के साथ मवेशी चराने खेत गई थी।


**आवश्यकता है**

माँ शान्ति देवी विधि महाविद्यालय
गाढ़ा , अमिलिया, कोरॉव, प्रयागराज
प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भईया) राज्य विश्व विद्यालय, प्रयागराज से सम्बद्ध एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु) में 6 सहायक आचार्यों की आवश्यकता है।
**सम्पर्क-गाढ़ा अमिलिया कोरॉव, प्रयागराज**
प्रबंधकः
लालजी सिंह
मोबाइलः 9936138480


## जलभराव से निपटने को नगर निगम अलर्ट, 24 घंटे चलेगा कंट्रोल रूम

अयोध्या। मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से नगरवासियों को त्वरित राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की है। शुक्रवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया।महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता बरसात के दौरान शहर को जलभराव मुक्त रखना है। इसके लिए सभी जोन में टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। कहीं भी जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई कर जलनिकासी की व्यवस्था कराई जाएगी, जिससे आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें **सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 106-टेली/टेंडर/16/2026-27 | | |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत अयोध्या धाम, वाराणसी, जौनपुर और जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशनों पर लगे इंटीग्रेटेड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम- मेकः आई.डी.डी.एस. की मरम्मत और व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सी.ए.एम.सी.)-तीन वर्षों का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,34,56,827.76 | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹2,69,100/- | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 30.07.2026, 15:30 Hrs. | | |
| वेबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | | |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सूचना सं.: 106-टेली/टेंडर/16/2026-27**
**दिनांकः 09.07.2026** 2378/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# रज्जू भय्या विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित

❒ 250 छात्राओं का हुआ परीक्षण, रिपोर्ट माँ के साथ साझा की जाएगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज । प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय में 16 जुलाई को प्रस्तावित नवम् दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित ''दीक्षोत्सव श्रृंखला'' के अंतर्गत छात्राओं के लिए त्रिदिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 08 से 10 जुलाई तक चला।

आगामी ''माँ-बेटी सम्मेलन'' की पूर्व तैयारी के रूप में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं के समग्र स्वास्थ्य का मूल्यांकन करना और उनमें स्वास्थ्य जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास का आधार स्वस्थ एवं शिक्षित युवा शक्ति है। स्वस्थ शरीर और मन ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला हैं। विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि छात्रों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति भी संवेदनशील है।कुलसचिव प्रो. विनीता यादव* ने कहा कि छात्राओं का उत्तम स्वास्थ्य ही उनके शैक्षणिक प्रदर्शन और आत्मनिर्भर भविष्य की नींव है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक छात्रा की स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट उसकी माँ के साथ साझा की जाएगी।

## महाराष्ट्र से लापता युवक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मझगवां थाना पुलिस ने महाराष्ट्र से लापता मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया। बेटे को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने हमीरपुर पुलिस का आभार जताया। थानाध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने शुक्रवार को बताया कि यूपी डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक मझगवां क्षेत्र में भटक रहा है। सूचना पर थानाध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने युवक को संरक्षण में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम महाराष्ट्र के ग्राम सौलगवन निवासी करन बताया। थाना मौजपुरी पुलिस से संपर्क करने पर पता चला कि युवक की मां गंगूबाई पाटुरे ने एक जुलाई को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। शुक्रवार को युवक की मां और भाई थाना मझगवां पहुंचे, जहां आवश्यक सत्यापन और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद युवक को उनके सुपुर्द कर दिया गया। बेटे और भाई को सकुशल पाकर परिजनों ने मझगवां पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और कार्यशैली की सराहना की। इस सराहनीय कार्य में थानाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, कांस्टेबल आशीष मिश्रा और कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह की प्रमुख भूमिका रही है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **03.08.2026 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 00662026 दिनांक 10.07.2026 |
| निविदा संख्या | 1. 06-Sr-DEN-V-LKO-2026-27<br>2. 07-Sr-DEN-V-LKO-2026-27<br>3. 08-Sr-DEN-V-LKO-2026-27<br>4. 09-Sr-DEN-V-LKO-2026-27 |
| कार्य का नाम | 1. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN-II/LKO सेक्शन के महत्वपूर्ण पुल नंबर 110 पर रिटेनिंग वॉल, तटबंध में अर्थवर्क, स्टोन पिचिंग (नदी प्रशिक्षण कार्यों के रूप में) और जैकेटिंग का काम। (प्रा.सं. 142-2026)।<br>2. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN-II/LKO सेक्शन के अंतर्गत उन्नाव यार्ड में ROB 94A का पुनर्वास। (प्रा.सं. 165-2026)।<br>3. Sr.DEN-V/LKO के अंतर्गत स्टेशनों पर नॉन-पैसेंजर रनिंग लूप लाइन के लिए स्क्रीनिंग और अन्य ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के साथ बैलास्ट की भरपाई का काम। (प्रा.सं. 84-2026)।<br>4. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN/AYC के अंतर्गत अयोध्या धाम स्टेशन पर पुरुष और महिला बैरक (स्टाफ बैरक) का निर्माण कार्य। (प्रा.सं. 138-2026)। |
| अनुमानित लागत | 1. रु. 25833807.66 2. रु. 14017819.51<br>3. रु. 10242365.49 4. रु. 29115729.42 |
| धरोहर राशि | 1. रु. 516700.00 2. रु. 280400.00<br>3. रु. 204900.00 4. रु. 582300.00 |
| कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 4 के लिए स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह।<br>2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह।<br>3. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 09 माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 20.07.2026 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 03.08.2026 को 15:00 बजे |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2383/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 03.08.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00652026 दिनांक 10.07.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 05-Sr.DEN-II-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | Sr.DEN-II/LKO के अंतर्गत पुल संख्या 490, 371, 484, 529, 545A, 429A, 564 पर 37 और 592 स्टील चैनल स्लीपरों को H-Beam स्टील स्लीपरों से बदलना। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 1,95,70,122.10 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 3,91,400.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 08 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 20.07.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 03.08.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोट** : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2373/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई- ऑक्शन सुचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | Ctg-2026-12 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall & Refreshment Room at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 29-06-2026 |
| Auction Start (All Lots) | 14-07-2026 at 11:00 hrs |
| Auction close Date/Time | 14-07-2026 at 11:40 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PHAPHAMAU | Catg-LKO-PFM-GMU-99-24-1 | RR (refreshment room) | 14-07-2026 at 11:30 hrs | GMU | |
| 2 | BACHHRAWN | Catg-LKO-BCN-SMU-98-24-1 | BCN/PF-2/5/ADDL | 14-07-2026 at 11:40 hrs | SMU | SC |

2354/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अलीगंज अग्निकांड वाले भवन का पन्द्रह दिनों में होगा ध्वस्तीकरण, एलडीए ने जारी किया आदेश

❒ विहित प्राधिकारी न्यायालय ने भवन को अवैध घोषित करते हुए भवन स्वामियों को 15 दिन के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । अलीगंज सेक्टर-डी स्थित उस व्यावसायिक भवन के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया है, जिसमें हाल ही में अग्निकांड हुआ था।

विहित प्राधिकारी न्यायालय ने भवन को अवैध घोषित करते हुए भवन स्वामियों को 15 दिन के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर एलडीए स्वयं भवन को ध्वस्त करेगा और कार्रवाई में आने वाला पूरा खर्च संबंधित पक्षों से वसूलेगा।

एलडीए के अनुसार, सेक्टर-डी स्थित भूखंड संख्या एमएस-102 पर वीरेन्द्र शुक्ला, सुरेन्द्र शुक्ला व अन्य द्वारा बिना वैध स्वीकृति के व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया गया था। इस संबंध में 23 जून 2026 को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम की धारा 27(1) के तहत नोटिस जारी कर निर्माण की वैधता के साक्ष्य 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस भवन पर चस्पा करने के साथ उसकी प्रति विपक्षियों को जेल में भी उपलब्ध कराई गई थी। मामले की पहली सुनवाई 7 जुलाई को हुई। विपक्षियों के अधिवक्ता के अनुरोध पर आपत्ति दाखिल करने के लिए एक दिन का समय दिया गया। 8 जुलाई को आपत्ति दाखिल की गई, जिस पर प्रवर्तन जोन-4 ने अपना जवाब न्यायालय में प्रस्तुत किया। 9 जुलाई को विहित प्राधिकारी न्यायालय ने सभी तथ्यों और अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद निर्णय सुरक्षित रखा। शुक्रवार को न्यायालय ने व्यावसायिक निर्माण को अवैध घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर दिया। आदेश जारी होने के तुरंत बाद प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और भवन पर ध्वस्तीकरण आदेश की प्रति चस्पा कर दी। एलडीए अधिकारियों का कहना है कि यदि निर्धारित 15 दिन की अवधि के भीतर अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो प्राधिकरण नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा और उसका समस्त खर्च भवन स्वामियों से वसूला जाएगा।

# हरित पर्यटन' बने उत्तर प्रदेश की नई पहचानः अमृत अभिजात

❒ योगी सरकार के पौधरोपण महाअभियान में पर्यटन विभाग की बड़ी भागीदारी, 12 जुलाई को लगाए जाएंगे एक लाख पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 12 जुलाई को होने वाले 35 करोड़ पौधरोपण महाअभियान में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग भी हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूती देगा। विभाग 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' के तहत अपने प्रमुख पर्यटन स्थलों और परियोजनाओं पर करीब एक लाख पौधे लगाएगा। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने इस संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि 'अभियान की निगरानी उच्च स्तर से होगी, ताकि पर्यटन स्थलों को पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का नया स्वरूप मिल सके।'

शुक्रवार देर शाम अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने सभी क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालयों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में



महानिदेशक पर्यटन डॉ. वेदपति मिश्र, विशेष सचिव पर्यटन मृदुल चौधरी, निदेशक (ईको टूरिज्म) पुष्प कुमार के0 सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**औपचारिकता नहीं संकल्प**

अपर मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग की सभी कार्यदायी संस्थाओं और क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारियों को अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'प्रत्येक पर्यटन परियोजना स्थल पर निर्धारित समय के भीतर व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराया जाए। साथ ही पौधरोपण को महज औपचारिक अभियान न मानते हुए पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण और हरित विरासत के स्थायी संकल्प से जोड़कर प्रभावी ढंग से क्रियानवित किए जाएं।'

**थीम आधारित हरित वाटिकाएं**

उन्होंने बताया कि 'महाअभियान के तहत पर्यटन स्थलों पर पीपल, बरगद, नीम, अर्जुन, शीशम, जामुन, आम, महुआ, बेल और आंवला जैसी स्थानीय एवं पर्यावरण अनुकूल प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। जिन पर्यटन परियोजनाओं में लैंडस्केपिंग का कार्य प्रस्तावित है, वहां थीम आधारित हरित वाटिकाएं जैसे- नक्षत्र वाटिका, त्रिवेणी वाटिका, हरिशंकरी वाटिका, पंचवटी और नवग्रह वाटिका विकसित की जाएंगी।'

**कार्यदायी संस्थाओं को मिले लक्ष्य**

महानिदेशक पर्यटन डॉ. वेदपति मिश्रा ने बताया कि 'पर्यटन विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी), यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड , उ0प्र0 जल निगम, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड समेत सभी कार्यदायी संस्थाओं को अलग-अलग लक्ष्य सौंपे गए हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में वृक्षारोपण के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से 10-10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। वहीं अयोध्या में 8 हजार, बरेली एवं चित्रकूट-झांसी में 5-5 हजार, आगरा और प्रयागराज में 4-4 हजार, मेरठ में 3 हजार जबकि अलीगढ़ और बस्ती क्षेत्रीय कार्यालय अंतर्गत 2-2 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

# द्वारकापुरी में धूमधाम से मना ओ.पी. यादव व मनोज यादव का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ । समाजसेवी एवं लखनऊ जिला पंचायत वार्ड संख्या-14 से समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी ओम प्रकाश यादव (ओ.पी. यादव) तथा समाजसेवी मनोज यादव का जन्मदिन द्वारकापुरी में बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। जन्मदिन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, पत्रकारों, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में समर्थकों और शुभचिंतकों की उपस्थिति रही। सभी ने पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं केक काटकर दोनों को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाजसेवी ओ.पी. यादव लंबे समय से क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर निस्वार्थ भाव से जनसेवा कर रहे हैं। उनकी सक्रियता, सरल स्वभाव और समाज सेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है। लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि वह आगे भी समाज और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुशीला सरोज के निजी सचिव अजय सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार केसरी राव, धारा सिंह यादव, समाजसेवी ओमकार यादव, राजू यादव, संतोष यादव, सूर्य कान्त (गुड्डू), यादव वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान सिंह, डीके यादव, सहित अनेक सम्मानित नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दोनों को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता, भाईचारे और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा की गईं तथा उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दोनों का अभिनंदन किया। देर शाम तक शुभचिंतकों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा और सभी ने ओ.पी. यादव एवं मनोज यादव के स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किए।

# राजनाथ सिंह के दीर्घायु की कामना को लेकर माँ चंद्रिका धाम में सुंदरकांड व भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । भारत सरकार के रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के 75वें जन्मोत्सव पर रविवार को बीकेटी स्थित प्रसिद्ध माँ चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ, केक काटकर जन्मोत्सव, भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं, भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।

सुंदरकांड पाठ के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्र की निरंतर प्रगति की कामना की गई। इसके बाद केक काटकर जन्मदिन मनाया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक चन्द्रशेखर त्रिवेदी, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक बाजपेई, अजय बाजपेई, आलोक त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामेन्द्र सिंह



'मोनू', प्रवीण सिंह चौहान, वीरपाल सिंह, अमन सिंह राजन, मानवेन्द्र सिंह 'नवीन', अनुराग सिंह 'अनुज' सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी ने कहा कि राजनाथ सिंह दूरदर्शी नेतृत्व और विकास की राजनीति के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में लखनऊ में लगभग 67 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं। 104 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना ने राजधानी के यातायात, औद्योगिक विकास और किसानों को नई संभावनाएं प्रदान की हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी लखनऊ को कई नई विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन

**चिनहट लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को एल्डिको, चिनहट स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनके नेतृत्व और राष्ट्रसेवा में दिए गए योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र पाण्डेय (शैलू), भाजपा चिनहट मंडल अध्यक्ष सरवन कुमार मिश्रा, मंडल महामंत्री ज्ञान प्रकाश साहू, रमेश कुमार सिंह, अनुराग सिंह, सर्वेश राजपूत (राजा) तथा महिला शक्ति की ओर से श्रीमती सुमन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया।

## जानकीपुरम विस्तार में स्ट्रीट लाइट पोल में उतरे करंट से गाय की मौत, लोगों में रोष



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जानकीपुरम विस्तार के केंद्रीय विहार सेक्टर-6 में स्ट्रीट लाइट पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में नगर निगम व विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखने को मिली।स्थानीय लोगों के अनुसार, बरसात के चलते पोल के पास खुले विद्युत तारों में करंट फैल गया, जिससे स्ट्रीट लाइट पोल भी करंट की चपेट में आ गया। इसी दौरान वहां से गुजर रही गाय पोल के संपर्क में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूरे इलाके के स्ट्रीट लाइट पोलों का तत्काल सुरक्षा ऑडिट कराने, खुले विद्युत तारों को दुरुस्त करने तथा मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल ने केक काटकर मनाया उत्सव



**दुबग्गा लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देश के यशस्वी रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के लोकप्रिय सांसद माननीय राजनाथ सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल, लखनऊ पश्चिम विधानसभा के दुबग्गा कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री फिरोज अहमद ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने केक काटकर बड़े हर्षोल्लास के साथ राजनाथ सिंह का जन्मदिन मनाया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में लखनऊ जिले के महामंत्री श्री मुस्ताक खान, उपाध्यक्ष श्री साबिर, श्री गुड्डू रज़ा, श्री अकील खान, श्री शिव शुक्ला, श्री अशोक शुक्ला, श्री निजामुद्दीन, श्री अब्दुल, श्री विकास, श्री ए. के. तिवारी सहित पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने राजनाथ सिंह के राष्ट्रहित में किए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व की प्रशंसा की और उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ व अपहरण का प्रयास, विरोध पर मां-बेटी से मारपीट, चार सगे भाइयों पर मुकदमा

**निगोहां, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ और कथित रूप से अपहरण का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने चार सगे भाइयों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार देर रात की है। पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही रिंकू बाजपेई, देवेंद्र बाजपेई, सुरेंद्र बाजपेई उर्फ टिंकू बाजपेई और नरेंद्र बाजपेई गाली-गलौज करते हुए जबरन उसके घर में घुस आए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी मां के साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि जब वह अपनी मां को बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसका हाथ पकड़ लिया और मुंह दबाकर जबरन उठाकर ले जाने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सुखी पड़ी है नहरें, कैसे हो खेतों में धान रोपाई



❒ किसानों में दिखाई पड़ी नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । खेतों में धान रोपाई का समय है। नहरों में पानी नहीं है। इसी बात पर गोसाईगंज क्षेत्र के किसान परेशान हैं। इसी बात को लेकर भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम की नाराजगी बढ़ गई है। भाकियू नेता ने मोबाइल फोन पर सिंचाई विभाग के जेई रमेश चंद्र बात की और नाराजगी व्यक्त की।

भाकियू नेता ने जेई से सीधा सवाल किया और जानना चाहा कि जून के महीने सिंचाई विभाग के जिम्मेदार लोग क्या करते रहे? भाकियू नेता नहर विभाग के जिम्मेदारो पर काम चोरी करने का घड़ा फोड़ दिया। कहा कि जुलाई के महीने में आधी अधूरी नहरों की सफाई करने के बाद अपनी लिखा पढ़ी में काम को पूरा होने की बात दर्ज कर देंगे। नाराज किसान नेता ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार इस मामले में जो काम नहीं करवाया है उसका भी भुगतान करवा लेंगे। उधर नहरों की सफाई के मामले पर विभाग के जेई रमेश चंद्र की ओर नहरों के चार पांच दिनों सफाई का कार्य हो जाने की जाने की बात कही गई। जेई ने गए अल्पिका के मामले कहा कि उसकी सफाई की कोई आवश्यकता नहीं है।

# प्राचीन धरोहरों को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकताः जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा कुल 275 स्मारकों, पुरास्थलों को राज्य के धरोहर के रूप में संरक्षित किया गया है एवं 40 स्मारकों पुरास्थल संरक्षण की प्रक्रिया में है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्मारकों, पुरास्थलों के अनुरक्षण, रेस्टोरेसन एवं चहारदीवारी निर्माण के लिए 2070 लाख अर्थात 20 करोड़ 70 लाख रूपये की धनराशि अनुमोदित की गयी है। इसका उद्देश्य प्रदेश के धरोहरों को भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित करना है। उ0प्र0 राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा इस दिशा में निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पुरातत्व धरोहर के रूप में मध्य पाषाण काल, ताम्र पाषाण काल, उत्तर हड़प्पा काल, मौर्य काल, कुषाण काल तथा गुप्त काल से लेकर मध्य काल तक के स्मारकों एवं पुरास्थलों को संरक्षित किया गया है। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकता दी जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश के 25 जनपदों के 42 स्मारकों, पुरास्थलों का अनुरक्षण कार्य से संबंधित डीपीआर तैयार करते हुए वृहद अनुरक्षण कार्य कराये जाने की योजना।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत खासतौर से सोमनाथ मंदिर चित्रकूट जो 12वीं सदी नागशैली का प्रस्तर मंदिर, गुप्तारघाट मंदिर, अयोध्या के लगभग 12वीं सदी, गांधी स्मारक आगरा, बरसाना की छतरी मथुरा, रानी महल झांसी, रघुनाथ राव द्वितीय के द्वारा निर्मित, गुप्तकालीन बौद्ध, जैन एवं हिन्दू गुफा मंदिर, देवगढ़ ललितपुर, जनपद महराजगंज स्थित उत्खनित गुप्तकालीन बौद्ध स्तूप, पांचों शिवाला वाराणसी, घण्टाघर मिर्ज़ापुर, रानी का तालाब प्रयागराज, प्राचीन बावली, संभल का अनुरक्षण, जनपद लखनऊ स्थित लगभग 3000 वर्ष प्राचीन पुरास्थल नटवाडीह का टीला आदि शामिल हैं।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद सुलतानपुर स्थित मौर्य कालीन पुरास्थल इटिहवा का टीला, जनपद सीतापुर स्थित मौर्यकाल से कुषाण कालीन पुरास्थल, मड़वाडीह का टीला एवं जनपद संतकबीर नगर स्थित लगभग 8000 वर्ष प्राचीन पुरास्थल लहुरादेवा की चहारदीवारी का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। चहारदीवारी निर्माण के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 08 करोड़ रूपये की धनराशि बजट में प्रावधानित की गयी है। इसके अलावा चालू परियोजना टिकैतराय शिवमंदिर कानपुर हेतु प्रस्तावित धनराशि 165 लाख रूपये है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर स्वच्छता का महासंकल्प

❒ महापौर सुषमा खर्कवाल ने हजरतगंज में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया शुभारंभ, स्वयं सफाई अभियान में शामिल होकर दिया स्वच्छता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देश के यशस्वी रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को लखनऊ नगर निगम द्वारा पूरे शहर में वृहद मेगा सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर निगम के समस्त 110 वार्डों में एक साथ विशेष सफाई कार्य कर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ लखनऊ का संदेश दिया गया।

मेगा सफाई अभियान का शुभारंभ लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने हजरतगंज स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पार्षदगणों एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार जी के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके पश्चात महापौर ने स्वयं सफाई अभियान में सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया और नागरिकों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी हम सभी के अभिभावक हैं। उनका लखनऊ के प्रति विशेष स्नेह, जनसेवा का भाव और शहर के विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरे लखनऊ में चलाया गया यह वृहद सफाई अभियान सेवा, सम्मान और स्वच्छता के संकल्प की अभिव्यक्ति है।

महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। जब जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक मिलकर स्वच्छता के लिए कार्य करेंगे, तभी लखनऊ को देश के सबसे स्वच्छ और सुंदर शहरों में अग्रणी बनाया जा सकेगा। अभियान के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह के साथ अभियान में सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

मेगा सफाई अभियान को प्रभावी, सुव्यवस्थित और परिणाममुखी बनाने के लिए लखनऊ नगर निगम के समस्त 110 वार्डों में नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई। नोडल अधिकारियों को अपने-अपने निर्धारित वार्डों में सफाई कार्यों की निगरानी, अभियान के प्रभावी संचालन और व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई।

# अस्थायी परिवार नियोजन साधनों की ओर बढ़ रहा दंपतियों का रुझान, आधुनिक सेवाओं का बढ़ रहा दायरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है

लखनऊ । जनपद में अस्थायी परिवार नियोजन साधनों के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के पिछले तीन वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि इंटरवल आईयूसीडी (ऋठएक), प्रसवोत्तर आईयूसीडी (घ्क्रऋठएक) तथा अंतरा इंजेक्शन जैसी आधुनिक परिवार नियोजन सेवाओं को बड़ी संख्या में दंपतियों ने अपनाया है। इन सेवाओं के माध्यम से दंपति अपनी आवश्यकता और पसंद के अनुरूप गर्भधारण के बीच उचित अंतर बनाए रखने के लिए सुरक्षित एवं प्रभावी गर्भनिरोधक विकल्प चुन रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम Healthy Timing and Spacing Between Pregnancies for Well-being of Mother & Child and to Prevent Unintended Pregnancies तथा स्लोगन ''जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल'' निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि मां और शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दो गर्भधारण के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखना आवश्यक है। इससे मां के शरीर को पर्याप्त समय मिलता है, जिससे एनीमिया, समयपूर्व प्रसव, कम वजन वाले शिशु के जन्म तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, यह अनियोजित गर्भधारण की रोकथाम, बच्चों के बेहतर पोषण एवं विकास तथा परिवार की प्रभावी योजना बनाने में भी सहायक है।

उन्होंने बताया कि इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत 'बास्केट ऑफ चॉइस' की अवधारणा के अनुसार पात्र दंपतियों को इंटरवल आईयूसीडी, प्रसवोत्तर आईयूसीडी (PPI-UCD), अंतरा इंजेक्शन सहित विभिन्न अस्थायी एवं स्थायी गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी, परामर्श एवं निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव कराने वाली प्रत्येक महिला को डिस्चार्ज से पूर्व परिवार नियोजन संबंधी परामर्श दिया जाता है, ताकि वह अपनी स्वास्थ्य स्थिति, आवश्यकता और परिवार की योजना के अनुरूप उपयुक्त गर्भनिरोधक विकल्प का स्वैच्छिक चयन कर सके। आशा, एएनएम तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी समुदाय स्तर पर पात्र दंपतियों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य प्रत्येक पात्र दंपति तक गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और सुलभ परिवार नियोजन सेवाएं पहुंचाकर स्वस्थ मां, स्वस्थ शिशु और स्वस्थ परिवार सुनिश्चित करना है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि इंटरवल आईयूसीडी अपनाने वाली महिलाओं की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023-24 में 12,547, वर्ष 2024-25 में 15,036 तथा वर्ष 2025-26 में 19,159 महिलाओं ने इस सेवा का लाभ उठाया। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (1 अप्रैल से 30 जून) में ही 5,023 महिलाओं ने इंटरवल आईयूसीडी अपनाया।

उन्होंने बताया कि त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन 'अंतरा' की स्वीकार्यता में भी लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2023-24 में 10,197, वर्ष 2024-25 में 12,429 तथा वर्ष 2025-26 में 13,805 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन की सेवा प्राप्त की। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 3,019 महिलाओं ने इस सुविधा का लाभ उठाया। श्री रघुवंशी ने बताया कि प्रसवोत्तर आईयूसीडी (PPIUCD) को भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनाया है। वर्ष 2023-24 में 16,198, वर्ष 2024-25 में 18,461 तथा वर्ष 2025-26 में 17,458 महिलाओं ने इस विकल्प को चुना। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 4,165 महिलाओं ने प्रसवोत्तर आईयूसीडी की सुविधा प्राप्त की।

# सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए: डीएम

❒ डीएम ने नाली पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने महानगर क्षेत्र में अंटा चैराहा के पीछे से देवी प्रसाद स्कूल तक जाने वाले मार्ग का पैदल भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जल निगम द्वारा पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत पानी के बहाव का परीक्षण कराया जाए तथा उसके बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाए।

उन्होंने नाली पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कहा कि सड़क निर्माण में बाधा बनने वाले मकानों को चिन्हित कर उन पर निशान लगाने के साथ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ-साथ सड़क निर्माण कार्य भी लगातार जारी रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी एवं नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत आदि मौजूद रहे।

# लूटे गए कुण्डल व देशी तमंचा, कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल एवं थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं से झपटमारी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने लूटे गए दो जोड़ी कुण्डल और एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

बीती रात एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कान्हा गौशाला रोड पर बरेली-सीतापुर हाईवे के पास से शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने लूटे गए चार टुकड़ों में दो जोड़ी कुण्डल और एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के हद्दफ चौकी के पीछे मस्जिद वाली गली में रहने वाला सुहैल खान उर्फ अमन पुत्र सरवर है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त सुहैल खान उर्फ अमन ने बताया कि उसके पिता काफी समय से बीमार हैं और आर्थिक तंगी एवं पिता के उपचार के लिए उसने लगभग 03-04 दिन पहले मोती चौक चौराहे के पास पट्टी गली में ई-रिक्शा में बैठी एक महिला के कान से झपट्टा मारकर एक जोड़ी कुण्डल छीने थे। इसके अलावा लगभग 14-15 दिन पहले मोहल्ला हुण्डालखेल स्थित कनौजिया अस्पताल के पास पैदल जा रही एक महिला के कान से झपट्टा मारकर एक जोड़ी कुण्डल छीने थे। बताया कि बरामद दोनों जोड़ी कुण्डलों को पहचान छिपाने के उद्देश्य से टुकड़ों में तोड़ दिया था तथा उन्हें बेचने के लिए बरेली जा रहा था। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी व सर्विलांस सेल प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार के साथ थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक भूपेन्द्र राणा और कुमार गौरव आदि मौजूद रहे।

# अपहरण, दुष्कर्म व हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

❒ 22 जून को थाना सिंधौली क्षेत्र में मिला था अपहर्ता का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने व उसकी हत्या करने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 22 जून को थाना सिंधौली क्षेत्र में एक गन्ने के खेत में अपहर्ता किशोरी का शव पड़ा मिला था।

बीती 19 जून को थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस अपहर्ता किशोरी और आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी बीच 22 जून को थाना सिंधौली क्षेत्र में अपहर्ता किशोरी का शव एक गन्ने के खेत में पड़ा मिला। विवेचना के दौरान थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला श्यामतगंज गौटिया निवासी ऋतिक पुत्र स्वर्गीय बृजपाल का नाम प्रकाश में आया। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त ऋतिक को डबल स्टोरी में बडी मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाईकिल भी बरामद की। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक ललित शर्मा, कांस्टेबल बिट्टू कुमार आदि मौजूद रहे।

## सेफ फ्यूचर अभियान के तहत 16 वाहनों के किए चालान व 06 वाहन थानों में किए बंद




शाहजहांपुर। सेफ फ्यूचर अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रो में एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल हरिओम एवं पीटीओ आरपी गौतम ने यातायात पुलिस के साथ नियम विरूद्ध संचालित स्कूली वाहनो के खिलाफ सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने 14 वाहनों के चालान किए गए और 06 वाहन विभिन्न थानों में निरूद्ध किए गए। इस दौरान एआरटीओ ने जनपद के समस्त स्कूल के प्रबन्धकों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि छात्र-छात्राओं का परिवहन केवल मानक के अनुसार वाहनों में ही किया जाए। अन्यथा नियम विरूद्ध संचालित स्कूली वाहनो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान में यातायात निरीक्षक बच्चू सिंह व यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# विधानसभा भ्रमण रहा ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी: जनक कुमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर, कमलापुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जनक कुमारी सिंह, निवर्तमान प्रधान एवं प्रशासक, ग्राम पंचायत नयागांव,विकास खंड कसमंडा, तथा सत्य प्रकाश सिंह, सह जिला सेवा प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विधानसभा परिसर का भ्रमण कर लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय परंपराओं एवं प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान विधानसभा के सुरक्षा सहायक अंशुल श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को विधानसभा भवन, सदन की कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक परंपराओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा विधानसभा के गौरवशाली इतिहास से संबंधित विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने भ्रमण के प्रत्येक स्थल का महत्व सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया।

प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा की डिजिटल गैलरी, सदन, डिजिटल पुस्तकालय, हेलीकॉप्टर राइड सिमुलेशन, सहित विभिन्न आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन किया। डिजिटल गैलरी में गौरवशाली लोकतांत्रिक इतिहास, संविधान की गरिमा, उत्तर प्रदेश विधानसभा की विकास यात्रा तथा प्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से सजीव रूप में प्रदर्शित किया गया है।

इस अवसर पर जनक कुमारी सिंह एवं सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का यह शैक्षणिक भ्रमण लोकतंत्र को समझने, संविधान के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने तथा नई पीढ़ी को राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों के प्रति जागरूक करने वाला अत्यंत प्रेरणादायी अनुभव है। उन्होंने कहा भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय बन गया।

# सकरन को मिले नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्रनाथ प्रजापति ने संभाला कार्यभार

❒ ''गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शत-प्रतिशत नामांकन प्राथमिकता'': बीईओ प्रजापति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सांडा, सीतापुर । विकास क्षेत्र सकरन को नया खंड शिक्षा अधिकारी मिल गया है। विभागीय आदेश के क्रम में शुक्रवार को सुरेन्द्रनाथ प्रजापति ने उक्त सकरन का कार्यभार ग्रहण कर लिया।ज्ञात हो कि सकरन के तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए थे। उनके बाद रेउसा के उक्त राम जनक वर्मा को सकरन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। बाद में श्री वर्मा का डायट में प्रवक्ता पद पर चयन होने के बाद लहरपुर के उक्त को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद सुरेन्द्रनाथ प्रजापति ने कहा कि ''शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन, नियमित छात्र उपस्थिति तथा विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।''उन्होंने सभी शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं विभागीय कर्मचारियों से पारदर्शिता, अनुशासन, समन्वय और टीम भावना के साथ काम करने की अपील की। कहा कि ''सबके सहयोग से विकास क्षेत्र सकरन को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।'' इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष धीरेंद्र पटेल, मंत्री मो. आरिफ, जूनियर संघ अध्यक्ष विनोद कुमार सहित कृष्ण कांत, दिनेश मिश्र, लक्ष्मेंद्र मिश्र, सारदा प्रसाद, मनीष त्रिवेदी, मधुकर वर्मा, चाँद मोहम्मद, राजेश भार्गव, पतिराम, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव आदि शिक्षकों ने नवागत उक्त का स्वागत कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बीती 10 जून को थाना सदर बाजार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला झंडा कलां का रहने वाला शादाब पुत्र एजाज उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त शादाब के खिलाफ अपहरण आदि संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद अपह्रता किशोरी को बरामद किया और उसकी मेडिकल रिपोर्ट, बयानों और अन्य प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट आदि धाराओं में बढ़ोत्तरी की। शुक्रवार को थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त शादाब को हद्दफ चौकी के पास मक्कू बजरिया जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक नितिन कुमार के साथ कांस्टेबल मोनू सैनी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म व मारपीट के मामले में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस ने दुष्कर्म, गाली-गलौज व मारपीट के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बीती 05 जुलाई को एक युवती ने थाना रोजा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव काजीपुर निवासी फिरोज पुत्र सुक्खू खां तथा उसके साथ दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उससे छेड़छाड़ की और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी फिरोज खां आदि पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद युवती के मेडिकल व बयानों के आधार पर अभियोग में दुष्कर्म की धारा में बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज थाना रोजा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त फिरोज खां को अटसलिया पुल के नीचे से गिरफ्तार किया।

## मछरेहटा पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ युवक को दबोचा

**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत मछरेहटा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक युवक को करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार को थाना मछरेहटा पुलिस ने हीरापुर मोड़ के पास से ग्राम शिवपुरी ग्रांट निवासी राजेन्द्र पुत्र बाबूराम (19 वर्ष) को एक प्लास्टिक की पिपिया में लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाना मछरेहटा में मु.अ.सं. 154/2026 के तहत धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुशील कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मिश्रिख बृजेश कुमार के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नासिर खान, हेड कांस्टेबल विवेक कुमार तथा कांस्टेबल सतीश कुमार शामिल रहे।

## धौरहरा में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**धौरहरा, लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बे के रामलीला मैदान के पास सिसैया-ढकरेवा हाईवे मार्ग पर शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शैलेंद्र कुमार (35) पुत्र जगप्रताप निवासी अभयपुर बुचवा अपने जीजा धर्मेंद्र (35) पुत्र लालजी निवासी नवबाना के साथ बाइक से धौरहरा आ रहे थे। वहीं मो. अमीन (35) पुत्र खलील अहमद निवासी काजी कटरा, थाना दरगाह, जनपद बहराइच अपनी ससुराल निघासन जा रहे थे। रामलीला मैदान के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों की आमने-सामने तेज रफ्तार में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मो. अमीन ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उसके सिर में अपेक्षाकृत कम चोट आई। वहीं शैलेंद्र कुमार और धर्मेंद्र को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# लखीमपुर में चोरों का आतंक! पुलिस की गश्त के बाद फिर सक्रिय हो रहे बदमाश, आखिर कब थमेगा चोरी का सिलसिला?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ लगातार हो रही वारदातों से लोगों में दहशत, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल; विशेषज्ञ बोले– सिर्फ पुलिस नहीं, जनता की सतर्कता भी है जरूरी

❒ सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हर गांव, हर मोहल्ले और हर बाजार में 24 घंटे पुलिस की तैनाती संभव है?

लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आम लोगों की नींद उड़ा दी है। शायद ही कोई ऐसा सप्ताह गुजरता हो, जब जिले के किसी न किसी गांव, कस्बे या बाजार से घर, दुकान या प्रतिष्ठान में चोरी की खबर सामने न आती हो। लगातार हो रही इन वारदातों से लोगों में भय का माहौल है और पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

हालांकि पुलिस का कहना है कि जिले में लगातार रात्रि गश्त, सघन चेकिंग अभियान और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। इसके बावजूद चोरी की घटनाएं पूरी तरह थमने का नाम नहीं ले रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की गश्त खत्म होते ही चोर दोबारा सक्रिय हो जाते हैं और सुनसान इलाकों को निशाना बना लेते हैं।

इधर सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हर गांव, हर मोहल्ले और हर बाजार में 24 घंटे पुलिस की तैनाती संभव है? वास्तविकता यह है कि सीमित पुलिस बल के सहारे ही कानून-व्यवस्था बनाए रखना, विवादों का निस्तारण करना, सड़क दुर्घटनाओं में राहत पहुंचाना, वीआईपी ड्यूटी निभाना और अपराध नियंत्रण जैसी अनेक जिम्मेदारियां पुलिस को एक साथ निभानी पड़ती हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गश्त बढ़ाई गई है, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बावजूद यदि लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के प्रति लापरवाह रहेंगे, तो अपराधियों को मौका मिल सकता है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं और सुरक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि चोरी जैसी घटनाओं को रोकने की जिम्मेदारी केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज की भी है। यदि मोहल्लों और गांवों में रात्रि निगरानी, पड़ोसियों के बीच आपसी सहयोग, सीसीटीवी कैमरे, मजबूत ताले और संदिग्ध व्यक्तियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने जैसी आदतें विकसित हों, तो अपराधियों के हौसले काफी हद तक पस्त किए जा सकते हैं।

फिलहाल लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहस तेज कर दी है। अब देखना यह होगा कि पुलिस की सख्ती और जनता की सतर्कता का तालमेल कब तक चोरों के बढ़ते आतंक पर लगाम लगा पाता है।

# अवैध खनन पर कड़ा शिकंजा, जून में 62 वाहनों पर कार्रवाई, 18.95 लाख रुपये राजस्व वसूला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ एम-चेक ऐप से 300 वाहनों की जांच, डीएम अंजनी कुमार सिंह के निर्देशन में खनन विभाग की सख्त कार्रवाई

लखीमपुर खीरी । डीएम अंजनी कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ खनन विभाग का अभियान लगातार जारी है। माह जून 2026 में एम-चेक ऐप के माध्यम से करीब 300 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए गए 62 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 18.95 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया।

खनन विभाग के अनुसार गत वर्ष जून 2025 तक 78 वाहनों पर कार्रवाई की गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में जून 2026 तक कुल 110 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कर 38.70 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया जा चुका है। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। खान अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि डीएम अंजनी कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन और अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी परिस्थिति में साधारण बालू या मिट्टी का अवैध खनन अथवा परिवहन न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध खनन या परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित वाहन, चालक, वाहन स्वामी एवं भू-स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सीतापुर में 150 करोड़ की बेशकीमती जमीन पर प्रशासन का बुलडोजर, मिशनरी स्कूल की बाउंड्रीवाल ध्वस्त



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित मिशन स्कूल परिसर के बाहर निर्मित कथित अवैध चहारदीवारी को शुक्रवार को प्रशासन ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ध्वस्त करा दिया। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में राजस्व विभाग, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर से कार्रवाई की। पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, कार्रवाई से पूर्व स्कूल प्रबंधन को नियमानुसार नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। 30 अप्रैल को पहली और 24 जून को दूसरी नोटिस जारी की गई, लेकिन निर्धारित समय के भीतर कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई अमल में लाई गई। सुबह से ही प्रशासनिक अमला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गया था। कार्रवाई के लिए कई जेसीबी मशीनों और नगर पालिका की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को लगाया गया। जेसीबी से चहारदीवारी को गिराने के साथ ही मलबे को तत्काल हटाकर स्थल को साफ कराया गया, जिससे आवागमन प्रभावित न हो। पूरे अभियान के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, तहसीलदार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस की निगरानी में कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा और अवैध निर्माण के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## हिस्ट्रीशीटर पर बंजर भूमि का पेड़ काटने का आरोप

**हरगांव सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कल्लापुर मजरा बड़खेरवा गांव स्थित बंजर भूमि गाटा संख्या 352 पर 2 सेमल 2 गूलर 2 जामुन 6 खजूर 1 पीपल सहित जंगल झाड़ी लगा हुआ है।शुक्रवार को हरगांव थाना क्षेत्र के मुमताजपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर जसविंदर सिंह के द्वारा एक सेमल का पेड़ काट दिया गया।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व राजस्व विभाग को पेड़ काटने की सूचना दी।मौके का मुआयना करने नायब तहसीलदार सहित पुलिस मौके पर पहुंची।ग्राम प्रधान अमृता व क्षेत्रीय लेखपाल आदर्श ने मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए थाने में तहरीर दे दी है।थाना प्रभारी आनन्द नारायण त्रिपाठी ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# त्रिपुराभैरवी मंदिर में त्रिपुरांतकर महादेव का लयबद्ध समर्पण के साथ रुद्राभिषेक

- एक वर्ष– एक संकल्प–एक रुद्राभिषेक
- अभियान में शुक्रवार को त्रिपुरा भैरवी स्थित त्रिपुराभैरवी मंदिर में विराजित-त्रिपुरांतकर (त्रिपुरेश्वर) महादेव का वेद के स्वर-हरि-हर में लयबद्ध समर्पण के साथ रुद्राभिषेक किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी) में प्रतिदिन एक देवलिंग / देवविग्रह पर वैदिक रुद्राभिषेक का संकल्प लिया गया है। इसके लिए काशीखण्ड में वर्णित 335 वें दिव्य देवलिंग/देवविग्रह का श्रुति-सम्मत वेदोक्त विधि रुद्राभिषेक एवं सनातन तीर्थ-महिमा के लिए जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में शुक्रवार को त्रिपुरा भैरवी स्थित त्रिपुराभैरवी मंदिर में विराजित-त्रिपुरांतकर (त्रिपुरेश्वर) महादेव का वेद के स्वर-हरि-हर में लयबद्ध समर्पण के साथ रुद्राभिषेक किया गया। इस अभियान के मुख्य संयोजक पं अजय शर्मा ने बताया कि काशी केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, अपितु एक जाग्रत दिव्य आध्यात्मिक यंत्र है। यहाँ पग-पग, तिल-तिल और कण-कण शिवमय है। इस पावन नगरी का प्रत्येक देवालय, प्रत्येक शिवस्वरूप तथा प्रत्येक तीर्थ अपने भीतर किसी न किसी दिव्य लीला, ब्रह्मांडीय रहस्य और आध्यात्मिक तत्त्व को समाहित किए हुए है। इन्हीं महिमामय रुद्रस्वरूपों में एक हैं - श्री त्रिपुरांतकर (त्रिपुरेश्वर) महादेव। शास्त्रों के अनुसार, तारकासुर के तीन पुत्र - 'तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली' ने ब्रह्माजी की घोर तपस्या कर स्वर्ण, रजत और लौह से निर्मित तीन अजेय पुरियों का वर प्राप्त किया। ये तीनों पुरियाँ आकाशमार्ग में विचरण करती थीं और सामूहिक रूप से त्रिपुरा कहलाती थीं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन जब तीनों पुरियाँ एक ही रेखा में आईं, तब भगवान शिव ने अपने अचूक बाण से उनका संहार कर दिया। इस दिव्य विजय के कारण वे त्रिपुरांतक कहलाए। इसी महालीला की स्मृति में काशी में श्री त्रिपुरांतकर (त्रिपुरेश्वर) महादेव विराजमान हैं। पं. अजय के अनुसार, जो भी श्रद्धालु निष्कपट एवं श्रद्धापूर्ण भाव से श्री त्रिपुरांतकर लिंग का जलाभिषेक अथवा दर्शन करता है, उसके तीन जन्मों के संचित पाप तत्काल भस्म हो जाते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्री त्रिपुरांतकर महादेव के दर्शन का पुण्यफल अश्वमेध यज्ञ के समतुल्य माना गया है। इसी पावन तिथि पर भगवान विश्वेश्वर शिव ने देवताओं को भयमुक्त किया था। अतः इस दिन यहाँ दीपदान एवं विधिपूर्वक अर्चन करने से साधक के समस्त भय, पाप और अंतर्द्वंद्व का नाश होकर जीवन में आध्यात्मिक शान्ति एवं कल्याण की प्राप्ति होती है।

# खुटहन पुलिस ने हत्या के मुकदमे में वांछित चार आरोपितों को किया गिरफ्तार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जौनपुर । खुटहन थाना पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के एक मुकदमे में वांछित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए खुटहन पुलिस टीम ने सूचना पर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में दबिश देकर बीएनएस में वांछित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में भारत सिंह, केदारनाथ सिंह, बटेश्वरनाथ सिंह और गोरखनाथ सिंह शामिल हैं। चारों उदयराज सिंह के पुत्र तथा थाना खुटहन क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के निवासी हैं।

पुलिस ने सभी आरोपितों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज गिरेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है और वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।आज चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य वांछित लोगों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# गंगा एक्सप्रेसवे के समीप स्थित ग्रामों में ग्राम समाज एवं आरक्षित भूमि के सत्यापन के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहजोई । जिलाधिकारी सम्भल अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में दिनांक 10 जुलाई, 2026 को सत्यप्रिय सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), सम्भल की अध्यक्षता में गंगा एक्सप्रेसवे के समीप स्थित ग्रामों के सम्बन्धित राजस्व लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा जनपद में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के फलस्वरूप बढ़ रही औद्योगिक एवं विकासात्मक गतिविधियों के दृष्टिगत संबंधित ग्रामों में उपलब्ध ग्राम समाज एवं अन्य आरक्षित शासकीय भूमि की अद्यतन स्थिति का विस्तृत परीक्षण किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित राजस्व लेखपालों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामों में उपलब्ध ग्राम समाज एवं आरक्षित भूमि का मौके पर जाकर सत्यापन सुनिश्चित करें। साथ ही वर्तमान खतौनी का आधार वर्ष की खतौनी से मिलान कर यह परीक्षण किया जाए कि शासकीय भूमि की स्थिति में किसी प्रकार का परिवर्तन तो नहीं हुआ है। यदि किसी प्रकार की विसंगति अथवा अनियमितता परिलक्षित होती है तो उसका स्पष्ट विवरण सहित समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शासकीय भूमि का अभिलेखीय एवं स्थलीय सत्यापन पूर्ण गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए, जिससे भविष्य में औद्योगिक, आधारभूत संरचना एवं अन्य जनहितकारी परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता का यथार्थ आकलन किया जा सके तथा शासकीय भूमि का प्रभावी संरक्षण सुनिश्चित हो।

# सूचना प्रवाह चैनल पर मिलेगी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त सेतु बन रहा सूचना प्रवाह

बदायूं। उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की प्रमाणिक जानकारी आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना विभाग द्वारा अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह का शुभारंभ किया गया है। इस चैनल के माध्यम से प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाई जा रही है।

सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह के माध्यम से सरकार की उपलब्धियां अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि यूट्यूब पर सूचना प्रवाह चैनल द्धप्प्ध्पः//बबब.भधफ्फ्थ्द्ध.दधद्ध/अट्टफ्द्धद्धद्ध थ्घ्न्थ्पफ्थ्द्ध लिंक देखें व उसे सब्सक्राइब करें तथा इसकी जानकारी दूसरों को भी दें। उन्होंने बताया कि सूचना प्रवाह उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी। इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का भी नियमित प्रसारण इस मंच पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में सूचना प्रवाह यूट्यूब चैनल सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की विश्वसनीय और प्रमाणिक जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराई जा रही है।

## चोरी की 10 मोटरसाईकिल बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसएसपी के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी बिल्सी के पर्यवेक्षण मे एवं प्रभारी निरीक्षक थाना इस्लामनगर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे संदिग्ध वाहनों की चैकिंग व वाहन चोरी की बरामदगी तथा अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के अन्तर्गत दिनांक 09/10.07.2026 की रात्रि को थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान समदनगर अलीनगर चौराहा पर 03 शातिर वाहन चोर 1.फूल सिंह उर्फ मोनू पुत्र कैलाश निवासी ग्राम स्यौहरा थाना जुनावई जिला सम्भल 2.मनवीर पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम पानीवाला थाना रजपुरा जिला सम्भल 3.आदित्य पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम मउकठेर थाना बहजोई जनपद सम्भल को 03 मोटरसाईकिल जिनको तीनो अभियुक्तगण चला कर ला रहे थे। पूछताछ पर 07 मोटरसाइकिल अभियुक्तगणो की निशादेही पर अल्लहैपुर से इस्लामनगर रोड पर स्थित खण्डहर गौशाला से बरामद की गयी । जो अभियुक्तगणो द्वारा अलग अलग स्थानो से चोरी की थी, जिनके सम्बन्ध में उनके मालिको के बारे मे गहनता से जाँच की जा रही है । इस सम्बन्ध मे थाना इस्लामनगर पर मु0अ0सं0 178/26 धारा 317(2)/317(4)/317(5)/318(4)/111 बीएनएस बनाम फूल सिह उर्फ मोनू आदि 03 नफर अभियुक्त पंजीकृत गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायायलय के समक्ष पेश किया गया ।

## प्रसव के दौरान नवजात की मौत के बाद इस्लामनगर का एसजे हॉस्पिटल सील

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इस्लामनगर कस्बे के मोहाली क्षेत्र में संचालित एसजे हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। यह कार्रवाई 6 जुलाई को प्रसव के दौरान नवजात की मौत के मामले में जांच के बाद की गई। सीएमओ डॉ. विकास शर्मा के निर्देश पर पहुंची जांच टीम को अस्पताल में कई अनियमितताएं मिलीं। प्रारंभिक जांच में अस्पताल का पंजीकरण संदिग्ध पाए जाने और आवश्यक चिकित्सा मानकों का पालन न होने की बात सामने आई। मामले में मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी भी की जा रही है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर प्रसव के दौरान लापरवाही, समय पर उचित उपचार न देने और इलाज के नाम पर मनमानी रकम वसूलने के आरोप लगाए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## नकली नोटों की गड्डी दिखाकर किसान से 21 हजार रुपये ठगे

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बे स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के बाहर बृहस्पतिवार को दो शातिर युवकों ने एक किसान को झांसे में लेकर 21 हजार रुपये ठग लिए। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी नन्हे पुत्र राजबहादुर सिंह बैंक से रुपये निकालकर बाहर निकले थे। तभी पहले से मौजूद दो युवकों ने उन्हें बातों में उलझा लिया। आरोप है कि युवकों ने 500 रुपये के नोटों जैसी दिखने वाली नकली गड्डी किसान के हाथ में थमाकर उसे बैंक में जमा कराने की बात कही। इसी दौरान वह किसान के 21 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद किसान ने गड्डी देखी तो उसमें नकली नोट और कागज के टुकड़े निकले। शोर मचाने पर बैंक परिसर में भीड़ जुट गई, लेकिन आरोपी फरार हो चुके थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचे और बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीओ सिटी राहुल पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से आसपास के गांवों में दहशत

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगा का जलस्तर बृहस्पतिवार सुबह से तेजी से बढ़ रहा है, जिससे घाट क्षेत्र में बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। गंगा किनारे के गांवों में भी ग्रामीणों में दहशत बढ़ने लगी है। कछला में बढ़ते जलस्तर के कारण बृहस्पतिवार को गंगा घाट पर रखे दर्जनों तख्त पानी की चपेट में आ गए। प्रसाद बेचने वाले ठेले और तख्त भी डूब गए। दुकानदारों ने गंगा के पानी में उतरकर अपनी दुकानों का सामान समेटा। बृहस्पतिवार देर रात तक गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता रहा। गंगा का जल खतरे के निशान की तरफ लगातार बढ़ रहा है। पानी का बहाव पहले की अपेक्षा काफी तेज हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आसपास के निचले इलाकों में भी खतरा मंडरा सकता है। वहीं बाढ़ खंड के एक्सईएन उमेश चंद ने बताया कि लगातार बारिश के बाद जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। कई जलाशयों से भी पानी छोड़ा जा रहा है। बुधवार को गंगा में नरौरा डैम से दस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था।

## नीलकंठ महादेव–जामा मस्जिद प्रकरण में सुनवाई टली, अब 27 जुलाई को सुनवाई

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नीलकंठ महादेव–जामा मस्जिद प्रकरण से जुड़े बहुचर्चित विवाद की सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में बृहस्पतिवार को होने वाली सुनवाई टल गई। मामले में अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी। सिविल न्यायालय में विचाराधीन मामले में अखिल भारत हिंदू महासभा और जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी मुख्य पक्षकार हैं। नीलकंठ महादेव–जामा मस्जिद से जुड़ा विवाद सिविल जज सीनियर डिवीजन सुमन तिवारी की कोर्ट में विचाराधीन है। हिंदू पक्ष का दावा है कि वर्तमान समय में जामा मस्जिद परिसर में पूर्व में नीलकंठ महादेव मंदिर था। दूसरी ओर, जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी इस दावे को लगातार खारिज करती आ रही है।

## खाद्य विभाग की टीम ने की छापेमारी

**हमीरपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मिलावटी खाद्य तेल बिक्री किए जाने की शिकायत पर एसडीएम सदर ने खाद्य विभाग की टीम के साथ नदेहरा में छापा मारकर एक चक्की से तेल के नमूने लेकर जांच के लिए भेजें है। नदेहरा गांव निवासी वारिश खान गांव में ही चक्की स्पेशलर लगाकर आटा एवं खाद्य तेल का कारोबार करता है। शुक्रवार को दोपहर बाद एसडीएम सदर ने खाद्य विभाग की टीम के साथ छापा मारकर तेल के नमूने लेकर जांच के लिए भेजें है। एसडीएम सदर अभिषेक कुमार ने बताया कि नदेहरा गांव निवासी वारिस खान घर पर ही आटा चक्की संचालित करके आटा एवं खाद्य तेल की बिक्री करता है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद वह खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम के साथ गांव पहुंचे और चक्की में छापा मारकर पाम आयल एवं सरसों तेल के नमूने को लेकर जांच के लिए भेजे हैं। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ.गौरी शंकर ने बताया कि मिलावट की आशंका पर नमूने जांच के लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## महाराष्ट्र से लापता युवक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**हमीरपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मझगवां थाना पुलिस ने महाराष्ट्र से लापता मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया। बेटे को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने हमीरपुर पुलिस का आभार जताया।

# डकैती और फायरिंग के मामले में दो दोषियों को 10–10 साल की कैद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उरई । डकोर थाना क्षेत्र में वर्ष 2004 में हुई डकैती और फायरिंग के मामले में करीब 22 साल बाद अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। विशेष डकैती न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पूरा मामला डकोर थाना क्षेत्र का है, जहां 12 दिसंबर 2004 की रात करीब ढाई बजे पूरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा था। पीड़ित जागेश्वर दयाल के घर को निशाना बनाते हुए सात से आठ सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोल दिया था। शातिर बदमाश मकान के पीछे के रास्ते से होते हुए छत पर चढ़े और घर के भीतर दाखिल हो गए। बदमाशों ने घर में रखा कीमती बक्सा समेट लिया और भागने की फिराक में थे। बदमाशों की आहट और बक्सा ले जाने की भनक लगते ही पीड़ित परिवार और आसपास के ग्रामीण जाग गए। घर के सदस्य अरविंद कुमार उर्फ राजू ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अदम्य साहस दिखाया और भाग रहे एक बदमाश को पीछे से दबोचने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख और पकड़े जाने के डर से बौखलाए बदमाश ने अरविंद पर सीधे तमंचे से फायरिंग झोंक दी। गोली अरविंद के पैर में लगी और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देकर बदमाश घर से करीब 15 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के कीमती आभूषण, साड़ियां और जरूरी दस्तावेज लूटकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए थे। वारदात के बाद डकोर थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तफ्तीश शुरू की और मामले में तीन आरोपियों– कृपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह और रमेश के खिलाफ अदालत में पुख्ता चार्जशीट (आरोप पत्र) दाखिल की थी। अदालती विचारण के दौरान एक आरोपी कृपाल सिंह लगातार कोर्ट से अनुपस्थित रहा और फरार हो गया, जिसके चलते कोर्ट के आदेश पर उसकी पत्रावली को मुख्य केस से अलग कर दिया गया। पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी है। वहीं, बाकी बचे दो आरोपियों देवेंद्र सिंह और रमेश के खिलाफ अदालत में लगातार सुनवाई जारी रही।

विशेष अदालत ने अभियोजन पक्ष के गवाहों, बयानों और पुलिस द्वारा पेश किए गए अकाट्य सबूतों के आधार पर देवेंद्र सिंह और रमेश को डकैती और जानलेवा हमले का मुख्य दोषी माना। एडीजीसी ने बताया कि कोर्ट ने दोनों दोषियों को अलग-अलग धाराओं के तहत शुक्रवार को कड़ी सजा सुनाई, अदालत ने दोनों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी। इसके साथ ही धारा 397 आईपीसी के तहत 7-7 वर्ष के कठोर कारावास और 5-5 हजार रुपये के अतिरिक्त अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि ये दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इसके अलावा, दोषियों द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को इस मुख्य सजा में समायोजित किया जाएगा। इस फैसले के बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है और कहा कि देर से ही सही, लेकिन कानून ने उन्हें सच्चा इंसाफ दिया है।

# पूर्व मंत्री ओमकार सिंह यादव की अंत्येष्टि में उमड़ा जनसैलाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- सांसद आदित्य यादव समेत हजारों लोग रहे मौजूद

बदायूँ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, सहसवानविधानसभा क्षेत्र से पाँच बार विधायक रहे एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय ओमकार सिंह यादव को शुक्रवार को उनके पैतृक गांव सिंघौला पुख्ता के निकट सांकरा घाट पर नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। उनके निधन से पूरे जिले के साथ प्रदेश की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई।

अंत्येष्टि में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, मुख्य सचेतक एवं सांसद धर्मेंद्र यादव विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने स्व. ओमकार सिंह यादव को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी और नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस दौरान बदायूं के सांसद आदित्य यादव भी मौजूद रहे।

स्व. ओमकार सिंह यादव के अंतिम दर्शन के लिए बदायूं, संभल तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधि, विभिन्न राजनी तिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक सांकरा घाट पहुंचे। पूरे वातावरण में शोक और श्रद्धा का भाव देखने को मिला। ओमकार सिंह यादव सहसवान की राजनीति का एक प्रभाव शाली चेहरा रहे। लगातार पाँच बार विधायक चुने जाने के साथ उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में वे क्षेत्र के विकास और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे।

अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि स्व. ओमकार सिंह यादव का निधन क्षेत्र और प्रदेश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

# सुजानगंज पुलिस ने अलग–अलग मामलों में 19 लोगों को किया गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



जौनपुर । यूपी के जौनपुर में सुजानगंज थाना अंतर्गत पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को कुल 19 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। इनमें रास्ते के विवाद में मारपीट के मामले में 13 तथा शांति भंग की आशंका में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम विकैपुर में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया था। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।उपनिरीक्षक मनोज सिंह, कांस्टेबल विकेश चौहान और रामकुमार यादव की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रथम पक्ष के रामआसरे निषाद, राजेश कुमार निषाद, निलेश निषाद, दिलीप निषाद, मालती देवी, सुग्गी देवी और पूजा तथा दूसरे पक्ष के लालचंद्र निषाद, प्रमिला, दिनेश निषाद, संजय निषाद, मोहित और रोशनी को गिरफ्तार कर लिया।इसी दिन एक अन्य कार्रवाई में उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र द्विवेदी ने शांति भंग की आशंका के मद्देनजर छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें सकापुर निवासी अमर पांडेय, बृहस्पति पांडेय, देवकीनंदन पांडेय, विकास पांडेय तथा खतिरहा निवासी संतोष कुमार यादव और संदीप कुमार शामिल हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सभी की सामूहिक जिम्मेदारी: विजया रहाटकर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कन्नौज । राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने शुक्रवार को जनपद कन्नौज के कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत जागरूकता कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। यदि देश को और अधिक प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना है तो महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि गांव की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग किया जाए। ग्रामीण एवं असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा।

उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं का सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम पाश एक्ट के अंतर्गत महिलाओं को प्राप्त अधिकारों की जानकारी प्रत्येक कर्मचारी एवं संस्था तक पहुंचाई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सरकारी एवं निजी संस्थान में गठित इंटरनल कमेटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उसका सक्रिय एवं प्रभावी ढंग से कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां लोकल कमेटियां सक्रिय नहीं हैं, उन्हें पुनर्गठित कर प्रभावी बनाया जाए तथा व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषयक जागरूकता एवं जनपद स्तरीय लोकल कमेटी के सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। यह कानून हर उस सरकारी या निजी कार्यालय, कंपनी, स्कूल, अस्पताल और फैक्ट्री पर लागू होता है जहाँ 10 या उससे अधिक कर्मचारी काम करते हैं।

इसके उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष अमरूद का पौधा एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष जामुन का पौधा रोपित किया। अपने एक दिवसीय दौरे की शुरुआत उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण से की जहां जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उनका बुकें देकर स्वागत किया। कार्यशाला के बाद राहटकर विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार पहुंची जहाँ उन्होंने पूर्व में दर्ज कराई गई और निष्पादित हो चुकी 55 शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा की। जन सुनवाई के बाद महिला आयोग की अध्यक्ष ने सर्किट हाउस में स्थानीय जन प्रतिनिधियों से भेंट कर कन्नौज की सामाजिक, आर्थिक और लैंगिक असमानता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के दौरे के समय उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डे, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी लगातार उनके साथ उपस्थित रहे।

# डग्गामार वाहनों की भरमार, पाबंदी लगाने में अधिकारी नाकाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में डग्गामार वाहनों के चलते हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने डग्गा मार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था।लेकिन गोंडा जनपद में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो की सड़कों पर जमकर मुख्यमंत्री के आदेश का पालन होता नहीं दिख रहा है।सड़कों पर प्रतिदिन पुलिस व प्रशासन की नाक के नीचे सैकड़ों की संख्या में डग्गामार वाहनों का संचालन किया जा रहा है।वहीं डग्गामार वाहनों के संचालन में यात्रियों की सुरक्षा का भी कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है,जिसके चलते किसी भी समय बड़ी दुर्घ टना हो सकती है।जनपद के शहर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर डग्गामार वाहनों की भरमार देखने को मिल रही है। मुख्य मार्ग हों या फिर ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाले मार्ग सभी पर



दिन भर डग्गामार वाहनों को दौड़ते देखा जा रहा है।मार्गों पर डग्गा मारी करते हुए दौड़ रहे अर्टिगा,बोलोरो, मैजिक, मैक्स,ई-रिक्शा, टेंपो आदि में यात्री सुरक्षा मानकों की भी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।वाहनों पर क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर यात्रा की जा रही है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है।वहीं डग्गामार वाहनों के संचालन के चलते सर कारी राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।रोडवेज बसों को जहां यात्री नहीं मिल रहे तो वहीं परमिट वाहनों की संख्या कम हो रही है,यात्रियों का आरो प है, कि वाहन स्वामी जबरन किराया भी अधिक वसूल रहे हैं।वहीं विरोध करने पर यात्रियों से बद सलूकी भी की जाती है।कई यात्रियों का कहना है, कि जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की गयी है, लेकिन कार्रवाई शून्य है।

### ट्रैफिक पुलिस के थाने का प्राप्त है संरक्षणः सूत्र

क्षेत्र में चर्चा है,कि अवैध डग्गामार वाहनों के संचा लकों को ट्रैफिक थाने के पुलिस का संरक्षण हासि ल है।जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस सब कुछ देखने के बाद भी लग्जरी टैक्सी गाड़ियां अर्टिगा,बोलेरो, डिजायर,अवैध टैंपो, टैक्सी, बस आदि के संचालन पर कोई पाबंदी नहीं लगा रही है। लोगों में ट्रैफ़िक पुलिस के प्रति रोष देखने को मिल रहा है। नगर कोतवाली क्षेत्र में डग्गामारी का आलम यह है, कि ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर से कई अन्य प्रदेशों के लिए बसों का संचालन किया जा रहा है,गुरु नानक चौराहे से लेकर एलबीएस चौराहे के पास से संचा लित हो रही इन अर्टिगा,बोलेरो,डिजायर, मैक्स के द्वारा यात्रियों को लखनऊ,पंजाब, दिल्ली व मुंबई आदि की यात्रा करवायी जाती है।वहीं इसके एव ज में यात्रियों से मोटी रकम भी वसूली जा रही है।वही डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने का जिम्मा संभागीय परिवहन विभाग,परिवहन निगम, ट्रैफिक पुलिस,स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन पर है। बावजूद सभी जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने के प्रति उदासीन दिख रहे हैं।चारों विभागों को डग्गा मार वाहनों को बंद कराना चाहिए, लेकिन शायद ही कभी कोई कार्रवाई की गई हो। कार्रवाई न होने से डग्गामार वाहन चालकों के हौंसले बुलंद है।

## ओ लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 20 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री भारद्वाज ने बताया कि ऐसे अभिभावकों जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी पिछड़ी जाति का हो, शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से न्यून न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 20 जुलाई 2026 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# ग्राम पंचायतों में पौधरोपण के लिए तैयारी पूरी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक ने शुक्रवार को सभी ग्राम पंचायत सचिवों व मनरेगा कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने आगामी रविवार को वृहद पौधारोपण करने के लिए ग्राम पंचायतवार लक्ष्य नि र्धारित किया।खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक ने बताया कि विकासखंड रुपईडीह में 106 ग्राम पंचायतों में कुल 26 लाख सात हजार 401 पौधे रोपे जाएंगे। ब्लॉक क्षेत्र के हर ग्राम पंचायत में 2522 पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी सचिवों व प्रशासकों को नर्सरी से पौध उठान करने का निर्देश दिया गया है ताकि पौधरोपण किया जा सके।इसमें एडीओ पंचायत बृजेश पटेल,एपीओ केपी सिंह,दिवाकर पांडे,गुलशन,मनोज श्रीवास्तव, योगेश दूबे, रमेश मिश्रा, रमेश कुमार, प्रदीप कुमार,प्रिंस मिश्रा, नेहा कुशवाहा,नंदनी मौर्य, जानकी तिवारी, ज्योतिका राय,राधे रमण प्रजापति,अनिल वर्मा,देवेश श्रीवास्तव,विंध्यवासिनी भारती,जय चंद्र वर्मा मौजूद रहे।

# पेट्रोल में बढ़ता एथेनॉल, वाहन स्वामियों के लिए सिरदर्द




**प्रमुख समस्याएं एक नज़र में माइलेज में गिरावट एथेनॉल की कम ऊर्ज़ा दक्षता के कारण गाड़ियां कम एवरेज दे रही हैं।**

**इंजन को नुकसानः पुराने वाहनों के इंजन (जो ¼20 रेडी नहीं हैं) इस ईंधन को झेल नहीं पा रहे हैं।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पर्यावरण को बचाने और विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित करने के उद्देश्य से पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट (ब्लेंडिंग) लगातार बढ़ाई जा रही है। लेकिन जमीनी स्तर पर यह कदम वाहन स्वामियों के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है।गोंडा में भी नगर क्षेत्र सहित देश के कई हिस्सों से वाहनों के इं जन खराब होने और परफॉर्मेंस गिरने की गंभीर शिकायतें सामने आ रही हैं।उपभोक्ताओं की बड़ी परेशानीः माइलेज कम,आवाज ज्यादा जनपद के कई वाहन स्वामियों ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि पेट्रोल से चलने वाले दोपहिया और चारप हिया वाहनों में इन दिनों भारी दिक्कतें आ रही हैं। गाड़ी स्टार्ट करते समय इंजन से असामान्य और ते ज आवाजें आ रही हैं।इसके अलावा,गाड़ियों का माइलेज अचानक से काफी कम हो गया है, जिस से जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

### स्टार्टिंग की समस्या और इंजन

फ़ेलियर उपभोक्ताओं का कहना है कि सबसे बड़ी समस्या सुबह या गाड़ी कुछ देर खड़ी रहने के बाद उसे स्टार्ट करने में आती है।कई बार 'स्टार्टिंग ट्रब ल' के कारण लोग गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच

पाते। जब इन वाहनों को गैरेज ले जाया गया, तो मैकेनिकों ने जो खुलासा किया वह चौंकाने वाला था,मैकेनिकों का दावा है कि पेट्रोल में एथेनॉल की अधिक मिलावट के कारण इंजन के अंदरूनी हि स्सों विशेषकर फ्यूल पंप,इंजेक्टर्स और कार्युरेटर में जंग लग रही है।एथेनॉल नमी (पानी) को सोख ता है,जिससे इंजन के पार्ट्स समय से पहले खराब हो रहे हैं और उपभोक्ताओं को भारी-भरकम खर्च उठाना पड़ रहा है।

### सोशल मीडिया पर फूटा जनता का आक्रोश

यह समस्या केवल किसी एक विशेष क्षेत्र तक सी मित नहीं रह गई है।एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से परे शान होकर अब तमाम वाहन स्वामी सोशल मीडि या (ड्ग, फ़ेसबुक, यूट्यूब) का सहारा ले रहे हैं।लोग खराब हुए पार्ट्स और बंद पड़ी गाड़ियों के वीडियो बनाकर पोस्ट कर रहे हैं और केंद्र सरकार तक अ पनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं। देशव्यापी स्तर पर इस मुद्दे को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है

### सरकार और ऑटो कंपनियों से कार्रवाई की मांग

वाहन स्वामियों और जानकारों का कहना है कि सरकार को एथेनॉल ब्लेंडिंग की नीति पर दोबारा विचार करना चाहिए या फिर इसके दुष्प्रभावों से निपटने के लिए फ्यूल की गुणवत्ता को बेहतर कर ना चाहिए।उपभोक्ताओं की मांग है कि जब तक पुरानी गाड़ियां सड़कों पर हैं,तब तक बिना एथेनॉ ल (या कम एथेनॉल) वाला 'प्योर पेट्रोल' का विक ल्प भी पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध कराया जाना चाहि ए, ताकि आम जनता को इस आर्थिक और मान सिक प्रताड़ना से राहत मिल सके।

# शहर में नाला निर्माण के लिए गड्डा खोद गायब हुआ अमला, व्यवसाय प्रभावित

**दुकानों के सामने खोदा गया नाला बना व्यापार पर संकट,ग्राहक लौटने को मजबूर**

**अधूरे निर्माण कार्य से दुकानो की रौनक फीकी, दुकानदारों ने जल्द निर्माण की उठाई मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । नगर पालिका परिषद में मंडे नाला के पास सड़क किनारे बनी दुकानों के सामने नाला निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे के कारण दस दिनों से दुका नों पर जाने के लिए रास्ते बंद है निर्माण कार्य की धीमी गति से कारोबार ठप होने से व्यवसायियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है गौरतलब है कि मंडे नाला के पास स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के बगल बनी दुकानों के ठीक सामने नाला नहीं होने के कारण जलजमाव की स्थिति बनी रह ती थी जिसके चलते सडांध के साथ ही मच्छर सहित अन्य रोगाणु पनप लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहे है जिससे नगर पालिका के द्वारा बारिश



के पूर्व नाला निर्माण खोदा गया जो अब खोद कर छोड़ दिया गया है।स्थानीय व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। दुकानों के ठीक सामने नाला निर्माण के लिए गहरी खुदाई कर दी गई है,जिससे ग्राहकों का दुका नों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है और दुकानदारों का कहना है कि उनकी बिक्री में लगातार गिरावट आ रही है।दुकानों के सामने खुदाई तो कर दी गई, ले किन अभी तक नाला निर्माण का कार्य नहीं शुरू किया गया है।जिससे लोगों को परेशानी का साम ना करना पड़ रहा है।कई ग्राहक असुविधा के कार ण बिना खरीदारी किए ही वापस लौट रहे हैं। स्था नीय दुकानदारों का कहना है कि बरसात के मौस म में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।खुले गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है, वहीं छोटे बच्चों, बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।व्यापारियों की प्रशासन और सं बंधित विभाग से मांग है कि नाला निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा दुकानों के सामने सुरक्षित आ वागमन की व्यवस्था की जाए,ताकि दुकान की सा मान्य गतिविधियां बहाल हो सकें और व्यापारियों को हो रहे आर्थिक नुकसान से राहत मिल सके।

# बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख को सड़क जाम करना पड़ा महंगा, प्रमुख समेत सात पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के छपिया थाना क्षेत्र में रोड जाम कर प्रदर्शन करना बजरंग दल के गौ रक्षा प्रमुख को म हंगा पड़ा है,सड़क जाम करने पर गौ रक्षा प्रमुख समेत सात नामजद और बीस -तीस अज्ञात लोगों को महंगा पड़ा है।छपिया पुलिस ने बीते गुरुवार 9 जुलाई देर रात 11 बजे इन सभी के खिलाफ उप निरीक्षक शिवकुमार यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है जिसकी कॉपी आज शुक्रवार सुबह दस बजे सामने आई है घटना आठ जुलाई की रात हथियागढ़ पुलिस चौकी के सामने गौरा चौकी मस कनवा मार्ग पर हुई थी।जब गौ-कशी का आरोप ल गाते हुए गौरा चौकी मसकनवा मार्ग को जाम कर के इन लोगों ने तीन घंटे



तक विरोध प्रदर्शन किया था।इसमें बजरंग दल के गौ रक्षाप्रमुख सुरेश सोनी मंगल प्रसाद, अरविंद शर्मा, संचित कश्यप, सूरज तिवारी, अनूप शुक्ला, पिंटू मौर्या और 25 से 30 अज्ञात लोग शामिल थे।जिनके खिलाफ अब शां ति और कर्म व्यवस्था प्रभावित करने को लेकर के मुकदमा दर्ज किया गया है।उपनिरीक्षक शिवकुमा र यादव ने अपनी तहरीर में बताया कि आठ जुला ई को उन्हें सूचना मिली थी कि ग्राम बुटहा के साम ने दो गायों को रस्सी से बांधकर लाया जा रहा है और उनकी पिटाई की जा रही है। इसी सूचना पर प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया था।मौके पर पहुं चने पर सुरेश सोनी समेत करीब तीस लोग हथि यागढ़ पुलिस चौकी के सामने इकट्ठा हो गए।उन्हों ने आरोप लगाया कि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं क र रही है और सड़क के बीचों-बीच बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।इससे दोनों तरफ से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे शांति व्यवस्था और आवागमन प्रभावित हुआ। प्रदर्शनकारियों ने लग भग तीन घंटे तक सड़क जाम कर पुलिस के खि लाफ नारेबाजी की।छपिया पुलिस अब वायरल वीडियो के आधार पर अज्ञात लोगों की पहचान कर रही है।मनकापुर के सीओ उदित नारायण पालीवाल ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है और कानून हाथ में लेने की किसी को छूट नहीं है।मैं भी मौके पर गया था काफी समझाने का प्रयास किया फिर भी यह लोग नहीं मान रहे थे मेरे खिलाफ भी नारेबाजी कर रहे थे लोगों के आने-जाने में काफी कठिनाइयों भी हो रही थी,पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने और आमजन को परेशानी में डालने वा लों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं,मामले में पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनता दर्शन में डीआईजी ने सुनीं समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । देवी पाटन परिक्षेत्र के सभी थाना व चौकी प्रभारी यह प्रयास करें कि पीड़ित फरियादियों को थाना व चौकी स्तर पर ही न्याय मिल जाए।यदि यह शिकायत मिली कि किसी चौकी व थाना प्रभा री द्वारा पीड़ितों की फरियाद सुनने में हीला हवा ली की गई तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।यह बातें शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने कहीं।साथ ही इसके लिए डीआईजी रीडर को सभी थाना व चौकी प्रभारी को निर्देश देने को कहा।इस दौरान उनके द्वारा जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं व शिकायतों को सुनकर संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को फोन के माध्यम से तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने की आधारशिला है।

## नवोदय विद्यालय के कक्षा 06 में प्रवेश हेतु कर सकते है आवेदन

बहराइच । पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर, बहराइच के प्राचार्य रऊफ अहमद ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 06 में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 01 जुलाई 2026 से प्रारम्भ हो गई है। इच्छुक व्यक्ति नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदय डाट जीओवी डाट इन पर 31 जुलाई 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन या इससे सम्बन्धित जानकारी के लिए उप प्राचार्या मो.न. 7976325784, पीजीटी अर्थ शास्त्र समन्वयक मो.न. 8299892286 एल.डी.सी. के मो.न. 9415659778 पर सम्पर्क किया जा सकता है। वर्तमान सत्र 2026-27 में सरकारी/मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 3 व 4 में पूरा सत्र अध्ययन करने तथा कक्षा-5 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अपने मूल जनपद में आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01 मई 2015 पूर्व तथा 31 जुलाई 2017 के पश्चात नहीं होनी चाहिए।

# बाढ़ प्रबंधन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं : प्रमुख सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश अपर्णा यू.की अध्यक्ष ता तथा राहत आयुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद की उपस्थिति में प्रदेश के बाढ़ से सर्वाधिक संवेदन शील 18 जनपदों की बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृ त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में देवी पाटन, लखनऊ,अयोध्या,बस्ती,गोरखपुर एवं आज मगढ़ मंडलों के अंतर्गत आने वाले बाढ़ संभावित जनपदों की तैयारियों का विभागवार संबंधित अ धिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।समी क्षा के दौरान बाढ़ संबंधी कार्यों के लिए जारी टेंड रों एवं कार्यादेशों की प्रगति, बाढ़ शरणालयों की स्थापना तथा उनमें पेयजल, विद्युत, शौचालय और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की




उपलब्ध ता का परीक्षण किया गया। साथ ही नाव, नाविक, गोताखोर एवं स्वयंसेवकों की उपलब्धता, संवेदन शील तटबंधों एवं कटान स्थलों पर कराए गए सुर क्षात्मक कार्य, बाढ़ चौकियों एवं नियंत्रण कक्षों की स्थापना, चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा टीमों की उ पलब्धता, आवश्यक दवाओं,एम्बुलेंस,पशु चारे, पे यजल, स्वच्छता एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था त था पूर्व चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम) और जनजागरूकता अभियान की भी समीक्षा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समयबद्ध तैयारी, विभागी य समन्वय और त्वरित निर्णय अत्यंत आवश्यक हैं।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।सभी विभाग संभावित बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी तैया रियां समय से पूर्ण करें तथा जन-धन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।उन्होंने कहा कि राहत शिविरों, नियंत्रण कक्षों एवं अन्य आवश्यक व्यव स्थाओं को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। संवेदन शील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने,स्था नीय प्रशासन को सतर्क रखने तथा आवश्यक सं साधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बाढ़ संबंधी चेताव नियां समय से आमजन तक पहुंचाने के लिए सभी उपलब्ध संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए तथा जनजागरूकता अभियान को और व्या पक बनाया जाए।सचिव, राजस्व एवं राहत आयु क्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी तथा अन्य बचाव एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर बल देते हुए कहा कि सभी संसाधनों को आवश्यकता के अनुरूप तैयार रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वभ रित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा सकें। उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ प्रबंधन को जनसेवा का महत्वपूर्ण दायित्व मानते हुए प्रत्ये क प्रभावित व्यक्ति तक समय पर सहायता पहुंचा ने की अपेक्षा की।प्रमुख सचिव एवं राहत आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए की बाढ़ आने पर सभी ग्राम वासियों को समय से सूचना दे दी जाए। बाढ़ कार्य के दौरान वालंटियर से मदद ली जाये। बाढ़ शरणालय की व्यवस्था पहले से कर ली जाये बाढ़ शरणालय में सारी व्यवस्था हो।बाढ़ शरणाल य के पास पशु शरणालय भी बनाया जाए। इन्होंने नगर विकास के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शहरों के मेन होल खुले न रहे, उन्हें बंद कराया दिया जाये।

### मंडलायुक्त द्वारा दिए गए प्रमुख सुझाव

प्रमुख सचिव (राजस्व), उत्तर प्रदेश शासन एवं राहत आयुक्त की उपस्थिति में देवीपाटन मंडल में आयोजित छह मंडलों देवीपाटन,अयोध्या, लखन ऊ बस्ती, गोरखपुर एवं आज़मगढ़—के 18 बाढ़ संवेदनशील जनपदों की बाढ़ पूर्व तैयारियों की स मीक्षा बैठक में मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल,दुर्गा श क्ति नागपाल द्वारा देवीपाटन मंडल की बाढ़ पूर्व तैयारियों एवं नवाचारों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया।वही बाढ़ संभावित क्षेत्रों में लगभग ती स गर्भवती महिलाओं का पूर्व चिन्हांकन किया ग या है,ताकि आवश्यकता पड़ने पर समयबद्ध चिकि त्सीय सहायता एवं सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरण सुनिश्चित किया जा सके।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प शुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं कृमिनाशक दवापान पूर्ण कराते हुए चारा एवं भूसे की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।संभावित बाढ़ प्रभा वित क्षेत्रों में नावों की अग्रिम उपलब्धता एवं आप दा प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ किया गया है, जिससे राहत एवं बचाव कार्य त्वरित रूप से संचालित कि ए जा सकें।बाढ़ संभावित क्षेत्रों में डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है,जिससे फसल क्षति का शी घ्र आकलन कर प्रभावित किसानों को समयबद्ध मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके।रेडक्रॉस, कॉ र्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व ( सीएसआर ) एवं स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से राहत किट, सामुदायिक रसोई एवं चिकित्सा सहायता की अ ग्रिम तैयारी सुनिश्चित की गई है।बाढ़ प्रभावित होने की स्थिति में बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रखने के उद्देश्य से वैकल्पिक विद्यालय स्थलों का पूर्व चयन किया गया है। देवीपाटन मंडल में बाढ़ प्रबंधन के लिए पूर्व तैयारी,विभागीय समन्वय, तक नीक आधारित योजना एवं समुदाय की सहभागि ता को प्राथमिकता देते हुए व्यापक स्तर पर कार्य वाही की गई है,जिससे संभावित आपदा की स्थि ति में जनधन की सुरक्षा एवं त्वरित राहत सुनिश्चि त की जा सके।बैठक में देवीपाटन मंडल आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन सहित प्रदेश के बाढ़ प्रभावित अन्य जनपदों के अ पर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पुलिस, सिंचा ई,लोक निर्माण, ग्राम्य विकास, कृषि,स्वास्थ्य, विद्यु त एवं पशुपालन विभाग के मंडलीय एवं क्षेत्रीय अ धिकारी तथा एनडीआरएफ,एसडीआरएफ एवं पी एसी के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों ने अपनी-अपनी बाढ़ पूर्व तैयारियों का प्रस्तुतिकरण करते हुए समयबद्ध कार्ययोजना से अवगत करा या इस अवसर पर 18 जनपदों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पीलीभीत में आम महोत्सव-2026 में जुटे भाजपा नेता, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने पीलीभीय में आयोजित किया आम महोत्सव-2026**




पीलीभीत। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा आयोजित आम महोत्सव-2026 में भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम आत्मीय मिलन, सामाजिक समरसता और सकारात्मक संवाद का केंद्र बना।

गुरुवार देर शाम शहर के ओम लॉन में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विभिन्न किस्मों के आमों का स्वाद लिया और आपसी संवाद के माध्यम से संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा की। आयोजन का उद्देश्य केवल आम के विविध स्वादों से परिचय कराना नहीं, बल्कि पारिवारिक वातावरण में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को मजबूत करना भी रहा। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और आपसी संवाद को बढ़ावा देने वाला सार्थक प्रयास बताया। कार्यक्रम में आम महोत्सव-2026 का सेल्फी प्वाइंट विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान आदि सहित भाजपा एवं संघ परिवार के बड़ी संख्या में अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं शहर के अधिकांश गणमान्य नगरवासी उपस्थित रहे।

# पड़ोसी राज्य उत्तराखंड को जोड़ने वाला मार्ग दलदल में तब्दील, पत्थरों से भरा ट्रक फंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बन्दर बोझ में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, कीचड़ और दलदल बन जाने से आवागमन दूभर हो गया है। शारदा नदी के कटान को रोकने के लिए ठोकर निर्माण में उपयोग होने वाले पत्थर लेकर जा रहा एक ट्रक इसी बदहाल सड़क पर दलदल में फंस गया। ट्रक के फंसते ही मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों और चालक की मदद से ट्रक को बाहर निकाला जा सका।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग दोनों राज्यों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, लेकिन वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं हुई है। बरसात में स्थिति और बदतर हो जाती है। बाइक और छोटे वाहन फिसलकर गिर रहे हैं, वहीं भारी वाहनों के फंसने का खतरा बना रहता है।ग्रामवासियों ने सड़क की दुर्दशा का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि मार्ग की तत्काल मरम्मत और पक्कीकरण कराया जाए, ताकि आमजन और आपातकालीन सेवाओं को आवागमन में दिक्कत न हो।

# पदोन्नति प्राप्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित, 4 बीईओ हुए वरिष्ठ प्रवक्ता डायट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। डायट परिसर में जनपद से चार खंड शिक्षा अधिकारी और सहायक वित्त लेखाधिकारी को एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा के कर्मचारी और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र के तमाम शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अधिकारी को भावभीनी विदाई दी। समारोहों में शिक्षकों द्वारा बीईओ के कार्यकाल की सराहना की गई। उनके द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने में निभाए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीईओ को फूल-माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष रणबीर सिंह ने पदोन्नति पाकर वरिष्ठ प्रवक्ता डायट बनाए गए बीईओ के साथ व्यतीत कार्यों की सराहना करते हुए विशेष सम्मान व्यक्त किया। साथ ही सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी रहे नरेंद्र पाल सिंह के मूल विभाग में वापसी पर बधाई दी।मंच का संचालन कर रहे संतोष सिंह प्रतापगढ़ी ने बीईओ के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में ब्लॉक के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और उनका सहयोगात्मक रवैया हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में, समस्त बेसिक शिक्षा परिवार की ओर से उन्हें एक सुंदर स्मृति चिह्न भेंट की गई। विदाई समारोह में पदोन्नति पाए खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों और कर्मचारियों से जो प्यार और सहयोग यहाँ मिला है, उसे वो अपने जीवन में कभी नहीं भूल पाएंगे। शिक्षा का असल उद्देश्य तभी पूरा होता है जब पूरी टीम एक परिवार की तरह काम करे।इस मौके पर समस्त बी ई ओ, कार्यालय सहायक सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# चोरी के पचहत्तर मीटर बिजली के एल्यूमिनियम तार के साथ तीन युवक गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने चोरी के पचहत्तर मीटर बिजली के एल्युमिनियम के तार के साथ बाइक सवार तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल पर सवार अमर नाथ तिवारी उर्फ लोधे पुत्र रामतीरथ, रौनक सिंह पुत्र शिव सहाय निवासीगण ग्राम पठकीपुर भंडारा मजरे प्रतापपुर थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर व अभय प्रताप सिंह उर्फ शक्ति सिंह पुत्र स्व. शिव सिंह मिवासी ग्राम बड़ी गौहनिया मजरे बाजगढ़ी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस के कागज मांगने दिखा नही सके। इन युवकों के कब्जे से पचहत्तर मीटर बिजली के एल्युमिनियम का तार बरामद हुआ। बरामद बिजली के तार के बारे में पूछने पर गिरफ्तार युवकों ने बताया कि तीनो लोग मिलकर घूम फिर कर ऐसे बिजली के खंभों को चिन्हित कर लेते हैं जिनमें तार तो लगा होता है लेकिन लाइट नहीं होती है जिसे मौका पाकर काट कर बेंच लेते हैं बरामद तार को बीती सात जुलाई को नहर पटरी के किनारे से काटकर चुरा लिये थे जिसका आधा हिस्सा बेचकर रूपयों को आपस में बांट लिया था बरामद तार उसी चोरी का है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## हस्पिटल के बाहर से उड़ी बाइक, पूरनपुर में बेखौफ वाहन चोरों का आतंक जारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में बाइक चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं ताजा मामले में शाहजहांपुर जनपद के ग्राम सिंघापुर कुरसण्डा निवासी विकास अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए 17 जून को किरन अस्पताल पहुंचे थे उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (संख्या यूपी-27 बीएच-9147) अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर खड़ी की थी शाम लगभग 4:50 बजे अज्ञात चोर बाइक लेकर फरार हो गए काफी तलाश के बाद भी वाहन का पता न चलने पर पीड़ित ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है नगर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बाइक चोरियों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है पुलिस पूर्व में कई वाहन चोर गिरोहों का पर्दाफाश कर आरोपियों को जेल भेज चुकी है, इसके बावजूद चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और अस्पतालों के बाहर खड़े वाहन चोरों के आसान निशाने बन रहे हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी निगरानी सुदृढ़ करने और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता है, ताकि वाहन स्वामियों में सुरक्षा की भावना पैदा हो सके और बेखौफ चोरों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## दहेज उत्पीड़न व चाकू से हमले के आरोप में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर क्षेत्र की रहने वाली साधना पाईक की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जानलेवा हमले के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह 30 नवंबर 2020 को बहराइच जनपद के पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुभाष नगर निवासी प्रताप मंडल से हुआ था विवाह के लगभग एक वर्ष तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में पति, सास कल्पना मंडल, ससुर परतोष मंडल तथा ननद पार्वती मंडल द्वारा कथित रूप से दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा शिकायत के अनुसार, विरोध करने पर उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी साधना का आरोप है कि पति ने परिजनों के उकसावे पर उसके हाथ पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने का प्रयास किया शोर सुनकर गांव के प्रधान मौके पर पहुंचे और उसे आरोपितों के चंगुल से बचाकर अपने घर ले गए प्रधान ने उसके मायके वालों को बुलाकर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया, जिसके बाद 1 जून 2026 को उसके माता-पिता उसे अपने साथ पूरनपुर ले आए पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खेत की मेड़ को लेकर विवाद बढ़ा, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरिया ता अजीतपुर बिल्हा में खेत की मेड़ को लेकर चल रहा विवाद मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया पीड़िता माया देवी की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तहरीर के अनुसार, माया देवी का खेत गांव के किनारे स्थित है उनका आरोप है कि गांव के बैनीराम पुत्र नारायण आए दिन खेत की मेड़ काटकर उसे अपने खेत में मिलाने का प्रयास करता था 8 जुलाई को जब उन्होंने इसका विरोध किया तो बैनीराम, राकेश, नंदकिशोर और अकिला ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की शोर सुनकर पहुंचे उनके पति मंगरे लाल के साथ भी अभद्रता की गई और डंडों से हमला करने का प्रयास किया गया पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपित लगातार उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है अधिकारियों के अनुसार, मामले की निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल चलो अभियान द्वितीय चरण के तहत पन्द्रह जुलाई तक चलेगा विशेष नामांकन अभियान: बीएसए

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान एक जुलाई से पन्द्रह जुलाई तक चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत तीन वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों में तथा छह वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी बच्चों का कक्षा एक में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराया जा रहा है इसके साथ ही चौदह वर्ष तक के सभी ड्रॉपआउट एवं आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हीकरण कर उन्हें पुनः विद्यालयों से जोड़ा जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ विभिन्न सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं कार्यपुस्तिकाएं प्रदान की जा रही हैं तथा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी हेतु एक हजार दो सौ रुपया प्रति छात्र की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील करते हुये कहा कि अपने बच्चों का निकटतम परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें तथा विद्यालयों में अधिक से अधिक प्रवेश सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करें। बीएसए संजय तिवारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है और इसके लिये व्यापक स्तर पर नामांकन अभियान संचालित किया जा रहा है।

## पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत गैंगेस्टर एक्ट में वांछित पच्चीस हजार रूपये का इनामिया शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना मुसाफिरखाना में वांछित राम कुमार यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी पूरे शिवगुलाम मजरे भनौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब चौबीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना मुसाफिरखाना पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद सुलतानपुर व जनपद अमेठी के विभिन्न थानो पर चोरी, मारपीट, दुष्कर्म, आर्म्स एक्ट, पॉक्सो एक्ट व अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। उपर्युक्त वांछित युवक की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पच्चीस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये बदमाश को जेल भेज दिया गया है।

## प्रतिबिंब पोर्टल की जांच में सामने आई साइबर ठगी, आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना हजारा पुलिस द्वारा प्रतिबिंब पोर्टल पर संदिग्ध मोबाइल नंबरों की नियमित जांच के दौरान साइबर ठगी से जुड़े एक मोबाइल नंबर का पता चलने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई 2026 को जांच के दौरान एक मोबाइल नंबर की लोकेशन रामनगर संपूर्णानगर क्षेत्र में पाई गई पोर्टल पर इस नंबर से संबंधित दो साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज थीं, जिनमें कुल 5,500 रुपये की धोखाधड़ी दर्शाई गई थी मामले की जानकारी जनपदीय साइबर सेल को भेजी गई जांच में मोबाइल नंबर का उपयोग खीरी जनपद के संपूर्णानगर चीनी मिल कॉलोनी निवासी कृष्ण शर्मा पुत्र रामभजन शर्मा के नाम से होना पाया गया प्रारंभिक जांच में प्रकरण में आपराधिक संलिप्तता के संकेत मिलने पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी जांच पूरी होने तक आरोपों की अंतिम पुष्टि होना शेष है।

## साढ़े तीन घंटे में दबोचा गया आरोपी, मासूम से दुष्कर्म प्रकरण में घुंघचाई पुलिस की त्वरित कार्रवाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना घुंघचाई क्षेत्र में सात वर्षीय बालिका के साथ कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को मुकदमा दर्ज होने के लगभग साढ़े तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार, वादिनी की तहरीर पर 9 जुलाई को थाना घुंघचाई में धारा 65(2) बीएनएस एवं पॉक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया मामला दर्ज होते ही पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए गांव ज्ञानपुर महोलिया निवासी गुरफाम उर्फ गुलफान (22) सात वर्षीय बच्ची को चॉकलेट और अन्य सामान दिलाने का लालच देकर सरकारी विद्यालय परिसर में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की जांच और दबिश के दौरान नामजद आरोपी गुरफाम उर्फ गुलफान पुत्र नूर हसन को उसी रात लगभग 10:55 बजे मटहैना चौराहे के पास पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया था पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है मामले की विवेचना जारी है।

# सांड के हमले में बुजुर्ग घायल अस्पताल पहुंचे सपा नेता अशोक राजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव में आवारा सांड के हमले से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव ककरौआ निवासी रामचंद्र पुत्र प्यारे लाल घर के पास से गुजर रहे थे, तभी एक आवारा सांड ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बुजुर्ग जमीन पर गिर पड़े और उन्हें चोटें आईं।आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना मिलते ही सपा नेता अशोक राजा भी अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने घायल रामचंद्र के परिजनों से घटना की जानकारी ली और भर्ती वार्ड में जाकर उनका हालचाल जाना। सपा नेता ने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों से घायल का समुचित इलाज करने और सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा। सपा नेता अशोक राजा ने कहा कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ रही है। सांड और गौवंश सड़कों और गलियों में घूमकर आमजन के लिए खतरा बने हुए हैं। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द गोशालाओं में इन पशुओं को रखा जाए ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। सपा नेता ने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

# हरित भविष्य की ओर बढ़ा नानपारा, भारत विकास परिषद ने चलाया वृहद वृक्षारोपण अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से भारत विकास परिषद, महात्मा बुद्ध शाखा नानपारा द्वारा शुक्रवार को श्री शंकर इंटर कॉलेज परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान परिषद के पदाधिकारियों, वन विभाग के अधिकारियों, विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन परिषद के नैमिष प्रांत द्वारा निर्धारित वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के रेंजर पीयूष गुप्ता, डिप्टी रेंजर अमित वर्मा एवं वन कर्मी ऋषिपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र कांत, सचिव उमेश चंद्र शाह, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव, मार्गदर्शक मंडल के सदस्य सुरेश चंद्र शाह एवं प्रेम नाथ मिश्रा सहित मनोज तिवारी, अजय अग्रवाल, शिवकुमार वैश्य, संत बहादुर वर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, राजेंद्र मित्तल, श्वेता सिंह, डॉ. एस.पी. श्रीवास्तव तथा हरिशंकर शर्मा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन विभाग के सहयोग से अभियान के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराए गए। विभाग की ओर से पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड (जाली) उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया। वहीं श्री शंकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुराग श्रीवास्तव ने विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों के नियमित संरक्षण, सिंचाई और देखभाल की जिम्मेदारी निभाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान रेंजर पीयूष गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं परिषद के सदस्यों को पौधरोपण की वैज्ञानिक विधि की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पौधे की पॉलिथीन सावधानीपूर्वक हटाने के बाद उसे खाद मिश्रित मिट्टी में रोपित करना चाहिए। इसके बाद पौधे की जड़ों के चारों ओर मिट्टी को अच्छी तरह दबाकर थाला बनाना चाहिए, ताकि सिंचाई का पानी पौधे की जड़ों तक आसानी से पहुंच सके और उसका समुचित विकास हो। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल, सुरक्षा और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। यदि लगाए गए पौधों का सही तरीके से पालन-पोषण किया जाए, तभी वृक्षारोपण अभियान अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर सकता है। इस दौरान विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने का आह्वान भी किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के निर्माण और लगाए गए पौधों की निरंतर देखभाल का सामूहिक संकल्प लेने के साथ हुआ।

## सत्रह वर्षीय गुमशुदा बालक की तलाश में जुटी पुलिस

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे बाबू मजरे अरियांवा का एक सत्रह वर्षीय बालक अपने घर से बिना बताये कहीं चला गया है परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नही लग सका है। बालक के पिता स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है पुलिस ने अभियोग दर्जकर बालक की तलाश में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे बाबू मजरे अरियांवा निवासी लक्ष्मी नारायन पुत्र राधेश्याम ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उसका सत्रह वर्षीय सुपुत्र अंकित बीती सात जुलाई को करीब डेढ़ बजे दोपहर में घर में बिना बताये पता कहीं चला गया है।काफी समय बीत जाने के बाद जब वह घर घर में नही दिखाई दिया तो हम लोग गांव व आस पडोस एवं नातेदारी व रिस्तेदारी में काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नही चल सका है।उसके बाद करीब सात बजे शाम को घर के मोबाइल नम्बर पर उसका फोन आया कि मैं अंकित बोल रहा हूं। हम लखनऊ स्टेशन पर पांच नम्बर प्लेटफार्म पर है उसके बाद फोन काट दिया।

## सम्पादकीय

# गैंगवार पर वार

अमेरिका ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ के खिलाफ कई देशों में कार्रवाई करते हुए दो दर्जन लोगों को गिरफ्तार करने और नशीले पदार्थ व हथियार बरामद करने का दावा किया है। इतना ही नहीं कई अपराधों में वांछित गैंगस्टर गोल्डी बराड़ पर भी एफबीआई ने पचास हजार डॉलर का इनाम घोषित किया है। अमेरिकी अभियोजन पक्ष का दावा है कि इन गैंगों के गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई में एफबीआई, लॉस एंजिल्स पुलिस, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस तथा अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अमेरिका की यह ताबड़-तोड़ कार्रवाई कनाडा सरकार की उस घोषणा के तुरंत बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि कनाडा के निज्जर हत्याकांड में भारत की कोई भूमिका नहीं थी। उल्लेखनीय है कि बहुचर्चित निज्जर हत्याकांड को लेकर पिछली जस्टिन ट्रूडो सरकार ने भारत सरकार के एक अधिकारी पर संलिप्तता के आरोप लगाए थे। जिसके चलते भारत व कनाडा के रिश्ते सबसे निचले स्तर तक जा पहुंचे थे। लेकिन नई सरकार ने ट्रूडो की थ्योरी को नकार दिया था। जिसके बाद ही अमेरिका की यह तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कनाडा पुलिस के सूत्रों के अनुसार अमेरिका लारेंस बिश्नोई के प्रत्यारोपण की मांग करेगा। फिलहाल बिश्नोई गुजरात की एक जेल में 2015 से बंद है। बहरहाल, अमेरिकी एजेंसियों द्वारा चलाए गए 'हॉर्ड बॉल ऑपरेशन' में जिन 24 लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं, उन पर भारत से जुड़े संगठित अपराधी गुटों से संबंध होने का आरोप लगाया है। लॉरेंस और गोल्डी बराड को कई मामलों में आरोपी बनाया गया है, जिसमें साल 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश में शामिल होना भी है। बाकायदा अमेरिका ने बिश्नोई को निज्जर हत्याकांड में आरोपी बनाया है। उधर लॉस एंजिल्स के संघीय अभियोजकों का दावा है कि ये गिरफ्तारियां कई साल तक चली जांच का नतीजा हैं, जो भारतीय अपराधी गिरोहों पर केंद्रित रही हैं। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों में 37 अभियुक्तों पर आरोप लगाए गये हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। ऐसे में भारतीय गैंगस्टरों पर की जा रही ताबड़-तोड़ कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। निस्संदेह, गैंगवार पर अंकुश लगना चाहिए, लेकिन सवाल इस कार्रवाई की टाइमिंग को लेकर है। इससे ठीक पहले कनाडा सरकार ने निज्जर हत्याकांड में भारत की किसी भूमिका को खारिज किया था। अमेरिका का आकलन है कि राष्ट्रवाद के नाम पर कुछ गैंगस्टरो को राजाश्रय हासिल है। आरोपपत्र में यह भी दावा किया गया है कि बिश्नोई ने खुद की छवि एक 'देशभक्त', 'राष्ट्रवादी' और 'धार्मिक' व्यक्ति के रूप में बनाई है। कयास हैं कि इसके जरिये भारत सरकार को घेरने की कोशिश जा रही है। कुछ विदेश नीति के जानकार मानते हैं कि भारत के ब्रिक्स व रूस-चीन वाले ध्रुव की ओर झुकाव के चलते दबाव बनाने हेतु इस मुद्दे को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर सहमति न बन पाने से अमेरिका क्षुब्ध है। जिसके लिये दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। सर्वविदित है कि दुनिया भर में सत्ताएं बनाने व सरकार गिराने के खेल में अमेरिका किस हद तक जाता है। उसे पूरी दुनिया में सत्ता की शतरंज खेलने में 'डीप स्टेट' के इस्तेमाल का जनक माना जाता है। सवाल है कि भारतीय संसद व मुंबई पर हुए भीषण आतंकवादी हमलों में शामिल पाक आतंकवादियों व मास्टर माइंडों पर क्या ऐसे कार्रवाई हुई है? जबकि कई मास्टरमाइंड अमेरिका में रह रहे थे? क्या ऐसी कार्रवाई पाक सरकार समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के खिलाफ हुई, जब पहलगाम की बैसरन घाटी में बेकसूर 26 भारतीय पर्यटकों की हत्या उनका धर्म पूछकर की गई थी? निस्संदेह, हत्या-फिरौती और नशे की तस्करी में लिप्त किसी भी गैंग को बख्शा नहीं जाना चाहिए। ये देश की संप्रभु सरकार का भी प्राथमिक कर्तव्य है। फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई 2015 से भारतीय जेल में है और उसके खिलाफ देश में कई केस चल रहे हैं। वहीं गोल्डी बराड़ देश से फरार है। विसंगति देखिए कि अमेरिकी आरोप पत्र में नाबालिगों की भर्ती, गुर्गों का नेटवर्क चलाने के साथ देशभक्त इमेज के आरोप भी शामिल हैं।

# रुकना चाहिए जनसंख्या विस्फोट

**(विश्व जनसंख्या दिवस/ 11 जुलाई विशेष)**

**देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।**

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए। देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी। आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है। देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है। जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी वन चाइल्ड पॉलिसी को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा। जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी



सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरुकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है। **–योगेश कुमार गोयल**

# डिजिटल कलयुग के फ़ेसबुकिया मनुष्य और उनकी जलन

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

सृष्टि के प्रारंभ में विधाता ने मनुष्य बनाया था, लेकिन इस डिजिटल कलयुग में मार्क जुकरबर्ग ने फ़ेसबुकिया मनुष्य का मुखपोथी आविष्कार कर दिया। इसके साथ ही अवतरित हुआ एक नया वैश्विक संताप, डिजिटल आत्म-पीड़न। इस नए युग का मूल मंत्र बेहद अनूठा है, जहाँ लोग दूसरों की खुशियों की रंगीनियों से इस तरह आहत हो रहे हैं मानो किसी ने उनके अपने ही घर की बिजली काट दी हो। आहत होने का फैशन है, आस्था पर तो प्रहार , मानहानि के मुकदमों की भरमार है। स्थिति यह है कि जिनकी रचनात्मक क्षमता सीमित है वे केवल अपनी खुद की फ़ेसबुक दीवार पर फ्लाइंग फ्रॉम अमुक जगह टू तमुक जगह के गूगल मैप का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हैं, तो कई परम ज्ञानियों के सीने पर सीधे हवाई जहाज लैंड कर जाता है। वे भूल जाते हैं कि पोस्ट करने वाले का मकसद किसी को नीचा दिखाना नहीं, बल्कि अपनी यादों के डिजिटल शोरूम में स्वयं की विविधता को बतौर डिजिटल डायरी समेटना है । ताकि भविष्य में जब वे कोई यात्रा-संस्मरण या ट्रैवलॉग लिखें, तो संदर्भ सुरक्षित रहें। वे किसी को टैग भी नहीं कर रहे होते, फिर भी ईर्ष्या की भट्टी में खुद को झोंकने वाले स्वैच्छिक रूप से कुढ़ने का असीम सुख ढूंढ ही लेते हैं। यदि कोई यह नहीं भी लिखेगा कि वह कहां से क्या लिख रहा है तो उससे आपकी सेहत बनने या बिगड़ने वाली नहीं होती । लोगों की खुशियों में शामिल होना ही वैश्विकता है। विश्व कप फुटबॉल के लम्हे तो जीने वाले जीते ही रहेंगे, लाइव स्टेडियम में बैठकर , ऐसे लोग मैच देखें या न देखें। लोग तो अपनी थाली के भोजन से लेकर अपने रहन-सहन का कैनवास वैश्विक कर रहे हैं, जिससे अगर चश्मा बदलकर देखा जाए तो बहुत कुछ सीखा जा सकता है, मगर यहाँ तो समस्या यह है कि सामने वाले की थाली का पनीर आँखों में कंकड़ की तरह चुभ रहा होता है। ये वे ही कुंठित मनोवृत्ति के लोग होते हैं, जो महिलाओं पर व्यक्ति परक कविताएं लिखकर उनकी चरण वंदना करने के दैवीय सुख पाने की चेष्टा में फ़ेसबुक का इस्तेमाल करने से नहीं चूकते या सुंदर महिलाओं की फोटो देख, अपने सफ़ेद बालों की परवाह किए बिना,उनके इनबॉक्स में अनाधिकार मैसेज कर उनकी निजता में दखल के लिए फटकारे जाने में गर्व की अनुभूति करते हैं। इस आत्म-पीड़न का सबसे मजेदार पहलू यह है कि फ़ेसबुक ने इस भारी कष्ट से मुक्ति के लिए अनफ्रेंड, अनफॉलो और ब्लॉक जैसे परम दिव्य और सहज ब्रह्मास्त्र मुफ्त में दे रखे हैं। छुओ और मुक्त हो जाओ! पर नहीं, रील भी पूरी देखनी है, पोस्ट पर खोजी नजर भी गड़ाए रखनी है और फिर कढ़ाई के तेल की तरह खौलना भी पूरा है। दुनिया में अरबों लोग रोज न जाने क्या-क्या अद्भुत कर रहे हैं, अब अगर तुम्हारी मुख-पोथी का कोई परिचित भी अपने बल पर या अपने बच्चों के बल से जिंदगी थोड़ी शिद्दत से जी रहा है, तो उससे कलेजा सुलगाने की क्या तुक? इस कूपमंडूकता का एक और नया और डरावना रूप तब देखने को मिलता है जब बात ए.आई. यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रचनात्मक प्रयोग पर आती है। तकनीक के नाम पर केवल व्हाट्सएप फॉरवर्ड और गुड मॉर्निंग इमेज भेजने वाली जमात उन रचनाकारों से घोर ईर्ष्या कर रही है जो ए.आई. का गुणवत्तापूर्ण उपयोग कर समकालीन लेखन और कला को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। समय के साथ नवाचार को अपनाना ही हमेशा से प्रगति का पैमाना रहा है, वरना रूढ़िवादी सोच के साथ तो हम आज भी ताड़-पत्र और मोरपंख लेकर स्याही सुखा रहे होते। आज ए.आई. के साथ कदमताल मिलाकर उत्कृष्ट और प्रासंगिक लिखना लेखन की एक आधुनिक कला है जिसे पूरी दुनिया सलाम कर रही है, मगर कूपमंडूक इसे मानने को तैयार नहीं क्योंकि वे खुद इस रेस में पीछे छूट चुके हैं। डिजिटल युग में दूसरों की खुशियों और हुनर को अपनी जलन का बैकग्राउंड म्यूजिक बनाने के बजाय, खुद के कैनवास को बड़ा करना ही बुद्धिमानी है वरना फ़ेसबुक की इस रंगीन दुनिया में लोग तो लाइव आते रहेंगे और जलने वाले सिर्फ राख होते रहेंगे। इस प्रवृति पर बुंदेलखंड में लोकोक्ति है,सूप तो सूप,छलनी बोले जिसमें बहत्तर छेद । मेरा तो कहना यही है कि बजाय प्रत्युत्तर देने के कैनवास वैश्विक कीजिए और दुनिया का सकारात्मक आनंद फ़ेसबुक सर्फिंग से लीजिए और मंद मंद मुस्कुराइये।

## सेहत मंत्र

# फॉलेट से भरपूर चुकंदर है खास, प्रेगनेंसी और ब्लड प्रेशर में मिलते हैं लाभ

चुकंदर में इतने ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं कि इसके फायदों को जानकर हैरानी होती है। इसमें मौजूद सभी तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसके सेवन से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और खून की कमी पूरी होती है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है इसलिए ये कई बीमारियों और गर्भावस्था की कई समस्याओं में बहुत फायदेमंद है। इसे सलाद में कच्चा भी खाया जा सकता है और सब्जियों में पकाकर भी लोग खाते हैं। इसके अलावा चुकंदर के जूस को काफी गुणकारी माना जाता है। इसे खाने या पीने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। आइये आपको बताते हैं कि चुकंदर किस तरह आपके लिए फायदेमंद है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है। ये तत्व शरीर के लिए जरूरी है क्योंकि ये कैंसर और हार्ट अटैक की आशंका को कम करता है। प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं को फॉलिक एसिड वाले आहार खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि ये बर्थ डिफ़ेक्ट्स से बचाता है। हमारे शरीर को एक दिन में लगभग 180 से 400 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत होती है, वहीं गर्भवती महिलाओं को 400 से 800 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत पड़ती है। गर्भावस्था में फॉलिक एसिड की जरूरत आम दिनों से दोगुनी हो जाती है क्योंकि फॉलिक एसिड शिशु की निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार समय से पहले प्रेगनेंसी के मामले में भ्रूण के एम्बायरोज न्यूरल ट्यूब में कुछ परेशानी हो जाती है, तो भ्रूण का विकास ठीक से नहीं होता है। यही ट्यूब आगे जाकर बच्चे के स्पाइनल कॉर्ड और मस्तिष्क के रूप में विकसित होता है। फॉलिक एसिड की कमी के कारण बच्चा शारीरिक या मानसिक रूप से कमजोर पैदा हो सकता है या ऐसा भी हो सकता है कि उसके किसी अंग का पूरा विकास न हो पाया हो।

## धर्म मंत्र

# घर पर है बुरा साया या परेशान हैं राहु दोष से तो करें गोमूत्र के उपाय

हिंदू धर्म में गाय को माता कहा जाता है। ग्रंथों के अनुसार गाय में अनेक देवी-देवता निवास करते हैं इसलिए इसके गोबर और मूत्र को भी पवित्र कहा जाता है। महाभारत के अनुसार, गाय के गोबर और मूत्र में देवी लक्ष्मी निवास करती हैं। इसलिए पूजा-पाठ में भी गाय के गोबर और मूत्र का उपयोग किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. प्रफुल्ल भट्ट के अनुसार, ज्योतिष शास्त्र में भी गोमूत्र के अनेक उपाय बताए गए हैं, जिनसे अनेक समस्याओं का समाधान हो सकता है। ये उपाय बहुत आसान है। कोई भी व्यक्ति इन्हें आसानी से कर सकता है। जानिए कौन-से गोमूत्र के वो उपाय 1. अगर किसी घर में नेगेटिव एनर्जी यानी ऊपरी शक्ति का असर है तो वहां रोज सुबह-शाम गंगा जल में गोमूत्र मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। इससे बुरी शक्ति उस घर को छोड़कर जाती है। 2. घर में वास्तु दोष या किसी की नजर लगी तो भी गोमूत्र का छिड़काव करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। 3. जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु अशुभ स्थान पर हो, उसे रोज पानी में गोमूत्र की कुछ बूंदे मिलाकर नहाना चाहिए। इससे राहु का दोष कम हो सकता है। 4. अगर किसी व्यक्ति पर बुरी शक्ति का प्रभाव है तो उस पर भी गोमूत्र छिड़कना चाहिए या उसे गोमूत्र का तिलक लगाना चाहिए। 5. नए घर में प्रवेश करने से पहले वहां गोमूत्र छिड़कने से सभी प्रकार के दोषों का निवारण हो जाता है।

## पर्यटन



# सुबह की सैर करनी हो या पिकनिक मनानी हो, आइए दिल्ली के लोदी गार्डन

अगर आप दिल्ली की भीड़-भाड़ और शोर-शराबे से दूर एक शांत जगह पर जाना चाहते हैं और प्राकृतिक छटा भी निहारना चाहते हैं तो लोधी गार्डन काफी अच्छा विकल्प हो सकता है। यह दिल्ली के लोगों का पसंदीदा पिकनिक स्थल भी है। 90 एकड़ के क्षेत्र में फैला यह गार्डन भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है जिसमें लोधी और मुहम्मद शाह के दो महत्वपूर्ण मकबरे शामिल हैं। मकबरों के अलावा बगीचे में बड़ा गुम्बद और शीश गुम्बद भी स्थित है। सुबह यहां जॉगिंग करने वालों की भीड़ नजर आती है। बड़ी संख्या में लोग यहां व्यायाम और योग करने भी आते हैं। ऐसे प्रेमी जोड़े, जो भीड़-भाड़ से दूर अकेलेपन की तलाश में होते हैं, बड़ी संख्या में दिन के समय यहां आते हैं। यहां बेंच पर बैठ कर मूंगफली खाते हुए प्यार भरी बातें करना आखिर किसे नहीं सुहाएगा! यह स्थान बहुत खूबसूरत और शांतिपूर्ण है, घास, फूलों और छोटी झीलों की वजह से यह एक पिकनिक हॉटस्पॉट है और दिल्ली के लोगों के लिए सुबह की सैर के लिए एक बढ़िया स्थान है। इस पार्क में हर सुबह योग कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। लोधी गार्डन का ऐतिहासिक महत्वः लोधी रोड पर स्थित ये पार्क ऐतिहासिक दृष्टि से भी काफ़ी महत्वपूर्ण है, 90 एकड़ में फैले इस पार्क में कई मुगल शासकों के मक़बरे हैं जिसमें मोहम्मद शाह और सिकंदर लोदी के मक़बरे प्रसिद्ध हैं। सुबह-शाम स्थानीय लोग इस पार्क में टहलने के लिए आते हैं तो दोपहर होते-होते यहाँ प्रेमी-युगलों के अलावा पर्यटक भी आने लगते हैं। इस पार्क में मुगल शासकों के मकबरों के अलावा शीश-गुंबद और बड़ा-गुंबद भी है। लोधी गार्डन में लोधियों द्वारा 15वीं सदी की वास्तुकला का काम किया गया है, लोधी वे थे जिन्होंने उत्तरी भारत और पंजाब के कुछ हिस्सों पर और पाकिस्तान के नवीन युग के खैबर पख्तूनख्वा पर वर्ष 1451 से 1526 तक शासन किया था। अब इस स्थान को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षण प्राप्त है। ये गार्डन दिल्ली की खान मार्किट और सफदरजंग मकबरे के मध्य स्थित है।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस पहली 250 क्षमता वाली कॉन्फ्रेंस सुविधा, 4.41 करोड़ की लागत से बनेगा सभागार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शहर को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक बड़ा और बहुउद्देशीय सभागार मिलने जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने जिला पंचायत परिसर में 250 लोगों की क्षमता वाले अत्याधुनिक सभागार का शिलान्यास किया। यह सभागार 4 करोड़ 41 लाख 26 हजार रुपये (441.26 लाख रुपये) की लागत से बनाया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों के लिए तीन टाइप-4 आवासों के निर्माण की भी आधारशिला रखी गई, जबकि डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित नए कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन भी किया गया। प्रस्तावित सभागार को आधुनिक ऑडियो-वीडियो सिस्टम, आरामदायक बैठक व्यवस्था और बहुउद्देशीय उपयोग को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। यह शहर के सबसे आधुनिक सभागारों में शामिल होगा, जहां सरकारी बैठकों, विकास योजनाओं की समीक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनार,



राजनीतिक दलों की बैठकों और सामाजिक आयोजनों का संचालन आसानी से किया जा सकेगा। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका स्थान भी है। जिला पंचायत परिसर शहर के प्रशासनिक केंद्र में स्थित है। यहां से कलेक्ट्रेट, डीएम आवास, एसपी कार्यालय, विकास भवन, न्यायालय परिसर और पटेल चौराहा जैसे प्रमुख सरकारी कार्यालय कुछ ही दूरी पर हैं। ऐसे में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के लिए यह सभागार बेहद सुविधाजनक रहेगा। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल का भी उद्घाटन किया गया। यह हॉल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, वेबिनार और ऑनलाइन बैठकों के लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 171 युगल दांपत्य जीवन मे बंधे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी म्समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज ऑडीटोरियम में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में कुल 171 वैवाहिक जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एससीएसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत , पूर्व विधायक शरद अवस्थी, अमरीश रावत, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग एवं प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी, विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अथितियो ने नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। अतिथियों द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में योजना का संचालन किया जा रहा है इस योजना के कारण जिनकी गरीबी के कारण शादी नहीं हो पा रही थी ऐसी अब कोई भी वयस्क बेटी धनाभाव के कारण अविवाहित नहीं रहेगी, क्योंकि सरकार अब वंचित बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में करा कर पुनीत कार्य कर रही है। वर्तमान में मुख्यमंत्री द्वारा योजना का बजट 51 हजार रूपये से बढ़ाकर एक लाख रूपये करने के लिए जनपद तथा प्रदेश उनका आभारी है।

# बाराबंकी में शंकराचार्य की गौ-संरक्षण यात्रा का भव्य स्वागत आज कई विधानसभा क्षेत्रों से होकर निकलेगा धर्मयात्रा का कारवां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गौ माता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ जनपद पहुंचेंगे जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शांति पैलेस में आशीर्वचन**

बाराबंकी। सनातन संस्कृति, वैदिक परंपरा और गौ-संरक्षण का संदेश लेकर निकली जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की 81 दिवसीय 'गविष्टि' (गो-रक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्रा रविवार को बाराबंकी पहुंचेगी। जनपद में यात्रा के स्वागत को लेकर सनातन समाज, गौभक्तों और विभिन्न सामाजिक संगठनों में उत्साह का माहौल है। जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जगह-जगह स्वागत, पादुका पूजन और पुष्पवर्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देवा रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में यात्रा के जिला प्रभारी दंडी स्वामी श्री असंभव संभावनंद सरस्वती और पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव 'राजू' ने बताया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती देशभर में गौ माता को 'राष्ट्रमाता' घोषित कराने के लिए जनजागरण अभियान चला रहे हैं। यात्रा का उद्देश्य गौ-संरक्षण और संवर्धन के प्रति समाज को जागरूक करना तथा सरकार के समक्ष गौ माता को राष्ट्रीय माता का संवैधानिक दर्जा देने की मांग को मजबूती से उठाना है।

यात्रा का पहला पड़ाव हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में होगा, जहां गौतम रावत के नेतृत्व में स्वागत एवं पादुका पूजन किया जाएगा। इसके बाद देवीगंज स्थित श्री हनुमंत मंदिर, भिटरिया, जैदपुर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों और नगर के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालु शंकराचार्य का अभिनंदन करेंगे।

दोपहर दो बजे नगर के बड़ेल स्थित शांति पैलेस में मुख्य धार्मिक आयोजन



होगा। यहां पूर्व एमएलसी राजेश यादव, सदर विधायक सुरेश यादव, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि शंकराचार्य का स्वागत करेंगे। पूर्व एमएलसी राजेश यादव द्वारा पादुका पूजन किया जाएगा तथा 100 से अधिक बटुकों एवं साधु-संतों को अंगवस्त्र भेंट किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई है।

इसके बाद यात्रा कुर्सी विधानसभा क्षेत्र से होते हुए रामनगर पहुंचेगी, जहां लोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत मलौली स्थित श्री पंचमुखी हनुमत धाम दंडी सन्यासी आश्रम एवं जगतगुरूकुलम में यात्रा का समापन होगा। यहां भी भव्य स्वागत और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोजकों के अनुसार यात्रा में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, धर्माचार्य, गौभक्त और श्रद्धालु शामिल होंगे। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपने प्रवचनों के माध्यम से गौ-संरक्षण, सनातन संस्कृति और वैदिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देंगे। जनपद में इस धार्मिक यात्रा को लेकर व्यापक उत्साह देखा जा रहा है।

## टिकैतगंज से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा टिकैतगंज से शुक्रवार को बाबा बर्फानी (अमरनाथ) के पावन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया और उनकी सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। जत्थे में नीरज कुमार, आदेश यादव, रंजीत, आदित्य सहित दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु शामिल रहे। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से पूरा कस्बा भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर श्रीश रावत ने कहा कि बाबा बर्फानी की यात्रा आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

## बरायन में अन्नपूर्णा भवन का शुभारंभ, ब्लॉक प्रमुख रवि रावत ने कोटेदार को सौंपी भवन की चाभी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के विकासखंड हरख की ग्राम पंचायत बरायन में ग्रामीणों को एक नई सुविधा की सौगात मिली है। गुरुवार करीब 1 बजे यहां नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रवि रावत और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीष रावत ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख रवि रावत एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीष रावत ने विधिवत फीता काटकर अन्नपूर्णा भवन का शुभारंभ किया। इसके बाद भवन की चाबी कोटेदार सुनीता देवी को सौंपते हुए इसे जनसेवा के लिए समर्पित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अरविंद वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष दशरथ चौहान, महामंत्री आकाश गुप्ता, बूथ अध्यक्ष नंदकिशोर रावत, एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद यादव सहित विकासखंड के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रवि रावत ने कहा कि अन्नपूर्णा भवन के संचालन से सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाया जा सकेगा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## भारतीय वैदिक धर्माचार्य पुरोहित संस्थान का संकल्प समारोह 12 जुलाई को

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय वैदिक धर्माचार्य पुरोहित संस्थान (उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में ''संकल्प समारोह'' का आयोजन 12 जुलाई (रविवार) को प्रातः 11 बजे गांधी भवन सभागार, बस स्टॉप के निकट आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से संत-महात्मा, धर्माचार्य, वैदिक विद्वान एवं प्रबुद्धजन शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जनमानस में सकारात्मक चेतना का प्रसार करना है। कार्यक्रम में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर विचार-विमर्श होगा तथा समाजहित एवं राष्ट्रहित के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया जाएगा। संस्थान के संस्थापक पंडित अरविंद मिश्र ने जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों, धर्मप्रेमियों, युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## बाढ़ तैयारियों की समीक्षा, सतर्कता के निर्देश

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपजिलाधिकारी आनंद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बाढ़ तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में घाघरा तटीय क्षेत्रों में राहत एवं बचाव, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, नाव, दवाएं तथा पशु चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ सतर्कता बरतने और संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने के निर्देश दिए।

# धान के खेत में 'बीजेपी' लिखकर किसान ने खींचा लोगों का ध्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा, बाराबंकी। मानसून की बारिश के बाद क्षेत्र में धान की रोपाई पूरे जोर-शोर से चल रही है। इसी बीच एक किसान ने अपने खेत में धान की पौध से 'बीजेपी' लिखकर अनोखा संदेश दिया, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। पानी से लबालब भरे खेत में बने इन अक्षरों को देखने के लिए आसपास के किसान भी पहुंचने लगे। क्षेत्र के अधिकांश गांवों में किसान रोपाई में जुटे हैं और अच्छी बारिश के चलते इस वर्ष बेहतर उत्पादन की उम्मीद जता रहे हैं। खेतों में हरियाली लौटने से किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है।




# सरयू पर नए पुल के निर्माण की दिशा में मिट्टी परीक्षण शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर बढ़ते यातायात और लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए एनएचएआई ने सरयू-घाघरा नदी पर प्रस्तावित नए पुल के निर्माण की दिशा में मिट्टी परीक्षण शुरू कर दिया है।

विशेषज्ञों की टीम आधुनिक मशीनों से नदी के बीच मिट्टी की गुणवत्ता और भार वहन क्षमता की जांच कर रही है। प्रस्तावित पुल चार लेन सड़क परियोजना का हिस्सा होगा, जिससे बाराबंकी और बहराइच के बीच यातायात और अधिक सुरक्षित एवं सुगम होने की उम्मीद है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-



निर्देश

निंदूरा, बाराबंकी। जुलाई से सितंबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह, दस्तक अभियान एवं संभव अभियान के प्रभावी संचालन को लेकर विकासखंड निंदूरा परिसर में बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री फ़ेलो डॉ. अलकमा ने स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित संबंधित अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को सभी स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं से जोड़ने, कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान, एएनसी जांच, आयरन-फोलिक एसिड, विटामिन-ए, टेक होम राशन वितरण तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। बैठक के अंत में जनस्वास्थ्य संरक्षण की शपथ दिलाई गई और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# गढ़ी सतरही में प्रस्तावित उद्योग को लेकर किसानों ने उठाई आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**संयुक्त बैठक में भूमि अधिग्रहण, प्रदूषण और मुआवजे के मुद्दों पर अधिकारियों से मांगा जवाब**

हैदरगढ़ बाराबंकी विकास खंड हैदरगढ़ के ग्राम गढ़ी सतरही में प्रस्तावित औद्योगिक परियोजना को लेकर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में यूपीआईडा एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया और परियोजना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर अपनी आपत्तियां एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। बैठक के दौरान भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. हरी रामपाल ने किसानों की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि प्रस्तावित उद्योग आबादी से सटा हुआ है, जिससे क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों को प्रदूषण संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि उद्योग स्थापित होने से ध्वनि प्रदूषण और पर्यावरणीय प्रभाव का खतरा बढ़ेगा, जिसका सीधा असर कृषि और जनजीवन पर पड़ेगा। पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि प्रस्तावित स्थल के 10 किलोमीटर के दायरे में कोई वन क्षेत्र नहीं है। इस पर किसानों ने आपत्ति जताते हुए टीकाराम धाम क्षेत्र के जंगल तथा सराय निरहू के जंगल का उल्लेख किया और अधिकारियों से इस संबंध में स्पष्ट जानकारी मांगी। किसानों ने ध्वनि प्रदूषण के मानकों तथा आबादी से उद्योग स्थापित किए जाने की न्यूनतम दूरी के संबंध में भी सवाल उठाए। किसानों का आरोप था कि अधिकारी इन प्रश्नों का संतोषजनक और स्पष्ट उत्तर नहीं दे सके। बैठक में किसानों ने भूमि के सर्किल रेट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। किसानों का कहना था कि वर्ष 2015 से 2026 तक संबंधित पांच गांवों के सर्किल रेट में कोई वृद्धि नहीं की गई, जबकि आसपास के गांवों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। किसानों के अनुसार वर्ष 2010 में सर्किल रेट लगभग 8 लाख रुपये था, जो वर्ष 2015 तक बढ़कर 17 लाख रुपये हुआ। वहीं आंदोमऊ में 22 लाख, बम्हरौली में 20 लाख, सतरही में 20 लाख, घरकोइया में 22 लाख तथा बहरामपुर में 22 लाख रुपये तक सर्किल रेट निर्धारित किया गया, लेकिन प्रभावित गांवों के किसानों को इसका लाभ नहीं मिला। किसानों ने मांग की कि अधिग्रहण से बची लगभग 86 हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित रखा जाए तथा शेष भूमि पर ही उद्योग स्थापित किया जाए। इसके अलावा जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उनके प्रत्येक परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग भी उठाई गई। किसानों का कहना था कि संबंधित व्यक्ति की योग्यता और शैक्षिक स्तर के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराया जाए। बैठक में यशोधर, माताबदल, नान बाबू, रामतीरथ, महेश, दुरई तिवारी, शिवमंगल, अब्दुल रहमान, दीन मोहम्मद, आनंद सिंह, राजन सिंह (प्रधान) सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो वे आगे व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे।

# चाइनीज़ मांझे पर सख्ती, राज्य कर विभाग ने व्यापारियों के साथ की अहम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझे (शीशा लेपित डोरी) के निर्माण, बिक्री एवं उपयोग पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य कर विभाग के खंड कार्यालय नानपारा में शुक्रवार को व्यापारियों के साथ एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में उच्च न्यायालय, लखनऊ के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने पर विशेष बल दिया गया तथा व्यापारियों से प्रतिबंधित मांझे का कारोबार पूरी तरह बंद रखने की अपील की गई।

बैठक में उपायुक्त राज्य कर ऋषिकेश यादव एवं अमित अग्रवाल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चाइनीज़ मांझा मानव जीवन, पक्षियों तथा विद्युत लाइनों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। इसे देखते हुए उच्च न्यायालय द्वारा इसके निर्माण, विक्रय



एवं उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में प्रतिबंधित शीशा लेपित डोरी का भंडारण, बिक्री अथवा वितरण न करें तथा आमजन को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। अधिकारियों ने कहा कि न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने भी प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझे की बिक्री न करने तथा प्रशासन के निर्देशों का पूर्ण पालन करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल नानपारा के अध्यक्ष सुहेल अहमद, प्रकाश वीर गुप्ता, राम प्रताप गुप्ता सहित व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# घाघरा का बढ़ता जलस्तर बाढ़ सुरक्षा की पहली परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। घाघरा नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच तपेशिपाह और कोरिनपुरवा के पास 1.5 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए बाढ़ सुरक्षा कार्य की पहली परीक्षा शुरू हो गई है। नदी का पानी कटानरोधी जियो बैग, एसी बैग और परकोपाइन तक पहुंच गया है। बाढ़ खंड विभाग द्वारा करीब 450 मीटर क्षेत्र में सुरक्षा कार्य कराया गया है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ग्रामीणों ने हर वर्ष होने वाले कटान पर चिंता जताई, जबकि विभाग ने आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त



सुरक्षा उपाय करने का आश्वासन दिया।

# 'क्लीन स्वीप' से बचने के लिए खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा भारत को

एजेंसी

साउथम्प्टन। ब्रिटेन के दौरे में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को अगर इंग्लैंड के खिलाफ 'क्लीन स्वीप' से बचना है तो उसे शनिवार को यहां होने वाले पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में भारतीय टीम की यात्रा आयरलैंड के बेलफास्ट के उमस भरे और हवादार मौसम से शुरू हुई। इसके बाद टीम ने उत्तरी इंग्लैंड के डरहम शहर में समय बिताया और अब वह दक्षिणी शहर साउथम्प्टन में पांच मैचों की श्रृंखला का आखिरी मैच खेलेगी। इस श्रृंखला का पहला मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। ब्रिटेन के छह शहरों (बेलफास्ट सहित) में एक बात समान रही है, किस्मत का अय्यर का साथ नहीं देना। कप्तान बनने के बाद उन्हें अब भी अपनी पहली जीत की तलाश है। भारतीय टीम के 2006 में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद से यह सबसे लंबा अंतराल है जबकि वह कोई मैच नहीं जीत पाई। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए दूसरे मैच को छोड़कर भारतीय टीम ने खेल के हर विभाग में लचर प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में भारत अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन रवि बिश्नोई के 17वें ओवर ने भारत को जीत से दूर कर दिया। नॉटिंघम में भारत ने अब तक का सबसे खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन किया और टीम 76 रन पर आउट हो गई। ब्रिस्टल में खेले गए चौथे मैच में टीम प्रत्येक विभाग में नाकाम रही। अब भारतीय टीम प्रतिष्ठा बचाने के लिए मैदान पर उतरेगी। अय्यर का कट्टर प्रशंसक उनकी कप्तानी के शुरुआती दिनों में 0-4 की शर्मनाक हार से बेहतर 1-3 की हार को ही स्वीकार कर लेगा। जोफ्रा आर्चर और जोश टंग की तेज गति की गेंदों का सामना न कर पाने से भारतीय टीम प्रबंधन निश्चित रूप से चिंतित होगा। इन दोनों के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सैम कुरेन ने भी भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया है। वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा के चोट के कारण बाहर होने और रवि बिश्नोई के एक ओवर में 29 रन देने के बाद उनकी वापसी की बहुत कम संभावना को देखते हुए भारत के पास गेंदबाजी विभाग में बहुत कम विकल्प रह गए हैं। बल्लेबाजी विभाग में भारतीय टीम प्रबंधन वैभव सूर्यवंशी को लंबे समय तक मौका देना चाहेगा, भले ही शॉर्ट-पिच गेंदों के सामने उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। संजू सैमसन को यहां अंतिम एकादश और जिम्बाब्वे दौरे की टीम से बाहर किए जाने से हर कोई हैरान और नाखुश है। उन्हें खराब फॉर्म में चल रहे तिलक वर्मा को बाहर किए जाने से ही अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। ऐसा करने पर इशान किशन और अय्यर दोनों को एक-एक स्थान नीचे आना पड़ेगा। किशन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें नीचे भेजने से टीम को खास मदद नहीं मिलेगी। इंग्लैंड के लिए न केवल तेज गेंदबाजों बल्कि उसके स्पिनर विल जैक्स, आदिल राशिद और लियाम डॉसन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है।



# ब्रुक की नजरें 4-0 से सूपड़ा साफ करने के साथ टी20 रैंकिंग में इंग्लैंड को शीर्ष पर पहुंचाने पर

एजेंसी

ब्रिस्टल। भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के बाद इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने स्वीकार किया कि उन्हें इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के इतने एकतरफा होने की उम्मीद नहीं थी, ऐसे में उसका लक्ष्य अंतिम मुकाबला जीतकर 'क्लीन स्वीप' करने के साथ मौजूदा विश्व चैंपियन को इस प्रारूप की रैंकिंग के शीर्ष स्थान से हटाना है। श्रृंखला का पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। चौथे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड ने 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज एक विकेट खोकर जीत दर्ज की। कप्तान ब्रुक ने आक्रामक अंदाज में 35 गेंदों पर नाबाद 79 रन बनाए, जबकि फिल सॉल्ट ने 42 गेंदों पर नाबाद 59 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 146 रन की अटूट साझेदारी कर इंग्लैंड को नौ विकेट से आसान जीत दिलाई। श्रृंखला का अंतिम मुकाबला शनिवार को साउथम्प्टन में खेला जाएगा। इंग्लैंड अगर इसमें भी जीत दर्ज करता है तो वह भारत को पछाड़कर आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लेगा। ब्रुक ने बृहस्पतिवार को मैच के बाद कहा, ''अगर हम दुनिया की नंबर एक टीम बन जाते हैं और इंग्लैंड (फुटबॉल विश्व कप में) सेमीफाइनल तक पहुंचता है, तो यह हमारे लिए बेहद शानदार उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा, '' हमें बताया गया है कि अगला मैच जीतते ही हम शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच जाएंगे और यह निश्चित रूप से हमारा बड़ा लक्ष्य है। ब्रुक ने कहा, ''भारत बेहद मजबूत टीम है। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस श्रृंखला में यह टीम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से थोड़ा पीछे रही है, लेकिन हमें खुशी है कि हमने अपनी योजनाओं को शानदार ढंग से अमल में उतारा।'' इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो भारत जैसी टीम को 4-0 से हराना बेहद विशेष उपलब्धि होगी और इसके साथ दुनिया की शीर्ष रैंकिंग की टीम बनना इसे और भी यादगार बना देगा। इंग्लैंड के कप्तान ने माना कि उन्हें भारत के खिलाफ इतनी आसान सफलता की उम्मीद नहीं थी। ब्रुक ने कहा, ''हमारी सीमित ओवरों की टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हमने लगातार बेहतरीन क्रिकेट खेली है और विभिन्न परिस्थितियों तथा पिचों के अनुरूप खुद को अच्छी तरह ढाला है। विश्व कप में भी हमारा प्रदर्शन शानदार रहा था। वानखेड़े में बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हम जीत के बेहद करीब पहुंच गए थे। उन्होंने कहा, ''अभी एक मैच बाकी है। उम्मीद है कि हम उसे जीतकर दुनिया की नंबर एक टीम बनेंगे और भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ यादगार श्रृंखला अपने नाम करेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### सूर्यवंशी को मौका देना भावनात्मक रूप से सही, लेकिन संजू को बाहर करना तर्कहीन: पार्थिव

**नयी दिल्ली।** संजू सैमसन की जगह वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टी20 टीम में शामिल किए जाने की बहस को आगे बढ़ाते हुए पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने कहा कि इस युवा बल्लेबाज को टीम में जगह देना भावनात्मक रूप से सही फैसला है, लेकिन इसके लिए सीनियर बल्लेबाज को टीम से बाहर करना तर्कहीन है। पटेल ने यह भी स्वीकार किया कि अतीत में सैमसन को प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रखने के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में उन्हें बाहर करने का कोई कारण नजर नहीं आता है। पटेल ने जियोस्टार से कहा, ''हमेशा संजू सैमसन को ही क्यों बाहर किया जाता है। अगर आप पिछले 11-12 सालों में संजू सैमसन के करियर को देखें तो एक चीज शुरू से उनका पीछा कर रही है और वह है उनके खेल में निरंतरता का अभाव। उन्होंने कहा, ''या तो उस खिलाड़ी को बाहर किया जाता है जो तेजी से रन नहीं बना पा रहा हो या फिर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा हो। आप भावनाओं और तर्क दोनों के आधार पर फैसले नहीं ले सकते। इसलिए वैभव सूर्यवंशी को मौका देना भावनात्मक रूप से सही फैसला था। पार्थिव ने कहा, ''लेकिन अगर तर्क की बात करें तो यह सवाल उठता है कि संजू सैमसन को क्यों बाहर किया गया। लेकिन मुझे लगता है कि यह फैसला भावनात्मक आधार पर लिया गया। इस साल के टी20 विश्व कप में टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सैमसन लगातार तीन मैचों में नाकाम रहे जिसमें उन्होंने कुल मिलाकर छह रन बनाए। इसके बाद उनकी जगह पर 15 वर्षीय सूर्यवंशी को टीम में शामिल किया गया। यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज अब तक आईपीएल जैसा कमाल नहीं दिखा पाया है। सूर्यवंशी ने आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाए थे। भारत मौजूदा श्रृंखला में अभी इंग्लैंड से 0-3 से पीछे है। यह पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड ने भारत से टी20 श्रृंखला जीती है।

### यह स्वीकार करना चुनौतीपूर्ण है कि हम विदेशी धरती पर अच्छा नहीं खेल पाते : टेन डोइशे

**ब्रिस्टल।** भारत के सहायक कोच रियान टेन डोइशे का मानना है कि मौजूदा टी20 चैम्पियन टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह स्वीकार करने की है कि विदेशी धरती पर वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते और उन्हें अलग अलग माहौल के अनुकूल खुद को जल्दी ढालने की प्रक्रिया समझनी होगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दोनों मैच हारने वाली भारतीय टीम को पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे मैच में नौ विकेट से हराकर इंग्लैंड ने 3 . 0 की विजयी बढत ले ली। टेन डोइशे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' हमने खुद को ढालने के बारे में काफी बात की। यह कहना आसान है कि हमें ढलना चाहिये लेकिन हमें प्रक्रिया को समझना होगा कि इसके लिये क्या करना जरूरी है। उन्होंने कहा ,'' मनोवैज्ञानिक और मानसिक तौर पर चुनौती यह है कि इस टीम को समझना होगा कि हम विदेशी हालात में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे। खिलाड़ियों को यह भी समझना होगा कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया में विश्व कप होना है। उन्होंने कहा ,'' क्या हम ऐसी टीम चाहते हैं जो भारत में 250 रन बना डाले और ईडन गार्डंस पर 80 मीटर का छक्का लगाये या ऐसी टीम जो मैनचेस्टर या साउथम्प्टन या एमसीजी पर अलग हालात में भी अच्छा खेले। टेन डोइशे ने कहा ,'' इन स्थानों पर हम चाहते हैं कि टीम अच्छा खेले। क्या हम ये सामंजस्य बिठाने के लिये मानसिक तौर पर तैयार हैं। यह मानसिक चुनौती है और खिलाड़ियों को इसका सामना करना होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड और आयरलैंड में तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर जूझती नजर आई। भारत की सपाट पिचों पर बेहतरीन खेलने वाले बल्लेबाज वहां नहीं चले। टेन डोइशे ने कहा ,'' जोफ्रा आर्चर और जोश टंग बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हम उस तरह से खुद को ढाल नहीं सके जिसकी बात मैं कर रहा हूं। जरूरी नहीं है कि जो भारत में काम कर रहा है, वही तरीका विदेश में भी काम करे। उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरे पर सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर रन बना रहे हैं जो विश्व कप टीम में नहीं थे। उन्होंने कहा ,'' अधिकांश खिलाड़ी विश्व कप विजेता टीम में थे। सिर्फ श्रेयस नहीं था जो काफी रन बना रहा है। हमें इन मैचों से सबक लेकर खिलाड़ियों पर विश्वास बनाये रखना होगा। उन्होंने देश के लिए जो कुछ भी किया है, उसे देखते हुए उन्हें आगे बढ़ने का मौका देना होगा।''

### एशियाई खेलों में भारत की 20 सदस्यीय टीम की कमान सलीमा टेटे को

**नयी दिल्ली।** अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के दौरान भारत की 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की कमान संभालेंगी। सलीमा की कप्तानी में ही भारत ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप में अपराजेय रहकर खिताब जीतने के साथ प्रो लीग में वापसी की थी। भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा ,'' हमारे पास ऐसी टीम में जिसमें जूनियर, अनुभवी खिलाड़ियों और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है जो लगातार एक दूसरे के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये प्रयास करते हैं। पद्मश्री से नवाजी गई सविता और बिछू देवी खारीबम टीम में दो गोलकीपर होंगी।वहीं डिफेंस में सुशीला चानू, इशिका चौधरी और ज्योति के साथ एफआईएच नेशंस कप के जरिये सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली लालथांटलुआंगी और शिल्पी डबास को मौका दिया गया है। मिडफील्ड का जिम्मा सलीमा के साथ निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिटा टोप्पो, नेहा और दीपिका सोरेंग पर रहेगी। फॉरवर्ड पंक्ति में लालरेम्सियामी, रूतुजा पिसाल, नवनीत कौर, बलजीत कौर और नेशंस कप में सर्वाधिक छह गोल करने वाली दीपिका हैं। मारिन ने कहा ,'' इस समूह ने साबित कर दिया है कि वे फॉर्म में हैं और फिट भी। हमें यकीन है कि यह टीम एशियाई खेलों की चुनौती के लिये तैयार है। एशियाई खेलों के लिये भारतीय टीम : गोलकीपर : सविता, बिछू देवी खारीबम, डिफेंडर : इशिका चौधरी, सुशीला चानू, लालथांटलुआंगी, ज्योति , शिल्पी डबास, मिडफील्डर : सलीमा , निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिटा टोप्पो, नेहा और दीपिका सोरेंग, फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, रूतुजा पिसाल, नवनीत कौर, बलजीत कौर, दीपिका, इशिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश जून में 26 प्रतिशत बढ़कर 28,973 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच इक्विटी यानी शेयर में निवेश से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं में जून के दौरान शुद्ध निवेश 26 प्रतिशत बढ़कर 28,973 करोड़ रुपये रहा। म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। हालांकि, बॉन्ड आधारित योजनाओं से 1.09 लाख करोड़ रुपये की निकासी के कारण जून में म्यूचुअल फंड उद्योग से कुल 52,949 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी दर्ज की गई।

# तीरंदाजी विश्व कप: धीरज और कीर्ति कांस्य पदक प्ले ऑफ में, भारतीय रिकर्व टीमें हारीं

एजेंसी

मैड्रिड। धीरज बोम्मादेवरा और कीर्ति शर्मा ने रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक प्ले ऑफ में जगह बनाई लेकिन भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमें तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में अपनी ऊंची वरीयता के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाईं और बृहस्पतिवार को यहां अमेरिका से हारकर दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। पिछले महीने अंताल्या विश्व कप में कुमकुम मोहोद के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाले धीरज ने पहली बार कीर्ति के साथ जोड़ी बनाते हुए पहले नीदरलैंड को 6-2 और फिर जापान को 5-3 से हराया लेकिन इस दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ 3-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। कांस्य पदक के प्ले ऑफ में अब उनका सामना इटली से होगा। कंपाउंड वर्ग में पृथिका प्रदीप और साहिल जाधव की मिश्रित जोड़ी शूट ऑफ में मिगुएल बेसेरा और जिमेना एस्ट्राडा की मैक्सिको की जोड़ी के खिलाफ 153-153 (19-20) से हार गई। अनुभवी और चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी दूसरे दौर में बाहर हो गईं जबकि एशियाई खेलों की टीम में शामिल यशदीप भोगे शुरुआती दौर में ही हार गए। पुरुष और महिला वर्गों में बाकी छह तीरंदाज अपने-अपने व्यक्तिगत वर्ग में बने हुए हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में पहले ही एक पदक पक्का कर लिया है क्योंकि महिला टीम फाइनल में पहुंच गई है। धीरज बोम्मादेवरा, नीरज चौहान और यशदीप भोगे की दूसरी वरीय पुरुष रिकर्व टीम का प्रदर्शन सातवीं वरीय अमेरिकी टीम के खिलाफ खराब रहा और भारतीय टीम सीधे सेट में 0-6 (53-56, 55-59, 56-58) से हार गई। कई बार के ओलंपिक पदक विजेता ब्रैडी एलिसन की अगुवाई वाली अमेरिकी तिकड़ी ने शुरुआत से ही दबाव बनाया क्योंकि भारत शुरुआती सेट में सात और आठ के स्कोर के साथ लड़खड़ा गया। इसके बाद अमेरिकी टीम ने छह तीरों में से पांच बार परफ़ेक्ट 10 का स्कोर करके 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली और फिर एक और शानदार प्रदर्शन के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। दूसरी ओर अंकिता भकत, कीर्ति और कुमकुम की महिला टीम को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद अमेरिकी टीम के खिलाफ 2-6 (52-52, 54-55, 54-54, 51-56) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। व्यक्तिगत वर्ग में भारत के पास अच्छे मौके हैं जहां अंताल्या विश्व कप चैंपियन धीरज को दूसरी वरीयता मिली है और वह आठवें वरीय वाले नीरज चौहान और 26वें वरीय अनुभवी अतनु दास के साथ राउंड ऑफ 32 से शुरुआत करेंगे। महिला वर्ग में उभरती हुई तीरंदाज कीर्ति को चौथी वरीयता मिली है। वह कुमकुम (14वीं) और अंकिता भकत (15वीं) के साथ राउंड ऑफ 32 से शुरुआत करेंगी।



# एमबाप्पे 'गोल्डन बूट' की दौड़ मेस्सी के साथ बराबरी पर

फॉक्सबोरो (अमेरिका)। काइलियन एमबाप्पे फ्रांस की विश्व कप क्वार्टर फाइनल में मोरक्को पर 2-0 की जीत से 'गोल्डन बूट' की दौड़ में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी की बराबरी पर पहुंच गए हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक आठ आठ गोल किए हैं। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे हैं। एमबाप्पे ने हालांकि तीन गोल करने में मदद की है, जबकि मेस्सी ने एक बार ही ऐसा किया है। एमबाप्पे विश्व कप के अपने करियर में अब तक 20 गोल कर चुके हैं और वह मेस्सी के रिकॉर्ड 21 गोल से केवल एक गोल पीछे हैं। 'गोल्डन बूट' हासिल करने की दौड़ में इन दोनों को नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड (सात गोल), इंग्लैंड के हेरी केन (छह) और फ्रांस के ओस्मान डेम्बले (पांच) से कड़ी चुनौती मिल रही है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना चांदी के भाव में बड़ी गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज सोना 1,220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव 720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गए हैं। चांदी की बात करें, तो इस चमकीली धातु की कीमत में आज शुरुआती कारोबार के दौरान 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,44,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,45,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,410 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,45,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,33,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,44,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# केंद्र सरकार ने चीनी ट्यूब और पाइप पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी जनवरी, 2027 तक बढ़ाई

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने चीन से आयातित कुछ सीमलेस ट्यूब और पाइप पर लागू डंपिंग रोधी शुल्क को जनवरी, 2027 तक के लिए बढ़ा दिया है।

वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस बावत एक अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें बताया गया है कि सस्ते आयात से घरेलू विनिर्माताओं की सुरक्षा के लिए चीन से आयातित कुछ सीमलेस ट्यूब तथा पाइप पर लगाए गए डंपिंग रोधी शुल्क की अवधि बढ़ाई गई है। अधिसूचना के मुताबिक लोहे, मिश्रधातु या गैर-मिश्रधातु इस्पात के सीमलेस ट्यूब, पाइप और खोखले प्रोफाइल पर यह शुल्क पहली बार 28 अक्टूबर, 2021 को पांच वर्ष के लिए लगाया गया था। मौजूदा डंपिंग रोधी शुल्क 961.33 डॉलर से 1,610.67 डॉलर प्रति टन के बीच है। इसके तहत चीन से आने वाले या वहां से निर्यात होने वाले आयरन, अलॉय या नॉन-अलॉय स्टील के सीमलेस ट्यूब, पाइप और होलो प्रोफाइल पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने की अवधि को बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा सीबीआईसी ने मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका से निर्यात किए जाने वाले 'नॉर्मल ब्यूटानॉल' या 'एन-ब्यूटिल अल्कोहल' के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क को भी पांच वर्ष तक जारी रखने की घोषणा की है। इसका उपयोग रसायन, पेंट, चिपकाने वाले पदार्थ (एडहेसिव) और कोटिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। डंपिंग रोधी उपाय निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने और घरेलू उद्योग को समान प्रतिस्पर्धी अवसर उपलब्ध कराने के लिए किए जाते हैं।



# भारत ने ब्रिटेन से वाहन आयात पर एफटीए के तहत शुल्क कोटा लाभ लेने की प्रक्रिया को अधिसूचित किया

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत रियायती सीमा शुल्क पर वाहनों के आयात का रास्ता साफ करते हुए कोटा आधारित शुल्क रियायत का लाभ लेने के लिए आयातकों की मंजूरी प्रक्रिया अधिसूचित कर दी है। यह व्यवस्था 15 जुलाई, 2026 से लागू होगी।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 9 जुलाई को जारी सार्वजनिक सूचना में कहा, '' भारत-ब्रिटेन (सीईटीए) के तहत कोटा आधारित शुल्क दर (टीआरक्यू) के आवंटन की प्रक्रिया अधिसूचित की जाती है।'' इस अधिसूचना के मुताबिक आयातित खेप की सीमा शुल्क निकासी के समय भारत में आयातक को ब्रिटेन के संबंधित प्राधिकरण द्वारा जारी मूल प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन) प्रस्तुत करना होगा। डीजीएफटी की अधिसूचना के मुताबिक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के तहत भारत दोनों पक्षों के लिए निर्धारित कोटा के साथ मोटर वाहन आयात पर शुल्क को लगभग 110 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करेगा। भारत इस व्यापार समझौते के लागू होने के पहले 15 वर्ष के दौरान ब्रिटेन से पारंपरिक इंजन वाले यात्री वाहनों की 3.78 लाख इकाइयों के आयात की रियायती सीमा शुल्क पर अनुमति देगा। अधिसूचना के मुताबिक डीजीएफटी ने कहा, '' केवल ब्रिटेन में विनिर्मित वाहनों के मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) अथवा उनके विधिवत अधिकृत डीलर/चैनल पार्टनर ही टीआरक्यू के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।'' व्यापार महानिदेशालय ने यह भी कहा कि पात्रता के लिए प्रत्येक आवेदक को ब्रिटेन स्थित वाहन विनिर्माता (ओईएम) द्वारा जारी पूर्व-क्रय समझौता प्रस्तुत करना होगा। इसमें टीआरक्यू वर्ष के दौरान आपूर्ति की जाने वाली वाहनों की संख्या का उल्लेख होगा। डीजीएफटी ने कहा, 'इन आयातों के लिए वर्ष का अर्थ भारत में एक जनवरी से 31 दिसंबर तक की कैलेंडर अवधि होगा। डीजीएफटी जारी किए गए टीआरक्यू प्रमाणपत्रों की संचयी संख्या पर निगरानी रखेगा। निर्धारित टीआरक्यू सीमा पूरी होने के बाद कोई टीआरक्यू प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा।'' ये प्रमाणपत्र अधिकतम 12 महीने या कैलेंडर वर्ष की समाप्ति तक, जो भी पहले हो, वैध रहेंगे। डीजीएफटी ने कहा, ''टीआरक्यू के तहत आयात करने वाले आयातक रियायती सीमा शुल्क का लाभ अंतिम खरीदार या उपभोक्ता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।'' ब्रिटेन से भारत में आयात के लिए पारंपरिक इंजन वाले यात्री वाहनों का कोटा पांचवें वर्ष में विभिन्न श्रेणियों में बढ़कर 37,000 इकाई हो जाएगा। इसके साथ ही सीमा शुल्क क्रमिक रूप से घटकर अंतिम रूप से 10 फीसदी रह जाएगा। इसके बाद शुल्क में और कोई कटौती नहीं होगी। अधिसूचना के मुताबिक पहले वर्ष में 3,000 सीसी से अधिक (पेट्रोल) और 2,500 सीसी से अधिक (डीजल) इंजन क्षमता वाली कारों का कोटा 10,000 इकाई होगा। इन पर सीमा शुल्क 110 फीसदी से घटाकर 30 फीसदी किया जाएगा। 1,500 सीसी (पेट्रोल), 2,500 सीसी (डीजल) और 3,000 सीसी (पेट्रोल) इंजन क्षमता वाली कारों के लिए कोटा 5,000 इकाई होगा और इन पर शुल्क 66 फीसदी से घटाकर 50 फीसदी किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय के जारी दस्तावेज के अनुसार, 1,500 सीसी तक की इंजन क्षमता वाले जन बाजार (मास मार्केट) श्रेणी की कारों के लिए समझौते के पहले वर्ष में 5 हजार इकाइयों के आयात की अनुमति होगी और इन पर सीमा शुल्क 66 फीसदी से घटाकर 50 फीसदी किया जाएगा। समझौते के पहले वर्ष में इन तीनों श्रेणियों में कुल 20 हजार यात्री कारों के आयात की अनुमति होगी। भारत ने 40,000 ब्रिटिश पाउंड (सीआईएफ) से कम कीमत वाले वाहनों के लिए अपना बाजार नहीं खोला है। इससे बड़े पैमाने के बाजार वाले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड को पूर्ण संरक्षण मिलेगा, जिसमें भारत टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी घरेलू कंपनियों के माध्यम से वैश्विक नेतृत्व हासिल करना चाहता है।



# वेणुगोपाल ने राम मंदिर चढ़ावा मामले की न्यायिक जांच की मांग उठाई

एजेंसी

देहरादून। कंग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित मामले की उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्यों की 'डबल इंजन' सरकारों की नीतियों से जनता में नाराजगी है। उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे के समापन पर शुक्रवार को प्रदेश कंग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में वेणुगोपाल ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, पूर्व विधायकों और विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया है। उन्होंने दावा किया कि कंग्रेस पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी और जीत के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप



लगाया कि उत्तराखंड में भाजपा के दस वर्षों के शासन में बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। डबल इंजन सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। कंग्रेस युवाओं और आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। वेणुगोपाल ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे प्रकरण का उल्लेख करते हुए इसकी निष्पक्ष जांच उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश की निगरानी में कराने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि इस मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ धाम में सोना चोरी और चढ़ावा मामला भाजपा सरकार की असलीयत को सामने ला दिया है।

उत्तराखंड कंग्रेस के प्रभारी कुमारी शैलजा ने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और संगठन पदाधिकारियों से अलग-अलग बैठक कर राजनीतिक स्थिति और चुनावी तैयारियों पर विस्तृत फीडबैक लिया गया है। उन्होंने दावा किया कि कंग्रेस नहीं, बल्कि भाजपा आंतरिक गुटबाजी से जूझ रही है और भ्रष्टाचार, महंगाई और जनहित के मुद्दों पर जनता सरकार से नाराज है। उन्होंने आरोप लगाया कि आस्था के नाम पर अनियमितताएं हो रही हैं और विभिन्न मामलों में जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर भी सवाल भी उठ रहे हैं। उन्होंने दलितों, महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धामी सरकार कानून व्यवस्था में विफल साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि कंग्रेस नेता राहुल गांधी 17 जुलाई को उत्तराखंड का दौरा पर आएंगे, जहां युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना जनआंदोलन जारी रखेगी।

# बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने बदला उम्मीदवार



एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को बिहार के बांकीपुर विधानसभा और मध्यप्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी। बांकीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा ने अपना उम्मीदवार बदल दिया है। शुक्रवार को भाजपा ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने बिहार में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 07 जुलाई को घोषित अभिषेक कुमार के स्थान पर नीरज कुमार सिन उम्मीदवार होंगे। इस सीट पर गुरुवार को अभिषेक कुमार ने नामांकन भी भर दिया था। वहीं, मध्यप्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार आशुतोष तिवारी पूर्व में मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। पार्टी ने उनके संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ को देखते हुए इस महत्वपूर्ण उपचुनाव में उन पर भरोसा जताया है। जबकि इस सीट पर राज्य के पूव गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की दावेदारी मानी जा रही थी। वे पिछला चुनाव हार गए थे। उल्लेखनीय है कि बांकीपुर और दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव 30 जुलाई को होने है। इसके लिए नामांकन भरने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। नतीजे 3 अगस्त हो आएंगे।

## पेज एक का शेष

### रामभक्तों...

धर्म पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने देगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले कानून व्यवस्था इतनी खराब थी कि बहू बेटियां घर से बाहर निकलने में डरती थीं। व्यापारी का व्यापार सुरक्षित नहीं थी, लेकिन अब प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है और अपराध करने वालों को सही जगह पहुंचा दिया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री और बस्ती जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, एमएलसी सुभाष यदुवंश, गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला, विधायक अजय सिंह, विधायक दूधराम, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, पूर्व विधायक रवि सोनकर, पूर्व विधायक सीपी शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष यशकांत समेत स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हरैया विधानसभा में इन प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास

मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय (पीएमश्री) का निर्माण, सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण संपर्क मार्ग, पर्यटन विकास, छात्रावास निर्माण, नगर पंचायत हरैया में गौशाला व अमृत सरोवर निर्माण और सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं। लोकार्पण वाली प्रमुख परियोजनाओं में राजकीय पालिटेक्निक हरैया, राजकीय महाविद्यालय भवन, अनेक प्रमुख मार्गों का निर्माण व चौड़ीकरण, सिंचाई एवं बाढ़ सुरक्षा कार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छात्रावास, पर्यटन विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।

कप्तानगंज विधानसभा में इन प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास

शिलान्यास के तहत गोटवा-ऊंजी मार्ग, ललहवा-बाबा राम निहाल दास मार्ग, पैकोलिया-शिवाघाट मार्ग के चौड़ीकरण, बाबा भारी नाथ शिव स्थल के पर्यटन विकास, ग्रामीण संपर्क मार्ग और सिंचाई परियोजनाएं प्रमुख हैं। यहां नगर पंचायत कप्तानगंज के कार्यालय भवन, वेलकम मंडप, विभिन्न ग्रामीण संपर्क मार्ग, सड़क चौड़ीकरण, पर्यटन विकास, स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण और सिंचाई की योजनाओं का लोकार्पण किया।

अयोध्या में योगी आदित्यनाथ ने दी विकास कार्यों की सौगातबस्ती पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या जिले की बीकापुर विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने यहां 432 करोड़ रुपए लागत की 217 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किया। विकास खंड सोहावल के पास, अयोध्या में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न योजना के लाभार्थियों को चेक व स्वीकृति पत्र वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्था का दिखावा करने वाले दलों पर रामनगरी में कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाई थी, लेकिन क्या सपा, कंग्रेस या अन्य सरकारें जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ करवा पाएंगी। यदि नहीं करा पाएंगी तो हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप क्यों कराया गया था? आस्था का दिखावा कर रहे लोगों ने यह पाप किया था, जबकि भाजपा ने अयोध्या को सनातन धर्म की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित किया।

मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में 432 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर अयोध्या के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने यहां पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण भी किया और लोकार्पण व शिलान्यास वाली तमाम योजनाओं का जिक्र कर इनका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया। मां ज्वाला के नाम पर होगी खिरौनी-सुचित्तागंज नगर पंचायत, भदरसा नगर पंचायत अब भरतनगर भरतकुंड होगा मुख्यमंत्री ने कहा कि बीकापुर विधायक ने पिछली बार ग्राम पंचायत खिरौनी-सुचित्तागंज को नगर पंचायत बनवाया था। अब उनकी मांग पर यह नगर पंचायत मां ज्वाला देवी के नाम पर होगी। समाजवादी पार्टी का असली चरित्र सभी ने देखा होगा,जब इनके नमूने चेयरमैन ने भदरसा में गुस्ताखी की थी। भदरसा नगर पंचायत अब भरतनगर भरतकुंड होगा। भाई-भाई का संबंध भरत जी से सीखिए। 14 वर्ष तक भरतकुंड के पास रहकर उन्होंने भगवान राम की आज्ञा का पालन किया। भगवान राम की चरण पादुकाएं अयोध्या का संचालन कर रही थीं। भरत जैसा भाई मिलना मुश्किल है,लेकिन अयोध्या में राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न जैसे भाई हुए। चारों दिशाओं में अयोध्या की पहचान आज भी मौजूद है।

सक्रिय जनप्रतिनिधि से आते हैं सकारात्मक परिणाम मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो तो नियंता भी साथ देता है। प्रभु राम और पवनसुत के आशीर्वाद से सभी कार्य अपने आप बढ़ते हैं। बीकापुरवासियों ने अच्छा विधायक चुना तो विकास दौड़ता दिखाई देता है। जैसे अयोध्या का वैभव देश में चरम पर दिखाई देता है, वैसे ही बीकापुर में भी विकास की योजनाएं दिखाई दे रही हैं। सक्रिय जनप्रतिनिधि जब विकास में रूचि लेते हैं तो परिणाम वैसे ही सकारात्मक आते हैं, जैसे आज अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, गोसाईगंज, रुधौली में दिखाई दे रहे हैं।

कभी विकास से वंचित थी अयोध्या

सीएम ने कहा कि 19 जून को हमने रुदौली में विकास योजनाओं की सौगात दी थी। पहले जो असंभव था, वह इन जनप्रतिनिधियों के कारण संभव हो पाया। लंबे समय तक सड़क, बिजली, पानी नहीं मिलने से अयोध्या उपेक्षित होने के साथ विकास से वंचित रहती थी। व्यवस्था न होने से श्रद्धालु मां सरयू का आशीर्वाद लेने में विफल रहता था, लेकिन अब मां सरयू की पवित्र धारा अयोध्या को अभिसिंचित करती है। तीनों लोकों से न्यारी हो गई अयोध्या मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अब वैभवशाली और तीनों लोकों से न्यारी है। गलियां चमक रही हैं, लाइट भी रहती है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या पीएम मोदी के विजन के अनुरूप सोलर सिटी बन गई है। नए घाट से लेकर गुप्तार घाट तक घाटों की श्रृंखला है। सीएम ने सभी का आह्वान किया कि कभी उपेक्षित रहे गुप्तार घाट में अब परिवार के साथ घूमने जाइए। हमने सूरजकुंड का पुनरुद्धार किया। स्थानीय विधायक के प्रस्ताव पर भरतकुंड का सौंदर्यीकरण भी हो रहा है।

सपा-कंग्रेस कुछ नहीं कर सकीं तो अयोध्या के विरोध में जुटीं

सीएम ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग एयरपोर्ट के नाम पर गुमराह करते थे, लेकिन अब महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है। अयोध्या सभी शहरों के साथ जुड़ गई है। सपा व कंग्रेस वाले कुछ नहीं कर पाए, इसलिए अयोध्या का विरोध कर रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने निषादराज के नाम पर रैनबसेरा और मां शबरी के नाम पर भोजनालय बनवाकर समरसता फैलाई। हरिद्वार में हरि की पैड़ी की तरह ही अयोध्या में राम की पैड़ी दिख रही है। रोज सरयू मैया की आरती होती है। सपा जिस वक्फ के नाम पर श्रृंग्वेरपुर में कब्जा करा रही थी, भाजपा सरकार ने वहां भगवान राम व निषादराज के मिलन की भव्य प्रतिमा व स्मारक बनाया है। सपा के लोग जाकर देखें कि श्रृंग्वेरपुर सौंदर्यीकरण की नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया है।

सपा-कंग्रेसने बाधा पहुंचाई, डबल इंजन सरकार आई तो राम मंदिर बन गया

सीएम ने कहा कि कंग्रेस व सपा ने मंदिर निर्माण में बाधाएं डालीं, राम के नाम पर प्रश्न खड़ा किया। रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, लेकिन डबल इंजन सरकार आई तो राम मंदिर बन गया। अयोध्या आने वाला हर व्यक्ति अब अभिभूत होकर जाता है। भक्ति पथ, धर्मपथ, रामपथ, जन्मभूमिपथ अयोध्या की पहचान बन रहे हैं। सिंगल लेन की जगह अब फोरलेन व सिक्स लेन हैं। एयर, रेल व रोड कनेक्टिविटी अयोध्या को नई पहचान दिला रही है। बीकापुर, रुदौली, मिल्कीपुर व गोसाईगंज को भी लाभ प्राप्त हो रहा है।

देश-दुनिया में अयोध्या व प्रदेशवासियों को मिल रहा सम्मान

सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने मर्यादा के दायरे में रहकर अनवरत कार्य किया। 2017 के पहले लोग शक की निगाहों से देखते थे, लेकिन आज अयोध्या और प्रदेशवासी देश-दुनिया में जहां भी जाते हैं तो उन्हें सम्मान मिलता है। अयोध्या में अब विकास व विरासत का अद्भुत समन्वय हो रहा है। जो 500 वर्ष में नहीं हो पाया, अयोध्या अब वह करके दिखा रही है। संतों, राजाओं, युवराजों समेत समाज के प्रत्येक तबके ने रामजन्मभूमि मुक्ति के लिए संघर्ष किया। जो कहते थे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता, वे देख लें कि अयोध्या में दर्शन करने लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं।

विपरीत परिस्थितियों में जूझने का जज्बा अयोध्या की पहचान

सीएम ने विपरीत मौसम में उमड़े जनसैलाब के प्रति आभार जताया। कहा कि कल-परसों से यहां अनवरत वर्षा हो रही है। मुझे शंका थी कि बारिश के कारण यहां लोग आ पाएंगे या नहीं, लेकिन मौसम की चुनौती के बीच भी लोग आए, क्योंकि विपरीत परिस्थितियों में जूझने का जब्बा ही अयोध्या की पहचान है।

इस अवसर पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र यादव, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व विधायक शोभा सिंह चौहान, गोरखनाथ बाबा, इंद्रप्रताप तिवारी 'खब्बू', भाजपा के जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। बीकापुर के विधायक डॉ.अमित सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया।

### यूपी ...

फील्ड पर निकल कर प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों से संवाद बना कर अधिकारी हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएं। मुख्यमंत्री ने घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

मौसम विभाग के अनुसार आज 46 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आस पास के क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, तखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, औरैया व आस-पास के क्षेत्रों में येलो अलर्ट है।

### वंदे मातरम ...

ईमानदारी, उत्कृष्ट कार्य संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण के रूप में प्रतिदिन हमारे आचरण में दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे वंदे मातरम् के शाश्वत संदेश और सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए एक एकजुट, आत्मविश्वासी और समावेशी भारत के निर्माण के लिए अपने संकल्प को और मजबूत करें। इस अवसर पर भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान द्वारा वंदे मातरम् की यात्रा विषयक स्थायी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया तथा सरदार पटेल की राष्ट्र एकता, एकीकरण और भारतीय संघीय व्यवस्था संबंधी दृष्टि पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ भी हुआ।

### ईडी...

गया। इस फर्जीवाड़े का मकसद निर्यात प्रोत्साहन का लाभ लेना और काले धन को सफ़ेद करना था। अब तक इस मामले में अरोड़ा की 55 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी अटैच की जा चुकी है।

ईडी की ओर से अदालत में मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ दायर की गई चार्जशीट में तीन बड़े खुलासे भी हुए हैं। इनमें पहला खुलासा 150 करोड़ रुपये का दिखावटी कारोबार है। आईफोन की कथित बिक्री का कुल टर्नओवर 150 करोड़ रुपये से अधिक का दिखाया गया। दूसरा खुलासा है कि दुबई की कंपनी खुद के बिजनेस में निवेशक दिखाई गई है। 100 करोड़ से ज्यादा के आईफोन दुबई की एक कंपनी को भेजने की बात कही गई। जांच में यह सामने आया कि वही कंपनी मंत्री संजीव अरोड़ा की रियल एस्टेट फर्म में निवेशक भी है। तीसरा खुलासा यह है कि आईफोन खरीद दिखाने वाली कई कंपनियां शेल और अस्तित्व में ही नहीं हैं। इन कंपनियों ने बिना कोई सामान दिए फर्जी इनवायस दे दिए।

ईडी की ओर से कहा गया है कि शेल कंपनियां, काल्पनिक खरीदारों और सर्कुलर फंडिंग से फर्जी एक्सपोर्ट नेटवर्क तैयार किया गया। नकली कागजों के आधार पर दुबई में आईफोन की खेप भेजी गई। सरकारी रिफंड में 16 करोड़ की हेराफ़ेरी का भी आरोप है। इसमें 87 करोड़ रुपये एक्सपोर्ट रेमिटेंस और 16 करोड़ रुपये आईजीएसटी व ड्यूटी ड्रा बैक रिफंड शामिल है। ईडी की ओर से चार्ज शीट में यह भी कहा गया है कि जिस आईसीआईसीआई बैंक के खाते में एक्सपोर्ट के नाम पर 100 करोड़ रुपये से अधिक जमा हुए, उसके हस्ताक्षरकर्ता संजीव अरोड़ा ही थे। यानी वे खुद ही साइनिंग अथॉरिटी थे।

### भारत...

कराया जा चुका है, जो भारत के पारंपरिक ज्ञान पर आधारित थे। यह समझौता भारत की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत की रक्षा करने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग को भी और मजबूत करेगा। इस समझौते के तहत अब ऑस्ट्रेलिया का पेटेंट कार्यालय भारत के टीकेडीएल डेटाबेस का उपयोग कर सकेगा। जब भी किसी नई दवा, उपचार या पारंपरिक ज्ञान से जुड़े पेटेंट के लिए आवेदन आएगा तो अधिकारी पहले टीकेडीएल में जांच करेंगे कि यह जानकारी पहले से भारत के पारंपरिक ज्ञान का हिस्सा तो नहीं है। यदि ऐसा पाया जाता है तो उस पर नया पेटेंट नहीं दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि टीकेडीएल भारत का एक विशेष डिजिटल डेटाबेस है, जिसे वर्ष 2001 में सीएसआईआर और आयुष मंत्रालय ने मिलकर तैयार किया था। इसका उद्देश्य आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और सोवा रिग्पा जैसी भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और ज्ञान को सुरक्षित रखना तथा उन पर गलत तरीके से पेटेंट दिए जाने से रोकना है। इस डेटाबेस में 5.2 लाख से अधिक पारंपरिक नुस्खे और उपचार पद्धतियां दर्ज हैं। इन्हें अंग्रेज़ी, जर्मन, फ्रेंच, जापानी और स्पेनिश जैसी भाषाओं में भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि दुनिया भर के पेटेंट परीक्षक इन्हें आसानी से समझ सकें।

### उत्तर प्रदेश...

हल्की बारिश का पूर्वानुमान लगाया था लेकिन यहां पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश के बाद आज मौसम साफ रहा और लोगों को फिर से उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा।

पिछले 24 घंटे में उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में बहुत भारी बारिश (21 सेमी) दर्ज की गई। पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मेघालय, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार और हरियाणा में बहुत भारी बारिश (12-20 सेमी), पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल भारी बारिश (7-11 सेमी) दर्ज की गई।

पूर्वी मध्य प्रदेश में 60-80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी आई जबकि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना सहित अन्य राज्यों की कुछ जगहों पर चलने वाली हवा की रफ्तार 40-60 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। इससे यहां के लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ।

### राम मंदिर...

योगी आदित्यनाथ भी कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि जांच में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

शांता कुमार ने कहा कि किसी आपराधिक घटना के लिए पूरी राजनीतिक पार्टी को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कंग्रेस की सरकार है, लेकिन राज्य में होने वाले सभी अपराधों की जिम्मेदारी सीधे कंग्रेस पर नहीं डाली जा सकती। इसी तरह राम मंदिर चढ़ावा चोरी को भाजपा की साजिश बताना भी तथ्यहीन है।

उन्होंने विपक्ष से अपील करते हुए कहा कि यदि जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की कमी है तो उसे सामने लाकर सुधार के सुझाव दिए जाएं, लेकिन बिना प्रमाण भाजपा पर आरोप लगाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरा देश आहत है और सभी चाहते हैं कि दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा मिले।

शांता कुमार ने कहा कि विपक्ष को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय जांच में सहयोग करना चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने भाजपा पर लगाए जा रहे आरोपों को महा झूठ और महा बकवास करार देते हुए कहा कि ऐसे बयान जनभावनाओं को आहत करने वाले हैं।

### सेनाध्यक्ष...

को मजबूत बनाने की दिशा में सेनाओं की लगातार कोशिशों का भी आकलन किया। उन्होंने देश बनाने, स्थानीय समुदाय से जुड़ने और इलाके में शांति और स्थिरता बनाए रखने में इलाके में तैनात यूनिट्स और सेनाओं के योगदान की तारीफ की।

जनरल धीरज सेठ ने भारतीय सेना के सभी रैंक और सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के जवानों की उनके परिचालन उत्कृष्टता, व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता के लिए तारीफ की। उन्होंने उनसे ऑपरेशन के लिए तैयार रहने, नेशन फर्स्ट की सोच और विकसित भारत 2047 के विज़न के हिसाब से एक्सीलेंस के लिए कोशिश करते रहने की अपील की। उन्होंने नियंत्रण रेखा (एलओसी) और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात नॉर्दर्न कमांड के अंतर्गत 14वीं कोर (लेह), 15वीं कोर (श्रीनगर) और 16वीं कोर (नगरोटा) के जवानों से मुलाकात भी की।

### हमलों ...

जारी है। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका ने गुरुवार को हालात को शांत करने की कोशिश की। परमाणु समझौते तक पहुंचने के लिए तकनीकी स्तर की बातचीत जारी है। मध्यस्थों ने बुधवार को ईरान और अमेरिका के नेतृत्व से फोन पर बातचीत भी की। इस समय दोनों पक्षों के बीच तनाव कम करने पर सहमति बनाने और फिर तकनीकी टीमों के बीच बातचीत के अगले दौर के लिए तारीख तय करने के लिए बड़े पैमाने पर कूटनीतिक कोशिशें की जा रही हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व अमेरिकी मरीन कॉर्प्स अधिकारी डैन ग्रेजियर का कहना है कि इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने की पूरी संभावना है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्थानीय समयानुसार गुरुवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी कदमों के बारे में जानकारी दी। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय की एक्स पर साझा की गई पोस्ट में कहा गया, ''आज शाम दोनों नेताओं के बीच एक और बातचीत हुई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच लगातार तालमेल बनाए रखने पर सहमति बनी।

### उप्र...

द्वितीय से प्रबंध निदेशक मध्याचंल विद्युत वितरण निगम बनाया गया हैं। परीक्षित खटाना को मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ से अपर आयुक्त राज्य कर गौतमबुद्ध नगर, राकेश कुमार पटेल को अपर आयुक्त लखनऊ मंडल से मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़, रेणु तिवारी को विशेष सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा सचिव रज्य महिला आयोग को विशेष सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है।

इनके अलावा जग प्रवेश को नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन से विशेष सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु प्रवर्तन विभाग, ओजस्वी राज को मुख्य विकास अधिकारी बलिया से नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन, आलोक कुमार एडीएम (वि/रा) से मुख्य विकास अधिकारी बलिया। अजय कुमार गौतम को मुख्य विकास अधिकारी इटावा से अपर आयुक्त राज्य कर गाजियाबाद प्रथम, संजय कुमार सिंह को एडीएम (प्रशासन) से मुख्य विकास अधिकारी इटावा, प्रतीक्षारत मनिकंदन ए को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद और डा. वंदना वर्मा को विशेष सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग तथा संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम को संयुक्त प्रबंध निदेशक सहकारी चीनी मिल्स संघ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# मुख्यमंत्री ने 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में 1,423.94 करोड़ रूपये की राशि का किया हस्तांतरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। 'मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 1,423.94 करोड़ रूपये की राशि का हस्तांतरण किया। इसके तहत तीनों राज्य पेंशन योजना में माह जून 2026 तथा तीनों एनएसएपी पेंशन योजना में माह मई एवं जून, 2026 की राशि सम्मिलित है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी तथा सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी जुड़े हुये थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए घोषणा की कि अब प्रत्येक माह की 10 तारीख को 'बिहार पेंशन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राज्य के सभी पात्र पेंशनधारियों के बैंक खातों में पेंशन की राशि प्रत्येक महीने की 10 तारीख को डीबीटी के माध्यम से पहुंच जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य के 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में 1,423.94 करोड़ रूपये की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सफलतापूर्वक हस्तांतरित की गई है। इस अवसर पर सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को बधाई देता हूँ। यह सरकार की पारदर्शी, जवाबदेह एवं तकनीक आधारित जनकल्याणकारी व्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, बुजुर्ग, दिव्यांग एवं समाज के वंचित वर्गों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर कार्यक्रम तथा पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम के अवसर पर लोगों से संवाद कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी के पात्र लाभार्थी छूटे नहीं, इसके लिये अभियान चलायें। जिनका आधार कार्ड लिंक नहीं है उनका आधार जल्द लिंक करायें। उन्होंने कहा कि पेंशन वितरण समयबद्ध, पारदर्शी और शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को सम्मानपूर्वक सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नितिन गडकरी से मांडी रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अपील की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर दक्षिण दिल्ली के मांडी रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने और इसके विकास का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंपने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि लगभग 8.8 किलोमीटर लंबा मांडी रोड दिल्ली-एनसीआर का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सड़क गलियारा है। यह छतरपुर मेट्रो स्टेशन के निकट महरौली-गुरुग्राम रोड (एनएच-148ए) को दिल्ली-हरियाणा सीमा पर गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड से जोड़ता है। यह मार्ग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और पड़ोसी आर्थिक केंद्रों गुरुग्राम और फरीदाबाद के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी के रूप में कार्य करता है तथा अंतर-राज्यीय यातायात के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि यूनिफाइड ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सेंटर (यूटीटीआईपीईसी) की गवर्निंग बॉडी ने 27 सितंबर 2023 को आयोजित 68वीं बैठक में मांडी रोड के महत्व को मान्यता देते हुए इसके चौड़ीकरण और व्यापक विकास के प्रस्ताव का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि मांडी रोड के रणनीतिक महत्व, मौजूदा और भावी यातायात मांग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-148ए के साथ इसके सीधे संपर्क को देखते हुए इस सड़क को एनएचएआई के दायरे में लाने पर विचार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि मांडी रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर इसके विकास की जिम्मेदारी एनएचएआई को सौंपी जाए ताकि इसके विकास के लिए एकीकृत योजना बनाई जा सके, समान इंजीनियरिंग मानकों को अपनाया जा सके और इस महत्वपूर्ण कॉरिडोर का समयबद्ध उन्नयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस पहल से प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करने वाले यात्रियों को बेहतर और अधिक सुगम यातायात सुविधा मिलेगी। साथ ही दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था और मजबूत होगी और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी से सकारात्मक विचार करने का आग्रह करते हुए इस मामले को आगे बढ़ाने में उनके निरंतर सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की।

# उत्तर रेलवे के 680 रूट किलोमीटर पर 206 करोड़ रुपये की लागत से लगेगी 'कवच 4.0' प्रणाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने रेल सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के रेवाड़ी-दिल्ली तथा शकूरबस्ती-बठिंडा खंडों सहित उनसे जुड़ी फीडर ब्रांच लाइनों के कुल 680 रूट किलोमीटर (आरकेएम) पर स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच संस्करण 4.0' स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 206 करोड़ रुपये की लागत आएगी। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह परियोजना भारतीय रेलवे की 'कवच' प्रणाली को पूरे देश में लागू करने की चल रही योजना का हिस्सा है। इसका उद्देश्य ज्यादा ट्रैफ्रिक वाले और रणनीतिक रूप से अहम रूटों पर इस स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली का विस्तार करना है। इसके माध्यम से रेल सुरक्षा को आधुनिक तकनीक के जरिए नई मजबूती प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 'कवच' भारत में विकसित स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) प्रणाली है। इसका उद्देश्य 'सिग्नल पास्ड एट डेंजर' (एसपीएडी) की घटनाओं और ट्रेन टक्करों को रोकना है। यह प्रणाली ट्रेनों की आवाजाही पर लगातार निगरानी रखती है और आवश्यकता पड़ने पर स्वतः ब्रेक लगाकर दुर्घटनाओं की संभावना को कम करती है। मंत्रालय ने कहा कि रेवाड़ी-दिल्ली तथा शकूरबस्ती-बठिंडा रेल खंडों पर 'कवच 4.0' की स्थापना से रेल सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके साथ ही परिचालन दक्षता बढ़ेगी, ट्रेन संचालन की विश्वसनीयता मजबूत होगी और यात्री एवं मालगाड़ियों का संचालन अधिक तेज, सुरक्षित तथा प्रौद्योगिकी आधारित बन सकेगा।

# इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का भाजपा में विलय, मुकेश गोयल समेत 15 सदस्य हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ। शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के संयोजक मुकेश गोयल समेत पार्टी के 15 सदस्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने सभी पार्षदों को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के संयोजक मुकेश गोयल, हेमचंद तथा अन्य पार्षदों का भाजपा परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चार इंजन की सरकार कार्य कर रही है। ऐसे में इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का भाजपा में विलय पूरी दिल्ली के लिए शुभ संकेत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता सुख भोगने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा की सेवा करने का मंच है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ दिल्ली के निर्माण तथा भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस मौके पर दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी से असंतुष्ट होकर पिछले वर्ष कुछ पार्षदों ने अलग होकर मुकेश गोयल के नेतृत्व में इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का गठन किया था। अब उनका भाजपा परिवार में शामिल होना पार्टी की विचारधारा और विकास कार्यों पर विश्वास का प्रतीक है। साथ ही दिल्ली में जलभराव की स्थिति पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि हाल की दो बारिशों के दौरान राजधानी में कहीं भी अधिक जलभराव की समस्या देखने को नहीं मिली। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम ने मानसून से पहले व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं और बरसात के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के भाजपा में शामिल पार्षदों के नामः मुकेश गोयल, हेमचंद गोयल, देवेंद्र कुमार, मनीषा जसवीर कराला, उषा शर्मा, अनिल राणा, दिनेश भारद्वाज, बॉबी किन्नर, रोनाक्षी शर्मा, अशोक पांडे, साहिब कुमार, राखी यादव, राजेश लाड़ी, हिमानी जैन, कमल भारद्वाज और लीना कुमारी।

# पंजाब को सुरक्षा, विकास सुशासन की नयी दिशा चाहिए, मान सरकार हर मोर्चे पर विफलः तरुण चुघ

अमृतसर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद तरुण चुघ ने कहा है कि पंजाब को सुरक्षा, विकास और सुशासन की नयी दिशा की आवश्यकता है, जबकि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा सहित हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है।

पार्टी की यहां शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नयी दिल्ली में पंजाब भाजपा के प्रवक्ता प्रो. सरचांद सिंह ख्याला और आलमबीर सिंह संधू ने श्री चुघ से मुलाकात की। बैठक में पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और संगठन मंत्री निवसुलु के नेतृत्व में प्रदेश में संगठन को मजबूत करने, पंजाब के विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमावर्ती राज्य की चुनौतियों, किसानों की समस्याओं, युवाओं के भविष्य, बढ़ते नशे और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# अमृतसर में सीमा पार से जुड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 8.378 किग्रा हेरोइन, दो लाख रुपये बरामद

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार संचालित नशा तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 8.378 किलोग्राम हेरोइन और दो लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी एक सीमा पार बैठे तस्कर के निर्देश पर काम कर रहे थे। उनका काम विभिन्न स्थानों से हेरोइन की खेप एकत्र कर उसे पंजाब के अलग-अलग इलाकों में आगे पहुंचाना था। इस मामले में अमृतसर के छेहरटा और इस्लामाबाद पुलिस थानों में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

# ट्रैफिक पुलिस का बड़ा अभियानः छह महीने में 48 लाख से ज्यादा चालान, आठ सड़कें बनीं सिग्नल-फ्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित, स्मार्ट और सुगम बनाने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस वर्ष कई बड़े कदम उठाए हैं। सड़कों पर जाम कम करने से लेकर सिग्नल-फ्री कॉरिडोर विकसित करने, आधुनिक तकनीक के जरिए चालान करने, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने और आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने तक कई मोर्चों पर काम किया गया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का दावा है कि इन प्रयासों से राजधानी में यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर 48,42,953 चालान जारी किए गए हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 47,52,173 थी। इसके अलावा रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन और ओवर स्पीड वायलेशन डिटेक्शन जैसी तकनीक आधारित प्रणालियों के माध्यम से 17,21,221 ई-चालान जारी किए गए। खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के मामलों में 2,187 एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। यात्रा का समय कम करने और जाम से राहत दिलाने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने राजधानी में आठ प्रमुख मार्गों को सिग्नल-फ्री बनाने में अहम भूमिका निभाई। इनमें छह कॉरिडोर उत्तरी रेंज और दो पूर्वी रेंज में विकसित किए गए हैं। इन मार्गों पर अनावश्यक ट्रैफिक सिग्नल हटाए गए, यू-टर्न की व्यवस्था की गई, अवैध मीडियन कट बंद किए गए और चौराहों का पुनर्गठन किया गया। इससे ट्रैफिक का प्रवाह बेहतर हुआ और लोगों की यात्रा अधिक सुगम बनी। एनएसपी से रिठाला मेट्रो स्टेशन और विकास मार्ग (लक्ष्मी नगर से कड़कड़ी मोड़) जैसे मार्गों पर इसका सकारात्मक असर साफ दिखाई देने लगा है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, एनएचएआई, डीएमआरसी और डीटीसी जैसी एजेंसियों के साथ मिलकर शहर के कई संवेदनशील ट्रैफिक प्वाइंट पर सुधार कार्य कराए। आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित ढांचा और अतिरिक्त बस बे बनाए गए। मजनू का टीला में फुट ओवरब्रिज बदला गया। खजूरी फ्लाईओवर से डीटीसी बसों का डायवर्जन किया गया। अधचिनी गांव और आश्रम चौक पर बस स्टैंड स्थानांतरित किए गए। आईएसबीटी आनंद विहार में पिक-अप और ड्रॉप ज़ोन तथा अतिरिक्त बस पार्किंग की व्यवस्था की गई। वहीं कालिंदी कुंज पर फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इन कदमों से कई स्थानों पर ट्रैफिक दबाव कम हुआ है। उल्लेखनीय है कि तीनअप्रैल को उपराज्यपाल के मार्गदर्शन में शुरू किए गए प्रोजेक्ट संगम के तहत दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने आरडब्ल्यूए और मार्केट वेलफ़ेयर एसोसिएशनों के साथ मिलकर स्थानीय ट्रैफिक समस्याओं का समाधान शुरू किया।

# न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई, दो वारंटी गिरफ्तार, एक की संपत्ति कुर्क

किशनगंज। पौआखाली थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य मामले में न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी मामलों में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पौआखाली थानाध्यक्ष शंखराज कर्ण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पौआखाली थाना कांड संख्या 74/2017 एवं जी.आर. संख्या 1923/2017 से संबंधित गैर-जमानती वारंटी विजयलाल गणेश, पिता हरिलाल गणेश, निवासी पेटभरी को गिरफ्तार कर थाना लाया। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में लंबित मामले में वांछित था। इसी क्रम में जी.आर. संख्या 896/2020 से संबंधित मामले में गैर-जमानती वारंटी बबलू, पिता आनंद, निवासी कठारो, थाना पौआखाली को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा स्पेशल केस संख्या 307/17 (सीआईएस संख्या 911/17) में माननीय न्यायालय द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 83 के तहत जारी आदेश के आलोक में भातगांव निवासी मैडम बेसरा, पिता चुन्नू मुर्मू के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई। पुलिस ने न्यायालय के निर्देशानुसार विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्रवाई पूरी की। पौआखाली थाना पुलिस ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन, फरार आरोपितों की गिरफ्तारी तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत से उत्तराखंड में सीएसआर निवेश बढ़ाने का किया आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उद्योग जगत से राज्य की विकास यात्रा में सहभागी बनने और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत उत्तराखंड में अधिक निवेश करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र की भागीदारी से राज्य के समग्र एवं सतत विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित 'उत्तराखंड सीएसआर डायलॉग' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में सीएसआर के तहत किया गया योगदान विशेष महत्व रखता है। उन्होंने राज्य में कार्यरत औद्योगिक समूहों से अपने सीएसआर फंड का अधिकतम उपयोग उत्तराखंड में ही करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि राज्य के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का साझा संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान कौशल विकास, सड़क सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए तथा कई नई परियोजनाओं की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक एवं पर्यावरणीय परिस्थितियां अन्य राज्यों से अलग हैं। ऐसे में राज्य को ऐसा विकास मॉडल चाहिए जो रोजगार सृजन, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करे। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में कॉरपोरेट जगत का अनुभव और संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। धामी ने कहा कि वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य को 3.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित 30 से अधिक उद्योग समर्थक नीतियां लागू कर निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और पारदर्शी व्यवस्था का लाभ उद्योगों को मिल रहा है। सरकार उत्तराखंड को देश के अग्रणी निवेश अनुकूल राज्यों में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग पर प्रशासन अलर्ट संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रुद्रप्रयाग। जिले में विगत कई दिनों से हो रही वर्षा व मौसम विभाग द्वारा जारी भारी वर्षा की चेतावनी के बाद श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित व सुचारु संचालन करने के लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशों के क्रम में यात्रा मार्ग के समस्त संवेदनशील एवं भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का सेक्टर अधिकारियों, पुलिस, आपदा प्रबंधन तथा प्रशासनिक टीमों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इससे संबंधित अधिकारियों ने शुक्रवार को भी यात्रा से जुड़े सभी संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। प्रशासनिक टीमें सोनप्रयाग, गौरीकुंड से लेकर केदारनाथ धाम तक संपूर्ण यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। यात्रा मार्ग में यात्रियों, स्थानीय नागरिकों तथा दुकान संचालकों को मौसम की स्थिति एवं संभावित जोखिमों के संबंध में जागरूक करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी जा रही है। इसी क्रम में सुरक्षा की दृष्टि से श्री केदारनाथ धाम स्थित संगम घाट क्षेत्र में मौजूद यात्रियों को तत्काल वहां से सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया। यह कार्रवाई संभावित भारी वर्षा एवं नदी के जलस्तर में वृद्धि की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए पूर्णतः एहतियातन की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। जिला प्रशासन ने यात्रा मार्ग के विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है व पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ एवं अन्य संबंधित विभागों की टीमें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें। जनपद वासियों एवं यात्रियों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा यात्रा को सुरक्षित बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063